

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,शनिवार 20 सितंबर 2025 ■ आश्विन कृष्ण पक्ष-13 ■ वर्ष -41 ■ अंक-174 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 21 सितंबर 2025 ■ मूल्य-2.00 रुपये



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### छत्तीसगढ़ का लाल मणिपुर में शहीद

**रायपुर/मणिपुर ।** 19 सितंबर की शाम मणिपुर के बिष्णुपुर जिले के नाम्बोल सबाल लेइकाई में अज्ञात हथियारबंद अपराधियों ने असम राइफल्स के जवानों पर हमला किया। हमला तब हुआ जब उनका टाटा 407 वाहन इम्फाल से बिष्णुपुर की ओर आ रहा था। इस हमले में दो असम राइफल्स के जवान शहीद हुए – छत्तीसगढ़ के 29 वर्षीय राइफलमैन जीडी कशव और नेपाल के 58 वर्षीय नायब सूबेदार श्याम गुरुङ। इसके अलावा पांच अन्य जवान घायल हो गए, जिन्हें तुरंत रिम्स, इम्फाल में इलाज के लिए पहुंचाया गया। मणिपुर पुलिस ने इस हिंसक कृत्य की कड़ी निंदा की है। घटना स्थल पर अतिरिक्त सुरक्षा बल भेजे गए हैं और आसपास के क्षेत्रों में सर्च और कॉम्बिंग ऑपरेशन जारी है ताकि हमलावरों का पता लगाया जा



### धर्मस्थल का 'नरकंकाल' रहस्य गहराया, 2 और खोपडिय़ां मिलने से सनसनी

**बेंगलुरु ,20 सितंबर ।** कर्नाटक के बहुचर्चित धर्मस्थल सामूहिक दफन मामले में रहस्य और भी गहरा गया है। मामले की जांच कर रही विशेष जांच दल को गुरुवार को तलाशी अभियान के दौरान दो और मानव खोपडिय़ां मिली हैं। इसके साथ ही पिछले दो दिनों में बरामद खोपडिय़ों की कुल संख्या सात हो गई है, जिससे पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। शुरुआती जांच में अधिकारियों ने इन मौतों के आत्महत्या से जुड़े होने की आशंका जताई है, जो मामले के शुरुआती दावों से बिल्कुल अलग है। एसआईटी सूत्रों के अनुसार, पुलिस, वन विभाग और एंटी-नक्सल फोर्स की संयुक्त टीम ने दक्षिण कन्नड़ जिले के बंगलगुद्दा रिजर्व फॉरेस्ट के घने जंगली इलाके में करीब 12 एकड़ में यह तलाशी अभियान चलाया। बुधवार को पांच खोपडिय़ां बरामद हुई थीं, जबकि गुरुवार को दो और मिलीं। अधिकारियों ने बताया कि ये खोपडिय़ां मध्यम आयु वर्ग के पुरुषों की प्रतीत होती हैं और अवशेष लगभग एक साल पुराने हो सकते हैं। मौके से अन्य मानव अवशेषों के साथ एक लाठी भी बरामद हुई है।

### 808 गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों का रजिस्ट्रेशन खत्म


**नई दिल्ली ,20 सितंबर ।** चुनाव आयोग ने गैर-मान्यता प्राप्त पंजीकृत राजनीतिक दलों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए 474 दलों का पंजीकरण रद्द कर दिया है। इससे पहले अगस्त में भी आयोग ने 334 दलों का रजिस्ट्रेशन समाप्त किया था। इस तरह, केवल दो महीनों के भीतर कुल 808 राजनीतिक दलों का पंजीकरण खत्म किया जा चुका है। जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के अनुसार, किसी भी पंजीकृत राजनीतिक दल को चुनावी प्रक्रिया में भाग लेना अनिवार्य है। यदि कोई दल लगातार 6 साल तक चुनावों से दूर रहता है, तो उसका पंजीकरण रद्द कर दिया जाता है। चुनाव आयोग ने इन्हीं नियमों के तहत यह कार्रवाई की है।

गौरतलब है कि पंजीकृत राजनीतिक दलों को टैक्स छूट समेत कई तरह की रियायतें मिलती हैं। कई दल बीते 6 वर्षों से चुनाव नहीं लड़ रहे थे, लेकिन फिर भी इन रियायतों का लाभ उठा रहे थे। ऐसे दलों पर अब आयोग ने शिकंजा कस दिया है। चुनाव आयोग ने 2019 के बाद से ही ऐसे निष्क्रिय दलों के खिलाफ अभियान तेज कर दिया था। इसी कड़ी में पहले दौर की कार्रवाई 9 अगस्त को हुई थी, जबकि दूसरा चरण 18 सितंबर को पूरा किया गया। अब तक कुल 808 दल पंजीकरण से बाहर हो चुके हैं।

# विश्वबंधु की भावना से आगे बढ़ रहा भारत: मोदी

**भावनगर,20 सितंबर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को गुजरात के भावनगर में 'समुद्र से समृद्धि' कार्यक्रम में 34,200 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। समुद्री क्षेत्र की पहल के तहत, पीएम मोदी ने इंदिरा डॉक में मुंबई इंटरनेशनल क्रूज़ टर्मिनल सहित 7,870 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। उन्होंने श्यामा प्रसाद मुखर्जी पोर्ट, कोलकाता में एक नए कंटेनर टर्मिनल और संबंधित सुविधाओं की आधारशिला भी रखी। इस दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि ये कार्यक्रम तो भावनगर में हो रहा है, लेकिन ये कार्यक्रम पूरे हिंदुस्तान का है। पूरे भारत में समुद्र से समृद्धि से जाने की ओर हमारी दिशा क्या है, उसके लिए आज इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम का केंद्र भावनगर को चुना गया है। गुजरात और भावनगर के लोगों को बहुत बहुत बधाई। उन्होंने कहा कि 17 सितंबर को आप सबने अपने नरेन्द्र भाई को जो शुभकामनाएं भेजी हैं, देश और दुनिया से जो मुझे शुभकामनाएं मिली हैं... व्यक्तिगत तौर पर सबका धन्यवाद करना संभव नहीं है, लेकिन भारत के कोने-कोने से, विश्वभर से ये जो प्यार मिला है, आशीर्वाद मिले हैं। ये मेरी बहुत बड़ी संपत्ति है, ये मेरी बहुत बड़ी ताकत है। इसलिए मैं आज सार्वजनिक रूप से देश और दुनिया के सभी महानुभावों का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं।

नरेंद्र मोदी ने कहा कि विश्वकर्मा जयंती से हनुमान जयंती तक, 17 सितंबर से 2 अक्तूबर तक... पूरे देश भर में लाखों लोग सेवा पखवाड़ा मना रहे हैं। मुझे बताया



गया है कि गुजरात में भी, पिछले दो-तीन दिनों में ही सेवा पखवाड़ा के दौरान बहुत जगह कार्यक्रम हुए, सैकड़ों जगहों पर रक्तदान शिविर लगे और इनमें अब तक एक लाख लोग ब्लड डोनेशन कर चुके हैं। इसके साथ ही बड़े पैमाने पर स्वच्छता अभियान चलाए जा रहे हैं, जिनमें लाखों लोगों ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि आज मैं ऐसे समय में भावनगर आया हूं, जब नवरात्रि का पर्व शुरू होने वाला है। इस बार जीएसटी में कमी की वजह से बाजारों में रौनक भी ज्यादा रहने वाली है। और ये उत्सव के इसी माहौल में आज हम समुद्र से समृद्धि का महा-उत्सव मना रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज भारत 'विश्वबंधु' की भावना के साथ आगे बढ़ रहा है। दुनिया में हमारा कोई बड़ा दुश्मन नहीं है। हमारा सबसे बड़ा दुश्मन दूसरे देशों पर हमारी निर्भरता है। यही हमारा सबसे बड़ा दुश्मन है और हमें मिलकर भारत के इस दुश्मन, निर्भरता के दुश्मन को हराना है। हमें इसे हमेशा दोहराना होगा। जितनी अधिक विदेशी निर्भरता होगी, देश की विफलता उतनी ही बड़ी होगी। वैश्विक शांति, स्थिरता और समृद्धि के लिए, दुनिया की सबसे बड़ी आबादी वाले देश को आत्मनिर्भर बनना होगा। उन्होंने कहा कि अगर हम दूसरों पर निर्भर रहेंगे, तो हमारे स्वाभिमान को ठेस पहुंचेगी। हम 140 करोड़ देशवासियों का भविष्य दूसरों के भरोसे नहीं छोड़ सकते। हम देश के विकास के संकल्प को दूसरों के भरोसे नहीं छोड़ सकते। हम आने वाली पीढ़ियों का भविष्य दांव पर नहीं लगा सकते... सौ दुखों की एक ही दवा है, और वो है आत्मनिर्भर भारत।




## स्कॉर्पियो से 6 करोड़ 60 लाख बरामद

**दुर्ग,20 सितंबर।** पुलिस ने चेकिंग के दौरान नोटों की बड़ी खेप पकड़ने में कामयाबी पाई है। रायपुर से गुजरात जा रही महाराष्ट्र पासिंग गाड़ी से पुलिस ने 6 करोड़ 60 लाख रुपए कैश बरामद किए हैं। गाड़ी में सवार 4 लोगों से पूछताछ की जा रही है दुर्ग एसएसपी विजय अग्रवाल से मिली जानकारी के अनुसार, कुम्हारी थाने के अंतर्गत पुलिस ने शनिवार सुबह जांच के दौरान महाराष्ट्र पासिंग गाड़ी की चेकिंग में बड़ी मात्रा में नोट मिले। इस संबंध में गाड़ी में सवार लोगों जानकारी मांगी गई तो वे कोई दस्तावेज नहीं दिखा पाए महाराष्ट्र पासिंग की स्कॉर्पियो में बाकायदा दो चैंबर बनाकर नोटों को रखा गया था। गाड़ी से नोट मिलने की सूचना मिलते ही मौके पर डीएसपी अलेक्जेंडर किरो के साथ कुम्हारी थाना प्रभारी योगेश्वर वर्मा पहुंचे। पुलिस पकड़े गए लोगों से कैश के संबंध में पूछताछ कर रही है।

## जहरीले सांप ने एक ही परिवार के 3 लोगों को डसा, पिता-पुत्र की हुई मौत

**कोरबा,20 सितंबर।** दर्री थाना क्षेत्र के इंदिरा नगर में शुक्रवार की तड़के घर में सो रहे एक ही परिवार के तीन लोगों को जहरीले सांप ने काट लिया. इस घटना में सांप के काटने से पिता-पुत्र की मौत हो गई है,जबकि गंभीर रूप से आहत हुई महिला का उपचार मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में चल रहा है. इंदिरा नगर जमनीपाली में शुक्रवार की तड़के सुबह करीब 3 बजे यह घटना हुई. यहां निवासरत चूड़ामणि भारद्वाज (52) उसकी पत्नी रजनी भारद्वाज (45) वर्ष अपने पुत्र प्रिंस (10)के साथ घर में एक ही जगह पर सो रहे थे. इस बीच रात में तीनों को जहरीले सांप ने काट लिया. चूड़ामणि और उसके पुत्र को सांप के काटे जाने का पता नहीं चला, लेकिन रजनी भारद्वाज ने सांप को देख लिया. उसको भी सांप ने काट लिया था. रजनी ने किसी तरह घटना की जानकारी चूड़ामणि के भाई को दी. इसके बाद तीनों को रात में ही उपचार के लिए जमनीपाली के सरकारी अस्पताल में ले जाया गया. लेकिन यहां हॉस्पिटल को खुलवाने में ही आधे घंटे का समय बीत गया. इसके बाद यहां उपस्थित कर्मचारियों ने अस्पताल में एंटी स्नेक वेनम नहीं होने की बात कहते हुए उन्हें मेडिकल कॉलेज अस्पताल जाने को कहा. इधर सांप के काटे जाने से तीनों की हालत काफी बिगड़ गई थी. इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाने पर डॉक्टर ने चूड़ामणि भारद्वाज और उसके पुत्र प्रिंस भारद्वाज को मृत घोषित कर दिया. वहीं रजनी भारद्वाज की हालत चिंताजनक बनी हुई है.

## ट्रंप ने लगाया एच-1बी वीजा पर 1 लाख डॉलर का वार्षिक शुल्क

**नई दिल्ली,20 सितंबर।** एच-1बी वीजा पर 1 लाख डॉलर का वार्षिक शुल्क लगाने से जुड़े अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के फैसले के बाद अमेरिकी बाजार में महत्वपूर्ण हिस्सेदारी रखने वाले भारतीय आईटी शेयरों पर भारी दबाव आ गया। डोनाल्ड ट्रंप के इस कदम से कंपनियों के लिए भारतीय टेक्नोलॉजी पेशेवरों को नियुक्त करना पहले से अधिक महंगा हो जाएगा। बीते कारोबारी दिन डोनाल्ड ट्रंप द्वारा एच-1बी वीजा आवेदनों के लिए 1,00,000 डॉलर शुल्क लगाने संबंधी आदेश पर हस्ताक्षर करने की तैयारी की खबरों के आते ही कई तकनीकी कंपनियों के शेयरों में गिरावट आ गई। देश की दिग्गज आईटी कंपनी इंफोसिस के शेयर 4.5 प्रतिशत गिर गए। कॉग्निजेंट टेक्नोलॉजी के शेयर 4.3 प्रतिशत, एक्सेंचर के शेयर 1.3 प्रतिशत और विप्रो के शेयर 3.4 प्रतिशत गिर गए। दरअसल, भारतीय आईटी सर्विस प्रोवाइडर एच-1बी वीजा के सबसे बड़े उपयोगकर्ताओं में से हैं। इन कंपनियों द्वारा उनकी अमेरिकी परियोजनाओं में भारत के कुशल कर्मचारियों को नियुक्त किया जाता है। वहीं, ट्रंप द्वारा एच-1बी वीजा पर लगाया गया शुल्क कंपनियों के कॉस्ट-सेविंग मॉडल के लिए एक बड़ा खतरा बन जाएगा। एच-1बी वीजा अमेरिका में तीन वर्ष के लिए रोजगार प्रदान करता है और इसे तीन अतिरिक्त वर्ष के लिए बढ़ाया भी जा सकता है। एच-1बी वीजा भारतीय तकनीकी कर्मचारियों के लिए अमेरिका में एक महत्वपूर्ण प्रवेश द्वार रहा है। ट्रंप की नई घोषणा एच-1बी कैटेगरी के तहत देशी नागरिकों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाती है, जिसका इस्तेमाल खास कर विशिष्ट व्यवसायों में स्किल्ड प्रोफेशनल्स को नियुक्त करने के लिए किया जाता है। नियोक्ताओं को अब पेमेंट का प्रमाण रखना जरूरी होगा, जिसे वीजा प्रॉसेस के दौरान राज्य सचिव द्वारा वेरिफाइ किया जाएगा। उधर, इस फैसले की घोषणा करने के साथ ट्रंप का कहना है कि यह भारी शुल्क सुनिश्चित करेगा कि केवल अत्यंत कुशल लोगों को ही अमेरिका में एंट्री मिले। इससे कंपनियों द्वारा अमेरिकी कर्मचारियों की जगह दूसरे देशों से सस्ते कर्मचारियों को लाने पर भी रोक लगेगी। ट्रंप ने अपनी घोषणा में कहा, "हमें वर्कर्स की जरूरत है, हमें अच्छे और बेहतरीन वर्कर्स की जरूरत है और इस फैसले के साथ यह सुनिश्चित हो सकेगा कि अमेरिका में बेहतर वर्कर्स ही काम कर सकें।"



### कंपनियों ने भेजे आपात संदेश

सोशल मीडिया पर माइक्रोसॉफ्ट का एक आंतरिक ईमेल वायरल हुआ है, जिसमें कंपनी ने अपने एच-1बी वीजा धारक कर्मचारियों और उनके आश्रितों (H-4 वीजा) को अमेरिका से बाहर न जाने और जो बाहर हैं उन्हें तुरंत लौटने का निर्देश दिया है। ईमेल में कहा गया कि कर्मचारियों को "निकट भविष्य तक" अमेरिका में ही रहने की सलाह दी गई है ताकि "पुनः प्रवेश से वंचित होने" की स्थिति से बचा जा सके।

# बस्तर दशहरा : शाह को दिया गया औपचारिक निमंत्रण

**जगदलपुर,20 सितंबर।** जगप्रसिद्ध बस्तर दशहरा और मुरिया दरबार में शामिल होने के लिए आयोजन समिति ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को औपचारिक निमंत्रण दिया है. बस्तर सांसद एवं दशहरा समिति के अध्यक्ष महेश कश्यप के नेतृत्व में पहुंचे मांझी-चालकी एवं मेबरिन ने नई दिल्ली में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की. इस दौरान उन्हें बस्तर दशहरा एवं मुरिया दरबार में शामिल होने का औपचारिक निमंत्रण दिया, साथ ही उन्हें मां दंतेश्वरी की तस्वीर भेंट की.भारत में दशहरा आमतौर पर भगवान राम की रावण पर विजय का प्रतीक माना जाता है, लेकिन छत्तीसगढ़ के बस्तर अंचल में मनाया जाने वाला दशहरा इससे बिल्कुल अलग और रहस्यमयी है. यह न तो रावण दहन से जुड़ा है, न ही रामलीला से—बल्कि यह मां दंतेश्वरी की आराधना, तांत्रिक विधियों, जनजातीय परंपराओं और गहरे आध्यात्मिक रहस्यों से जुड़ा विश्व का सबसे लंबा दशहरा पर्व है, जो पूरे 75 दिनों तक चलता है. कहा जाता है कि



13वीं शताब्दी में बस्तर के तत्कालीन राजा पुरुषोत्तम देव ने माता दंतेश्वरी की आज्ञा पर इस पर्व की शुरुआत की थी. मान्यता है कि राजा ने जगदलपुर में माता का दर्शन करने के बाद राज्य की रक्षा के लिए दशहरा उत्सव शुरू करने का संकल्प लिया. लेकिन यह दशहरा कोई साधारण उत्सव नहीं था- इसमें तांत्रिक अनुष्ठान, देवी का रथ, रात्रि पूजन और अज्ञात शक्तियों के आह्वान जैसे रहस्यमयी पहलू जुड़े हुए थे. बस्तर दशहरा की शुरुआत हरेली अमावस्या से होती है और इसका समापन 13 प्रमुख अनुष्ठानों के साथ होता है. इन अनुष्ठानों में पट जात्रा (लकड़ी लाने की परंपरा), देवी का निवेदन, काछिन गादी, रथारोहण, मावली परघाव, और अंत में बहराम देव की विदाई शामिल होती है. हर चरण का अपना रहस्य है– विशेषकर मावली यात्रा, जिसमें देवी की प्रतिमा को रात के अंधेरे में जंगल से लाया जाता है, जहां केवल विशेष पुरोहित ही जा सकते हैं.बस्तर दशहरा में ब्राह्मणों की जगह जनजातीय पुजारियों (गुड़िया, सिरहा, मांझी) की भूमिका प्रमुख होती है. रात्रि के समय गुप्त तांत्रिक अनुष्ठान किए जाते हैं, जिनमें कोई बाहरी व्यक्ति शामिल नहीं हो सकता. माना जाता है कि इन रात्रि पूजाओं के माध्यम से अदृश्य शक्तियों को प्रसन्न किया जाता है, जो बस्तर की रक्षा करती हैं. बस्तर दशहरा में देवी दंतेश्वरी को राज्य की कुलदेवी माना जाता है, लेकिन पर्व में एक और देवी "मावली" की विशेष भूमिका होती है, जिन्हें जंगल से लाकर दंतेश्वरी देवी के साथ बैठाया जाता है. यह परंपरा बस्तर में प्रकृति, जंगल और देवी के बीच के गहरे रहस्यात्मक संबंध को दर्शाती है.



## राष्ट्रपति मुर्मु पितृपक्ष में पहुंचीं गयाजी, पुरखों की आत्मा की शांति के लिए किया पिंडदान

**नई दिल्ली,20 सितंबर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु शनिवार को देश और दुनिया में मोक्ष स्थली के रूप में चर्चित बिहार के गयाजी पहुंची। यहां उन्होंने अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति और मोक्ष प्राप्ति की कामना के साथ पिंडदान किया। राष्ट्रपति गया अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर विशेष विमान से पहुंची। इसके बाद सड़क मार्ग से विष्णुपद मंदिर पहुंची। गया हवाई अड्डा पहुंचने पर बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान और केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने उनका स्वागत किया। पिंडदान के लिए जिला प्रशासन के जरिए विष्णुपद मंदिर परिसर में ही विशेष व्यवस्था की गई थी और सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए थे। गयापाल पुरोहित राजेश लाल कटरियाल ने वैदिक क्रियाओं के साथ कर्मकांड कराया। उन्होंने पूरे विधि विधान के साथ पिंडदान किया।

# राहुल गांधी का H-बम करेगा बड़ा खुलासा !

**नई दिल्ली,20 सितंबर।** राहुल गांधी ने दावा किया है कि उनके पास "हाइड्रोजन बम" सबूत है जो साबित करेगा कि नरेंद्र मोदी ने वोट चोरी की है। उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को 'वोट चोर' बताते हुए कर्नाटक में CID जांच का हवाला दिया, जिसमें CEC की भूमिका पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। यह 'एच-बम' भारतीय राजनीति में एक बड़े खुलासे की ओर इशारा कर रहा है। कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शनिवार को अपने 'वोट चोरी' के दावे को दोहराया और आरोप लगाया कि सबूतों का उनका "हाइड्रोजन बम" स्थिति की वास्तविकता को पूरी तरह से उजागर कर देगा और यह साबित कर देगा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वोट चुराए और सत्ता में आए।



राहुल गांधी ने वायनाड में कहा कि हम एक हाइड्रोजन बम का खुलासा करने जा रहे हैं जो स्थिति की वास्तविकता को पूरी तरह से ध्वस्त कर देगा। हम जो कह रहे हैं उसके हमारे पास स्पष्ट सबूत हैं। मैं बिना सबूत के कुछ नहीं कह रहा हूँ, हमारे पास 100 प्रतिशत जानकारी है कि जो कुछ हुआ है वह सामने आने वाला है। अपनी पिछली दो प्रेस कॉन्फ्रेंस का जिक्र करते हुए, जहाँ उन्होंने व्यवस्थित रूप से फर्जी तरीके से मतदाताओं के नाम जोड़ने और हटाने का आरोप लगाया था, कांग्रेस नेता ने कहा कि हमने इसे महादेवपुरा में दिखाया है, हमने अलंद में दिखाया है। हम इसे इस तरह से दिखाने जा रहे हैं कि भारत में किसी को भी संदेह नहीं होगा कि नरेंद्र मोदी जी ने वोट चोरी की है और चुनाव जीता है। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर "वोट चोर" होने का आरोप दोहराते हुए, कांग्रेस नेता ने दावा किया कि अलंद विधानसभा क्षेत्र से 6,000 मतदाताओं के नाम हटाने की कोशिश के आरोपों की चल रही जाँच, चुनाव आयोग के प्रमुख पर स्पष्ट अभियोग है। लोकसभा नेता ने कहा कि हमने कल प्रेस कॉन्फ्रेंस में जो कुछ भी स्पष्ट सबूत के साथ प्रस्तुत किया, वह कर्नाटक में सीआईडी जाँच चल रही है। सीआईडी ने विशेष रूप से उन फ़ोन नंबरों की जानकारी माँगी है जिनका इस्तेमाल वोट चोर करने के लिए किया गया है। ज्ञानेश कुमार ही मुख्य चुनाव आयुक्त हैं जिनकी कर्नाटक सीआईडी माँग कर रही है। मुख्य चुनाव आयुक्त पर इससे बड़ा कोई अभियोग नहीं हो सकता। यह मेरा बयान नहीं है; यह सच्चाई है। जब उनसे पूछा गया कि क्या उनका 'हाइड्रोजन बम' प्रधानमंत्री के वाराणसी लोकसभा क्षेत्र से संबंधित होगा, तो उन्होंने कहा कि मीडिया का काम अटकलें लगाना है, जबकि उनका काम काम पूरा करना है। उन्होंने कहा, "यह आपको अनुमान लगाने की ज़रूरत है, यह आपको अटकलें लगाने की ज़रूरत है, मैं अपना काम करूँगा, मैं अपना काम पूरा करूँगा।" आज, लोकसभा नेता प्रतिपक्ष, वायनाड से सांसद और अपनी बहन प्रियांक गांधी के साथ वायनाड के कोट्टाथारा ग्राम पंचायत वेनियोडु में ओमन चांडी स्मारक सभागार के उद्घाटन समारोह में शामिल हुए।

## ड्यूटी पर लौट रहे सीआरपीएफ जवानों से भरी बस अनियंत्रित होकर पलटी




**बालोद,20 सितंबर.** छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में भीषण सड़क हादसा हुआ है. रायपुर से छुट्टी के बाद वापस ड्यूटी पर लौट रहे सीआरपीएफ जवानों से भरी बस हादसे का शिकार हो गई. शुक्रवार की देर रात यात्री बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई. 4 यात्रियों गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि एक जवान के हाथ में चोट आई है. घायलों को शहीद हॉस्पिटल इलाज के लिए भर्ती कराया गया है. घटना दल्लीराजहरा थाना क्षेत्र के शिकारीटोला गांव की है. जानकारी के मुताबिक,लगभग 16 सीआरपीएफ जवान छुट्टी मनाकर वापस ड्यूटी पर लौटने के लिए रायपुर से यात्री बस (पायल ट्रेवल्स) में सवार हुए थे. बस में सीआरपीएफ जवान और करीब 15 यात्री सवार थे. सभी जवान भोपालट्टनम कैंप में ड्यूटी पर लौट रहे थे. इनमें एएसआई सुभाष सिंह भी शामिल थे. शिकारीटोला गांव के नजदीक देर रात 12:15 बजे बस अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई. हादसे में 4 यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए, वहीं 1 जवान के हाथ पर गंभीर चोटें आई है. बस चालक मौके से फरार हो गया है. हादसे के बाद घायलों को अस्पताल में इलाज के लिए लाया गया. सीआरपीएफ जवानों के सामान और मोबाइल बस के नीचे दब गए हैं.

## एक नजर

### हेरोइन तस्करी के मामले में आठवें, आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई, 20 सितंबर।** भिलाई मोहन नगर पुलिस ने हेरोइन तस्करी मामले में आठवें आरोपी यशराज सिंह को वैशाली नगर से गिरफ्तार किया है पुलिस ने आरोपी से 6 ग्राम हेरोइन जब्त की है पूर्व में सात आरोपियों को गिरफ्तार मोहन नगर पुलिस ने बताया कि10 सितम्बर को एसीसीयू ने 7 आरोपियों को 246 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार कर मोहननगर थाना को सौंप दिया इस गिरोह का सरगना आरोपी गुरजीत सिंह भाग गया था सात दिन बाद उसे पंजाब से गिरफ्तार कर लाया गया आरोपियों से पूछताछ में आरोपी यशराज सिंह के नाम का खुलासा किया था उसकी खोजबीन की जा रही है मुखबिर से पता चला कि वैशाली नगर क्षेत्र में हेरोइन लेकर बेचने के फिराक में है एसीसीयू की टीम ने तत्काल दबिश देकर आरोपी यशराज सिंह को गिरफ्तार कर लिया जब उसकी तलाशी ली, तो उसके पास से 6 ग्राम हेरोइन जब्त की आरोपी को एनडीपीएस एक्ट में जेल भेज दिया गया ।

### दो आरोपी गांजा के साथ गिरफ्तार



**भिलाई, 20 सितंबर।** भिलाई स्मृति नगर चौकी पुलिस ने नशे के खिलाफ अभियान चलाकर अलग-अलग मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है पुलिस ने आरोपी सत्यप्रकाश साहू के कब्जे से 930 ग्राम नशीली टेवटेल और आरोपी प्रकाश धुर्वे को 1.20 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया है पुलिस ने दोनों आरोपियों को एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर जेल भेज दिया भिलाई नगर सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिसी कि संदेही सत्य प्रकाश साहू (25 साल ) डबरीपारा गंगोली सूरजपुर से आकर नशीली टेबलेट की विक्री कर रहा है। तत्काल पेट्रोलिंग टीम के साथ जुनवानी चौक के पास दबिश देकर पकड़ा गया जब उसकी तलाशी ली गई तो 720 स्यास्मो टेबलेट, 210 नाइटोटेन टेबलेट बरामद हुआ आरोपी के कब्जे से 700 रुपए नकद, स्कूटर और एक मोबाइल जब्त किया है भिलाई नगर सीएसपी ने बताया कि सुपेला डेरा बस्ती के पास प्रकार प्रकाश धुर्वे पिता सुभाष धुर्वे (37 साल) स्लाटर हाउस मैदान के पास गांजा की विक्री कर रहा था टीम ने घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया और जब उसकी तलाशी ली तब प्लास्टिक की बोरी से 1 किलो 200 ग्राम गांजा मिला आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर उसे जेल भेजा गया ।

### नवरात्रि पर्व पर शांति समिति की बैठक आयोजित

**दुर्ग, 20 सितम्बर ।** कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देशानुसार आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आगामी नवरात्रि पर्व को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। एडीएम श्री अभिषेक अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में एडिशनल एसपी श्री सुखनंदन राठौर, एसडीएम दुर्ग श्री हरवंश सिंह मिरी एवं श्री उत्तम ध्रुव, एसडीएम भिलाई श्री हितेश पिस्दा, नगर निगम दुर्ग के आयुक्त श्री सुमीत अग्रवाल तथा सम्मानित नागरिकों, विभिन्न पूजा समितियों के प्रतिनिधियों, व्यापार मंडल के पदाधिकारी सम्मिलित हुए।बैठक में पूजा समितियों के प्रतिनिधियों को अवगत कराया कि नवरात्रि हिंदू समाज का एक महत्वपूर्ण धार्मिक उत्सव है। इसे आपसी भाईचारे और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाना सभी की जिम्मेदारी है। प्रशासन द्वारा जारी दिशानिर्देशों का पालन अनिवार्य है। प्रतिमा स्थापना, मूर्ति के आकार, साउंड सिस्टम के प्रयोग, शोभायात्रा के मार्ग और प्रतिमा विसर्जन सहित सभी कार्यक्रमों के लिए निर्धारित समय सीमा और नियमों का पालन करने के सख्त निर्देश दिए गए। किसी भी प्रकार की अव्यवस्था, विवाद या कानून-व्यवस्था को बिगाड़ने वाले तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। किसी को भी दिशानिर्देशों से बाहर जाकर कार्यक्रम करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। मूर्ति के आकार और साउंड सिस्टम के ध्वनि स्तर पर निर्धारित मानकों का पालन करना अनिवार्य होगा। समितियों से अपील की गई कि शोभायात्रा के दौरान किसी भी प्रकार के भड़काऊ गीत, डीजे पर अशोभनीय गाने बजाने या ऐसे कार्यों से बचें जिनसे किसी समुदाय की भावनाएं आहत हों।

### रोजगार मेला का आयोजन अक्टूबर-नवम्बर माह में संभावित

**धमतरी, 20 सितंबर।** कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार माह अक्टूबर-नवम्बर में धमतरी जिले के युवाओं के हित में रोजगार मेला का आयोजन संभावित है। इस दौरान जिले के निजी क्षेत्र के रिक्त पदों के विरूद्ध भर्ती की जाएगी। उप संचालक, जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र द्वारा जिले में उपलब्ध सभी निजी संस्थाओं से अपनी संस्थाओं के रिक्त पदों की जानकारी दी।

# गांवों में दिखने लगी विकास की तस्वीर , ग्रामीणों में हर्ष



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा,20 सितंबर।** कबीरधाम जिले में बोड़ला विकासखंड में सभी गांवों में लोगों को पीएम आवास योजना के तहत ओर दूरस्थ अंचलों और वनांचल में हजारों लोगों का पीएम जन मन योजना के तहत सुंदर आवास निर्माण का सपना साकार हो रहा है और गांवों में खुशी दिख रही है । विधायक प्रतिनिधि रामकिंकर वर्मा ने कहा की डिप्टी सीएम विजय शर्मा के दिशा निर्देश ओर मार्गदर्शन में गुणवत्ता पूर्ण सुंदर आवास निर्माण लगातार हो रही है । बोड़ला जनपद अध्यक्ष बालका वर्मा और उपाध्यक्ष नंद श्रीवास डिप्टी सीएम विजय शर्मा के सपने को साकार करने का लगातार प्रयास कर रहे है और बोड़ला जनपद अध्यक्ष श्रीमती बालका रामकिंकर वर्मा की तारीफ होती हुई दिख रही है ओर शासन की योजनाओं का लाभ ईमानदारी से अच्छे से पहुंचे जिस पर लगातार ध्यान दे रही है । मिनी स्टेडियम भी गुणवत्ता पूर्ण बनाए जा रहे है जिससे युवाओं में भी खुशी दिख रही है ओर स्पोर्ट्स में भी प्रतिभाएं बढ़ेगी । दूरस्थ अंचलों में पीएम जन मन योजना के तहत सड़क निर्माण से खुशी दिख रही है । विधायक प्रतिनिधि रामकिंकर वर्मा ने बताया की डिप्टी सीएम विजय शर्मा के दिशा निर्देश में पीएम आवास , मिनी स्टेडियम ,सामाजिक भवन , सड़क , पुलिया निर्माण प्रगति पथ पर है जिससे दूरस्थ अंचलों ओर अधिकतर गांवों में खुशी का माहौल है । बोड़ला विकासखंड में विकास देखकर कहा जा सकता है की बोड़ला जनपद अध्यक्ष श्रीमती बालका रामकिंकर वर्मा के सार्थक प्रयासों से बोड़ला विकासखंड में विकास की तस्वीर चमक रही है ।

# पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से जगमगाया दुलेश साहू का घर

**दुर्ग, 20 सितम्बर ।** प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना ने दुर्ग जिले के गोल्डन चौक धनोरा निवासी श्री दुलेश कुमार साहू के जीवन में उजाला ला दिया है। श्री साहू ने योजना का लाभ उठाकर अपने घर की छत पर 20म20 फीट जगह में 3 किलोवाट का सोलर पैनल स्थापित किया है। इसके लिए उन्हें बैंक ऑफ बड़ौदा से ऋण मिला, जिस पर 78,000 रूपए की अनुदान राशि भी प्राप्त हुई।

सोलर पैनल लगाने के बाद श्री साहू का मासिक बिजली बिल जो पहले 2000-3000 रूपए तक आता था, अब घटकर मात्र 100-200 रूपए रह गया है। तीन महीनों में उनके सोलर पैनल से 1140 यूनिट बिजली उत्पन्न हुई और लगभग 481 यूनिट बिजली विभाग को लौटाई गई। श्री साहू ने बताया कि वेंडर ने एक सप्ताह के भीतर पूरा सिस्टम स्थापित कर दिया। बैंक से वित्तीय सहायता और बिजली विभाग की सभी औपचारिकताएँ भी वेंडर द्वारा पूरी कराई गईंउन्होंने कहा कि इस योजना से उन्हें बड़ी राहत मिली है और अब वे बची हुई राशि को अन्य कार्यों में निवेश कर पा रहे हैं।

# नशा समाज को करता है कमजोर विशेषज्ञों ने युवाओं को किया जागरूक



**भिलाई, 20 सितम्बर।** सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत नशा मुक्त भारत अभियान का आयोजन शुक्रवार को कल्याण महाविद्यालय परिसर में किया गया। यह कार्यक्रम समाज कल्याण विभाग, गायत्री परिवार तथा कल्याणी नशा मुक्ति केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। मुख्य वक्ता डॉ. पी. एल. साव, संयोजक गायत्री परिवार-दिया छत्तीसगढ़ ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आज का युवा ही कल के भारत की पहचान है। यदि युवा नशे से मुक्त रहकर सकारात्मक दिशा में ऊर्जा लगाएंगे तो देश उन्नति और प्रगति की नई ऊंचाइयों को छुएगा। नशा केवल व्यक्ति ही नहीं बल्कि पूरे समाज और राष्ट्र को कमजोर करता है, इसलिए इसकी रोकथाम में युवाओं की सक्रिय भागीदारी अनिवार्य है। नशा मुक्ति केंद्र के संचालक अजय कल्याणी ने दुर्ग में संचालित नशा मुक्ति केंद्रों की गतिविधियों की जानकारी दी तथा विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों और साइबर अपराध से बचाव के उपायों से अवगत कराया। इस अवसर पर डॉ. योगेन्द्र कुमार ने उपस्थित विद्यार्थियों को नशा मुक्ति का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम का संचालन इंजीनियर युगल किशोर ने किया और आभार प्रदर्शन उप प्राचार्य डॉ. लखन चौधरी ने किया। अभियान की सफलता में समाज कल्याण विभाग के जंतराम ठाकुर की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम में 150 से अधिक एन.सी.सी. कैडेट्स सहित महाविद्यालय परिवार के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की।

# भिलाई महिला समाज ने शुरू की दोना-पत्तल निर्माण यूनिट का शुभारंभ



**भिलाई, 20 सितम्बर।** भिलाई की अग्रणी सामाजिक संस्था भिलाई महिला समाज ने विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर महिला स्वावलंबन को बढ़ावा देने और पर्यावरण संरक्षण को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से दोना-पत्तल निर्माण की नई यूनिट का शुभारंभ किया। यह यूनिट बीएमएस सेक्टर-1 में स्थापित की गई है। उद्घाटन समारोह में मशीन का लोकार्पण भिलाई महिला समाज की कार्यकारी अध्यक्ष श्रीमती स्मिता गिरी द्वारा किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि यह पहल न केवल महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि प्लास्टिक डिस्पोजल के स्थान पर इको-फ्रेंडली दोना-पत्तल के उपयोग को बढ़ावा देकर पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान देगी। इस अवसर पर उपाध्यक्ष श्रीमती प्रणोति मुखोपाध्याय, श्रीमती मौली चक्रवर्ती, श्रीमती छवि निगम, श्रीमती पूनम कुमार, श्रीमती रेणुका रविंद्रनाथ, महासचिव श्रीमती सोनाली रथ, सह सचिव श्रीमती चैती पाल, कोषाध्यक्ष श्रीमती शिखा जैन, सह कोषाध्यक्ष श्रीमती रीता तिवारी, वर्किंग कमेटी सदस्य श्रीमती रूखसाना शेख, श्रीमती सपना सोनी, श्रीमती सुषमा सलवटकर, श्रीमती लक्ष्मी पटेल, श्रीमती बबीता सिंह, श्रीमती रागिनी शर्मा, श्रीमती सुधा शर्मा सहित महिला समाज की कार्यकारी टीम और बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहीं।

# यूथ सिख सेवा समिति ने कराया अंतिम संस्कार, बच्चों की पढ़ाई का उठाया जिम्मा



**भिलाई, 20 सितम्बर।** यूथ सिख सेवा समिति ने एक जरूरतमंद परिवार को कठिन घड़ी में हर संभव सहयोग प्रदान किया। समिति के हेल्पलाइन नंबर पर सूचना मिली कि रेशमी आवास, नेहरू नगर निवासी सुरजीत सिंह का आकस्मिक निधन हो गया है। आर्थिक तंगी के कारण परिवार अंतिम संस्कार की व्यवस्था करने में असमर्थ था। सूचना मिलते ही समिति के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छोटू के नेतृत्व में सदस्यों ने तत्काल सक्रियता दिखाते हुए मृतक के घर पहुँचकर पूरी स्थिति की जानकारी ली। समिति ने अंतिम संस्कार हेतु आवश्यक सभी सामग्री जैसे कुर्ता, पजामा, पगड़ी, अरदास सामग्री और अन्य जरूरत का सामान उपलब्ध कराया। दुर्ग जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम की औपचारिकता पूरी होने के बाद शव को समिति की देखरेख में रामनगर मुक्तिधाम लाया गया। यहाँ सिख परंपराओं के अनुसार अंतिम अरदास की गई और श्रद्धा पूर्वक अंतिम संस्कार संपन्न हुआ। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छोटू, कोषाध्यक्ष मलकीत सिंह, हरजिंदर सिंह समेत कई सदस्य उपस्थित रहे। इस दुखद मौके पर समिति ने एक बड़ा मानवीय निर्णय लेते हुए मृतक सुरजीत सिंह के दो छोटे बच्चों की शिक्षा का संपूर्ण खर्च उठाने की घोषणा की। सुरजीत सिंह के पीछे 7 वर्षीय बेटी और 4 वर्षीय बेटा है। अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छोटू ने बताया कि बच्चों की स्कूल फीस, किताब-कॉपी, यूनिफॉर्म सहित पढ़ाई से जुड़ी सभी जरूरतों की जिम्मेदारी समिति निभाएगी। उन्होंने कहा कि बच्चे अपने भविष्य को लेकर किसी प्रकार की चिंता न करें, समिति उनके साथ हमेशा खड़ी रहेगी। यूथ सिख सेवा समिति द्वारा उठाया गया यह कदम न केवल पीड़ित परिवार के लिए राहत का कारण बना, बल्कि पूरे शहर के लिए प्रेरणा भी है।

# जलाराम वृद्धाश्रम में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

**धमतरी 20 सितंबर ।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना की रजत जयंती समारोह के अवसर पर आयोजित सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम अंतर्गत जलाराम वृद्धाश्रम में हर्षोल्लास के साथ खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। वृद्धजन उत्साहपूर्वक मटका फोड़, जलेबी दौड़, कुर्सी दौड़ और नींबू दौड़ जैसी पारंपरिक प्रतियोगिताओं में शामिल हुए। इन खेलों से न केवल मनोरंजन हुआ बल्कि वृद्धजनों में उत्साह और आपसी सहभागिता भी देखने को मिली। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कहा कि समाज के वरिष्ठ नागरिक हमारी धरोहर हैं। वृद्धाश्रम में इस प्रकार की गतिविधियाँ उन्हें मानसिक और शारीरिक रूप से सक्रिय बनाए रखती हैं। उन्होंने कहा कि रजत जयंती समारोह में ऐसे कार्यक्रमों का उद्देश्य सेवा और सहभागिता की भावना को बढ़ावा देना है।उप संचालक समाज कल्याण डॉ. मनीषा पांडे ने कहा कि वृद्धजनों के चेहरों पर आई मुस्कान और उनकी सक्रिय भागीदारी इस आयोजन की वास्तविक सफलता है।

# कलेक्टर पीएम आवास निर्माण एवं राजमिस्त्री प्रशिक्षण का किया निरीक्षण

**मोहला 20 सितंबर ।** कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति ने आज विकासखंड मोहला के विभिन्न ग्राम पंचायतों में चल रहे पीएम आवास के कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान वे ग्राम सांगली एवं मडियानवाड़वी पहुचें। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत आवास निर्माण कार्यों एवं राजमिस्त्री प्रशिक्षण गतिविधियों का निरीक्षण किया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्रीमती भारती चन्द्राकर सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर श्रीमती प्रजापति ने युवा राजमिस्त्री प्रशिक्षार्थियों से चर्चा कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि राजमिस्त्री कार्य एक महत्वपूर्ण एवं स्थायी रोजगार का माध्यम है। जिसकी मांग हमेशा छोटे से लेकर बड़े निर्माण कार्यों में बनी रहती है। साथ ही उन्होंने प्रशिक्षार्थियों को टाइल्स फिटिंग जैसे अन्य कार्यों में कौशल के साथ निपुर्णता लाने हेतु प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा निर्माण में स्थानीय के साथ ही शहरी क्षेत्रों में भी काफी रोजगार के अवसर है, जिससे बेहतर आय अर्जित कर सकते हैं। कलेक्टर ने ग्राम पंचायत सांगली एवं मडियानवाड़वी में लगे महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के कामकाज में पारदर्शिता लाने के लिए लगे क्यूआर कोड को स्कैन कर कार्य पारदर्शिता एवं जवाबदेही की जांच की। इसके साथ ही उन्होंने ग्राम सुवरबोड़ के निर्माणाधीन आंगनबाड़ी भवन का निरीक्षण भी किया।

# रजत जयंती पर शहीदों को नमन, नुक्कड़ नाटक से स्वच्छता का संदेश



**भिलाई, 20 सितम्बर।** नगर निगम भिलाई की रजत जयंती एवं स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत शनिवार को शहर में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। महापौर परिषद सदस्य लक्ष्मीपति राजू एवं संदीप निरंकारी की उपस्थिति में नेहरू नगर चौक पर विशेष सफाई अभियान चलाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत शहीदों की प्रतिमाओं की धुलाई व माल्यार्पण से हुई। इसके बाद चौक परिसर एवं आसपास की सड़कों पर झाड़ू लगाकर सफाई की गई। महापौर परिषद सदस्य लक्ष्मीपति राजू ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों और नागरिकों को श्रमदान करने एवं स्वच्छता बनाए रखने की शपथ दिलाई। स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के लिए सुपेला घड़ी चौक और जुनवानी सूर्या मॉल में नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। कलाकारों ने स्वच्छता को जीवनशैली का हिस्सा बनाने, कचरा न फैलाने और सार्वजनिक स्थानों को साफ रखने का संदेश दिया। जोन क्रमांक-04 स्थित स्वामी आत्मानंद स्कूल में बच्चों के बीच स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित की गई। स्कूल प्राचार्य ने विद्यार्थियों को श्रमदान की प्रेरणा देते हुए स्वच्छता के प्रति सजग रहने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, उद्यान सह जनसंपर्क अधिकारी तिलेश्वर साहू, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना, बीरेंद्र बंजारे, हेमंत मांझी, पीआईयू अभिनव ठोकने, शुभम पाटनी, अतुल यादव, चूड़ामणि यादव, क्रिस्टोफर पाल सहित नगर निगम के अनेक अधिकारी-कर्मचारी एवं नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# एमआईसी की बैठक में कर वसूली और नए प्रस्तावों को मिली मंजूरी



**भिलाई, 20 सितम्बर।** नगर पालिक निगम भिलाई की महापौर परिषद की बैठक महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता एवं आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय की उपस्थिति में आयोजित की गई। प्रारंभ में नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 31 के अनुसार सदस्यों की कम उपस्थिति के कारण बैठक को कुछ समय के लिए स्थगित करना पड़ा। बाद में पुनः शुरू हुई बैठक में कुल चार महत्वपूर्ण एजेंडों पर चर्चा कर निर्णय लिया गया। बैठक में उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश के अनुपालन में नियमितीकरण आदेश प्रदान करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। नगर निगम की आय में वृद्धि के उद्देश्य से डोर टू डोर कर वसूली संपत्ति करए समेकित कर जलकर विज्ञापन कर एवं यूजर चार्ज के लिए कलेक्टर दर पर 60 प्लेसमेंट कर्मचारियों की नियुक्ति का प्रस्ताव भी पारित किया गया। राज्य शासन से स्वीकृति मिलने के बाद इन कर्मचारियों के माध्यम से कर वसूली का कार्य कराया जाएगा। इसके अलावा नव.निर्मित स्लाटर हाउस के संचालन एवं रखरखाव के लिए पूर्व में आमंत्रित अभिरुचि पत्र में किसी निविदाकार के भाग न लेने पर नियम एवं शर्तों में शिथिलीकरण करते हुए पुनः अभिरुचि पत्र आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया। साथ ही संपत्ति कर वसूली एजेंसी की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए नई निविदा प्रक्रिया पर चर्चा की गई। बैठक में महापौर परिषद सदस्य सीजू एन्थोनी, संदीप निरंकारी, लालचंद वर्मा, साकेत चंद्राकरए केशव चौबेए अपर आयुक्त राजेन्द्र कुमार दोहरेए स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, लेखाधिकारी चंद्रभूषण साह, राजस्व अधिकारी जेण्पीण् तिवारीए कार्यालय अधीक्षक सहित निगम के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# रिसाली में स्वच्छता मैराथन में बच्चे युवा और वरिष्ठ नागरिकों की दौड़



**रिसाली।** स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत रिसाली नगर निगम द्वारा शुक्रवार को स्वच्छता मैराथन का आयोजन किया गया। सुबह 9 बजे शुरू हुई इस दौड़ में सरकारी स्कूलों के छात्र-छात्राओं, योग लंगर परिवार के सदस्यों, नागरिकों और जनप्रतिनिधियों सहित 500 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। मैराथन को दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रतिभागियों ने दौड़ के दौरान श्रिसाली को स्वच्छ बनाओ जैसे नारे लगाकर शहरवासियों को सफाई का संदेश दिया। दौड़ शुरू होने से पूर्व निगम आयुक्त मोनिका वर्मा ने समाजसेवियों, सामाजिक संगठनों और स्वयंसेवी संस्थाओं से परिचय प्राप्त किया और स्वच्छता को आदत बनाने का आग्रह किया। इस अवसर पर सभापति केशव बंछोरए नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू, सांसद प्रतिनिधि दीपक पप्पू चंद्राकर, पार्षद सीमा साहू, शीला नारखेड़े, सविता ढवस, सरिता देवांगन, मनीष यादव, धर्मेन्द्र भगत, ममता सिन्हा, अनूप डेए मंडल अध्यक्ष अनुपम साहूए राजू जंघेलए अजीत चौधरी सहित अनेक जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। मैराथन से पूर्व सुबह 7 बजे निगम कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों और नागरिकों ने कल्याणी शीतला मंदिर परिसर में श्रमदान कर सफाई अभियान चलाया। निगम आयुक्त मोनिका वर्मा ने इस दौरान लोगों से शहर को स्वच्छ रखने घरों से निकलने वाले कचरे को निर्धारित स्थान पर ही डालने और सफाई में सहयोग देने की अपील की।

# पत्नी की गला दबाकर हत्या करने वाले पति को पुलिस ने गिरफ्तार किया



**भिलाई, 20 सितंबर।** भिलाई पत्नी की गला दबाकर हत्या करने वाले पति को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसने पहले पुलिस को गुमराह करने का प्रयास किया, बाद में उसने घटना स्वीकार ली पाटन टीआई अनिल साहू ने बताया कि 10 सितंबर की शाम से प्रीति और पति होरीलाल वर्मा के बीच घरेलू विवाद चल रहा था। होरीलाल ने प्रीति का गला दबा दिया। प्रीति की जान चली गई आरोपी पति ने पुलिस ने बचने के लिए बीमारी का बहाना बताया उसने बताया कि बीमारी की वजह से उसकी पत्नी की मौत हुई। पीएम रिपोर्ट आने के बाद पता चला कि घटना दिनांक की शाम प्रीति और उसके पति होरीलाल वर्मा (30 साल) के बीच झगड़ा हुआ था आरोपी की बेटी जब घर पहुंची तो होरीलाल ने प्रीति की तबीयत खराब होने की जानकारी दी। उसे अस्पताल ले जाने की सलाह दी। रात 8.30 बजे 108 एंबुलेंस को घर बुलाकर पत्नी प्रीति को पाटन अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों को बताया कि पत्नी को सीने में दर्द हुआ और वह बेहोश होकर गिर गई जांच के बाद डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद मौत संदिग्ध मौत की वजह बीमारी बताई थी आरोपी ने पुलिस को बताया कि पत्नी शराब पीकर कॉल पर लगी रहती थी इस आदत के कारण अक्सर दोनों के मध्य विवाद हुआ करता था। घटना वाले को भी दोनों के बीच विवाद हुआ था। विवाद के समय आक्रोश में आकर पति होरी ने पत्नी को जमीन पर पटक दिया। उसके बाद गला दबा दिया। जिससे उसकी मौत मौके पर हो गई। शव को कमरे में रखे खाट पर लिटाकर परिवार और रिश्तेदार को झूठ बोला कि पत्नी चक्कर खाकर गिर गई है। प्रीति की होरी लाल के साथ दूसरी शादी थी और उसके एक बेटा और एक बेटी है। बेटी प्रीति के साथ रहती थी आरोपी ने पुलिस को पहले किया था गुमराह घटना की रात करीब 8-30 बजे पति होलीलाल ने एंबुलेंस बुलाकर पत्नी प्रीति को पाटन अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। लेकिन पुलिस को आरोपी काफी देर तक गुमराह करते रहा पुलिस ने जब कड़ाई से पूछताछ किया तो सच्चाई सामने आ गई एसडीओपी पाटन अनूप लकड़ा ने बताया कि मृतका की शिनाख्त प्रीति वर्मा के रूप में हुई है यह घटना 10 सितंबर शाम 5 से 6 बजे के बीच हुई हत्या के बाद आरोपी पति ने मामले को छिपाने का प्रयास किया था पाटन थाने पुलिस आरोपी को व्यायिक रिमांड पर भेजने की तैयारी कर रही है दिखने पर पति से पूछताछ किया गया। पुलिस ने जांच शुरू कर दी। इसमें यह स्पष्ट हो गया कि महिला की मौत बीमारी से नहीं बल्कि गला दबाने से हुई है। खुलासे के बाद पुलिस ने हत्या का अपराध कायम किया पुलिस ने गुरुवार 18 सितंबर को आरोपी पति होरीलाल वर्मा को हिरासत में लिया गया पूछताछ करने पर पहले पुलिस को गुमराह करनेता रहा फिर पत्नी की हत्या करना स्वीकार किया

## एक नजर

### दुर्गा पंडालों एवं गरबा आयोजकों द्वारा होने बाली अश्लीलता-फूहड़ता सहन नहीं करेगा हिन्दू परिषद, बजरंग दल



**रायपुर, 20 सितंबर।** नवरात्री में दुर्गा पंडालों एवं गरबा आयोजकों द्वारा होने बाली अश्लीलता एवं फूहड़ता सहन नही करेगा अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद्, राष्ट्रीय बजरंग दल। अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल रायपुर के अध्यक्ष सागर कुकरेजा के नेतृत्व में रायपुर के कलेक्टर को नवरात्री में दुर्गा पंडालों एवं गरबा आयोजकों द्वारा होने बाली अश्लीलता एवं फूहड़ता के विरुद्ध ज्ञापन सौंपा। नवरात्री एक पवित्र पर्व है देवी देवता का अपमान एवं धार्मिक आस्था पर खिलवाड़ न हो इस हेतु अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद् राष्ट्रीय बजरंग दल दुर्गा पंडालों एवं गरबा आयोजकों के लिए सभ्य एवं संस्कारी गाइडलाइन तैयारी की गई है यदि नवरात्री पर किसी भी आयोजकों द्वारा किसी भी प्रकार की अश्लीलता एवं फूहड़ता दिखाई देने पर अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद् राष्ट्रीय बजरंग दल त्वरित कार्यवाही करेगा जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी शासन, प्रशासन की होगी। ज्ञापन सौपने में मुख्य रूप से राहुल वाडिवा जी, सुरेश वडोदिया जी, सोनु बघेल, सुजल राजपाल, सुमीत माटा आदि उपस्थित थे।

### सट्टा लिखते एक रंगे हाथों पकड़ा गया

**राजनांदगांव, 20 सितंबर।** 18.09.2025 पुख्ता सूचना मिलने पर घटना स्थल इंडस्ट्रीयल एरिया हनुमान मंदिर के पास राजनांदगांव में रेड कार्यवाही कर आरोपी रवि यादव पिता स्व0 गणेष राम यादव उम्र 35 वर्ष साकिन सहदेव नगर राजनांदगांव थाना बसंतपुर जिला राजनांदगांव (छ0ग0) को अवैध रूप से सट्टा लिखते खिलाते रंगे हाथ पकड़ा गया, जिसके कब्जे से 43 पन्नों में लिखा सट्टा पट्टी, 01 नग केसियों कंपनी का केल्कुलेटर, 01 लाल रंग की डायरी, 13 नग नीले स्याही वाली डॉटपेन, 02 नग क्युआर कोड स्केनर फोन-पे जिसमें स्पीकर लगा हुआ, 02 नग मोबाईल, एवं नगदी रकम 2840 रूपये जप्त कर आरोपी के खिलाफअप0क्र0 535/25 धारा छ0ग0 जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 6 कायम कर आरोपी को गिरफ्तार न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय के समक्ष पेष किया गया। जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल राजनांदगांव में दाखिल किया गया। आगे भी असामाजिक तत्वों जुआ सट्टा, नषीले पदार्थो, शराब बिक्री में संलिप्त लोगों के खिलॉफ कार्यवाही जारी रहेगी। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक नंदकिषोर गौतम थाना प्रभारी सिटी कोतवाली, प्र0आर0 शम्भूनाथ द्विवेदी, आरक्षक रामखिलावन सिन्हा एवं थाना स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

### संदिग्ध गांजा तस्करों एवं नशे के सौदागरों के घरों पर छापामार कार्यवाही



**राजनांदगांव, 20 सितंबर।** जिले में अवैध नशे के कारोबार एवं अपराध पर अंकुश लगाने हेतु पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वैशली जैन (भा.पु.से.), नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक के पर्यवेक्षण में विशेष अभियान चलाया जा रहा है, आज दिनांक 19.09.2025 को थाना कोतवाली पुलिस द्वारा पुराना बस स्टैंड, गौरी नगर, टांकापारा, गंजचौक एवं थाना बसंतपुर पुलिस द्वारा जमातपारा, कुंआ चौक नंदई, कोठारपारा, बसंतपुर, बंगालीचाल, शिकारी मोहल्ला, अटल आवास सृष्टी कॉलोनी, शिवनगर देवार मोहल्ला, थाना लालबाग पुलिस द्वारा पेण्ड्री अटल आवास, ट्रांसपोर्ट नगर पेंडीऊ साथ ही पुलिस चौकी चिखली पुलिस द्वारा मोतीपुर, 16 खोली, गौरीनगर, स्टेशन पारा, शंकरपुर में अपने-अपने थाना क्षेत्र में अवैध गांजा तस्करों एवं गोली डीलरों के ठिकानों पर एक साथ छापामार कार्यवाही की गई। छापे के दौरान कई संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई। यह कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

### इच्छाएं कभी खत्म नहीं होती : मुनि वीरभद्र

**राजनांदगांव 20 सितंबर।** श्री विनय कुशल मुनि के सुशिष्य एवं 171 दिन तक उपवास का रिकॉर्ड बनाने वाले जैन मुनि वीरभद्र (विराग) जी ने आज यहां कहा कि इच्छाएं कभी खत्म नहीं होती। एक इच्छा पूर्ण होती तो दूसरी इच्छा जागृत हो जाती है। हम अनंत काल से 84 लाख योनियों में घूम रहे हैं। उसके अंदर जीव कभी खुश होता है तो कभी दुखी होता है और कभी जीतता है तो कभी हारता है। जैन बगीचे के उपाश्रय भवन में आज मुनि वीरभद्र (विराग) ज़ी ने कहा कि अनंत काल में घूमते हुए भी हमने अपने अवगुणों को गुणों में बदलने की कोशिश नहीं की और ना इसके बारे में कभी सोचा। उन्होंने कहा जिस दिन हम अपने अवगुणों को गुणों में बदल देंगे उस दिन हम मोक्ष प्राप्त कर लेंगे और हमें इन 84 लाख योनियों के भटकाव से छुटकारा मिल जाएगा। मुनिश्री ने कहा कि यह जीव कभी राम बन जाता है तो कभी रावण, कभी कृष्ण बन जाता है तो कभी कंस। अनंत काल से यह जीव आगे-पीछे,आगे- पीछे भटकते रहा है।

# सेवा पखवाड़ा : मिडिल स्कूल अर्जुनी में निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 20 सितम्बर।** सेवा पखवाड़ा 2025 के अवसर पर गुरुवार को वनमण्डलाधिकारी गणवीर धम्मशील के मार्गदर्शन में शासकीय माध्यमिक विद्यालय अर्जुनी में पर्यावरण संरक्षण विषय पर निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उनमें संरक्षण की भावना विकसित करना रहा।

प्रतियोगिता में विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी सृजनात्मकता के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने हेतु विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

धमनी में स्वच्छता अभियान -धमनी ग्राम को ईको-पर्यटन ग्राम के रूप में विकसित करने के प्रयासों के अंतर्गत स्थानीय समुदाय और वन विभाग द्वारा सेवा पर्व के अवसर पर स्वच्छता अभियान संचालित किया गया।अभियान के अंतर्गत शिवालय एवं आसपास के क्षेत्र की साफ-सफाई की गई तथा जंगल में बिखरे अपशिष्ट सामग्रियों को एकत्र कर निपटान किया गया। इस अवसर पर आयोजित बैठक में निर्णय लिया गया कि क्षेत्र को स्वच्छ और आकर्षक बनाए रखने हेतु नियमित सफाई, चेतावनी पोस्टर और आगंतुकों को जागरूक करने की पहल की जाएगी।

इस अवसर पर वन परिक्षेत्र अधिकारी वसंत खांडेकर, प्रशिक्षु रेंजर सिमरन साहु,सुश्री रूपेश्वरी दीवान, सुश्री मीनाक्षी साहू एवं डब्बू साहू, सरपंच, वन प्रबंधन समिति के सदस्य, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता,शिक्षक एवं छात्र- छात्राएं उपस्थित रहे।

# संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने किया ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 20 सितम्बर।** संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रायपुर पी.एस.ध्रुव ने शुक्रवार को राजनैतिक दल के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ईव्हीएम वेयर हाउस का का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ईव्हीएम की रखरखाव एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री रूपेश वर्मा,अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी निशा नेताम मडावी,एसडीएम प्रकाश चन्द्र कोरी नायब तहसीलदार अक्षय तिवारी,इंडियन नेशनल कांग्रेस पार्टी से लखेश साहु, भारतीय जनता पार्टी के प्रतिनिधि नरेश केशरवानी, राकेश ध्रुव, बहुजन समाज पार्टी के प्रतिनिधि देवेन्द्र पात्रे,जिलाध्यक्ष यूथ आम आदमी पार्टी के प्रतिनिधि भुनेश्वर सिंह, जनता काग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के प्रतिनिधि सुशील बंजारे एवं जिला निर्वाचन कार्यालय के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# ग्यारह हजार किलो मिर्ची हवन के लिए डॉ. प्रेमसाई महाराज हुए सम्मानित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायपुर, 20 सितंबर।** राजधानी स्थित एक प्रतिष्ठित निजी होटल में आयोजित 'निखरता छत्तीसगढ़ कॉन्क्लेव 2025' में माँ मातंगी धाम के पीठाधीश्वर डॉ. प्रेमसाई जी महाराज को 11,000 किलो सूखी लाल मिर्च से माँ बगलामुखी महायज्ञ का भव्य अनुष्ठान कर विश्व कीर्तिमान स्थापित करने पर मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किया गया। इस विशेष आयोजन में छत्तीसगढ़ की कई जानी-मानी हस्तियाँ मौजूद रहीं। छत्तीसगढ़ की आध्यात्मिक धरती ने एक बार फिर अपनी आभा से संपूर्ण विश्व को आलोकित किया है। माँ मातंगी दिव्य धाम को 26 जनवरी 2025 को वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड, लंदन द्वारा विशेष सम्मान से विभूषित किया गया। यह गौरव केवल छत्तीसगढ़ ही नहीं, अपितु सम्पूर्ण भारतवर्ष की आत्मा को स्पंदित करने वाला क्षण सिद्ध हुआ था। माँ बगलामुखी महायज्ञ के माध्यम से स्थापित इस अनूठे आध्यात्मिक कीर्तिमान ने भारतीय सनातन साधना की शक्ति को विश्व पटल पर उजागर किया। जब लंदन की धरती पर भारत का नाम गूँजा, तो समूचे छत्तीसगढ़ ने भी गर्व और आस्था का आलोक अनुभव किया। आगामी कुछ ही महीनों में लंदन स्थित ऐतिहासिक संसद भवन में वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, लंदन द्वारा महाराज जी को औपचारिक सम्मान प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर उन्हें विश्व कीर्तिमान का प्रमाणङ्कपत्र भेंट कर उनकी अद्वितीय साधना एवं लोककल्याणकारी अनुष्ठान की वैश्विक मान्यता अभिव्यक्त की जाएगी। अपने उद्बोधन में डॉ. प्रेमसाई जी महाराज ने बताया कि मां मातंगी, दस महाविद्याओं में से नौवीं महाविद्या मानी जाती हैं। रायपुर से 35 किलोमीटर दूर स्थित मां मातंगी धाम में तीन महाविद्याएं – मातंगी, बगलामुखी और छिन्नमस्ता विराजमान हैं। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की कुलदेवी भी मां मातंगी हैं, जिनके दर्शन वे गुजरात स्थित मोढ़ेश्वरी मातंगी मंदिर में करते हैं।

# वोट चोर गद्दी छोड़-नारा नहीं एक जनआंदोलन है : पायलट

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव, 20 सितंबर।** वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान के तहत अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी सचिन पायलट राजनंदगांव में वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान का आगाज करते हुए हस्ताक्षर अभियान, वोट अधिकार पदयात्रा के बाद वोट अधिकार जनसभा को संबोधित किया।

विशाल जनसभा को संबोधित करने बाइक रैली के काफिला के साथ मिनीमाता एवं छत्तीसगढ़ महतारी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर गुरुद्वारा में माथा टेक कर गुरुनानक चौक में हस्ताक्षर अभियान प्रारंभ कर वोट अधिकार पदयात्रा की शुरुआत की पदयात्रा की अगुवाई सचिन पायलट, दीपक बैज, भूपेश बघेल, टीएस सिंहदेव के साथ कांग्रेस जन कदम से कदम मिलाकर चले मिल रहे जन समर्थन देखते ही बन रहा था। पदयात्रा गुरूनानक चौक, फौव्वारा चौक, मानव मंदिर चौक, सिनेमा लाइन, आजाद चौक, गुड़ाखू लाइन, जूनी हटरी होते हुए जयस्तंभ चौक सभास्थल पहुंची। इस दौरान जगह-जगह पुष्प वर्षा करते हुए जगह-जगह विभिन्न समाजों द्वारा स्वागत अभिनंदन किया गया।

सभा को संबोधित करते हुए श्री पायलट ने कहा की वोट चोरी एक बहुत गंभीर मसला है भाजपा लोकतंत्र को चोट पहुंचाने का कार्य कर रही है पहले मतदाता सूची में गड़बड़ी का प्रमाण राहुल गांधी जी दे चुके हैं और अब नई तकनीक से किस प्रकार से चिन्हांकित कर नाम मतदाता सूची से काटे जा रहे हैं का खुलासा आज किया है और निर्वाचन आयोग से इस मामले में जांच की मांग की है उसी के चलते हम सब संकल्पित मन से कांग्रेस की आवाज को, राहुल गांधी जी की आवाज को जन-जन तक पहुंचाने के लिए वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान में लगे हुए हैं भाजपा सरकार वोटरों के अधिकारों पर हनन जिस प्रकार से कर रही है इसका मजबूत विरोध करने का समय आ गया है वोट चोर गद्दी छोड़ एक नारा नहीं एक जन आंदोलन का रूप ले चुकी है और यह एक आवाज है अन्याय के विरुद्ध एक आवाज है लोकतंत्र को बचाने के लिए और एक आवाज है सत्ता के लिए गड़बड़ी करने वाली भाजपा के लिए। वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान एक चुनौती है निर्वाचन आयोग और भाजपा के सांठ गांठ के लिए क्योंकि जिस प्रकार से राजनांदगांव सहित सभी जगह जनता से इस अभियान को मिल रहे जनसमर्थन एवं आप लोगों के जोश को देखने के बाद यह स्पष्ट नजर आ रहा है क जनता को इस अभियान को आंदोलन का स्वरूप देने वाली है छग की भाजपा सरकार जनता के अरमानों पर पानी फेरने वाली सरकार है।

# ऑपरेशन निश्चय 2.0 के तहत संदिग्ध क्षेत्रों में दबिश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार-भाटापारा, 20 सितंबर।** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा अवैध गतिविधियों में लिप्त आरोपियों की धरपकड़ कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में पुलिस महानिरीक्षक रायपुर क्षेत्र, रायपुर श्री अमरेश मिश्रा के निर्देशन में रायपुर रेंज के सभी जिलों रायपुर, महासमुंद, गरियाबंद, धमतरी सहित जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में असामाजिक तत्वों एवं अवैध कार्यों में लिप्त आरोपियों की धरपकड़ के लिए आपरेशन निश्चय 2.0 चलाने हेतु निर्देशित किया गया। उक्त निर्देशों के परिपालन में पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के मार्गदर्शन में आज दिनांक 19.09.2025 के तड़के सुबह 04:00 बजे श्री अभिषेक सिंह अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार एवं श्री हेमसागर सिदार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भाटापारा के नेतृत्व में पुलिस की अलग-अलग 20 टीमों द्वारा नशे के सामानों की बिक्री/तस्करी करने वाले आरोपियों, स्थाई वारंटी एवं शांति व्यवस्था बाधित करने वाले लोगों के संभावित ठिकाने पर पुलिस टीम द्वारा एक साथ दबिश दिया गया। पुलिस टीम द्वारा आपरेशन निश्चय 2.0 पूरे जिले में चलाया जा रहा है। आपरेशन निश्चय 2.0 में पुलिस की अलग-अलग टीमों द्वारा अभी तक 45 से भी अधिक स्थानों में आकस्मिक दबिश दिया गया है। आपरेशन निश्चय 2.0 के तहत 04 आरोपियों को नशे का सामान बिक्री करते हुए गिरफ्तार कर, उनसे 15.48 किलोग्राम गांजा, 26 नग नशीला कैप्सूल एवं 20 नग टैबलेट जप्त किया गया है। अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले 15 आरोपियों को गिरफ्तार कर, उनसे 215 लीटर शराब जप्त किया गया। इसी क्रम में अपने पास धारदार हथियार रखने वाले 03 आरोपियों के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। आपरेशन निश्चय 2.0 के तहत पुलिस टीम द्वारा फरार आरोपियों के संभावित ठिकाने में दबिश देकर 10 स्थाई वारंट तामील किया गया है।

# कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 20 सितम्बर।** स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर रिसदा की टीम द्वरा शुक्रवार को कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में किशोरी बालिकाओं का स्वाथ्य परीक्षण करते हुए सिकलिंग एवं हीमोग्लोबिन इत्यादि की जांच की गई।

इस दौरान किशोरियों को उनके ज्ञानवर्धन के लिए माहवारी स्वच्छता, एनीमिया, मानसिक रोग, नशा इत्यादि से दूरी विषयों पर स्वास्थ्य परिचर्चा करते हुए स्वाथ्य क्विज का आयोजन भी किया गया जिसके अंतर्गत उनसे सामान्य बिमारियों एवं सामान्य स्वास्थ्य संबंधित जानकारी पर विभिन्न प्रश्न पूछे गए। उल्लेखनीय है कि स्वस्थ नारी सशक्त परिवार का आयोजन स्वास्थ्य विभाग द्वारा रजत जयंती के उपलक्ष में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक किया जा रहा है जिसके अंतर्गत विभाग द्वारा विभिन्न स्तरों पर अलग-अलग कार्यक्रम का आयोजन कर महिलाओं की विशेष रूप से स्वास्थ्य परीक्षण एवं स्वास्थ्य जागरूकता हेतु कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रम में डॉ. अविनाश केसरवानी,शशिलता आजाद, दुर्गेश साहू, प्राचार्य तथा अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# 9 साल से अनुकंपा नियुक्ति लंबित, संगठन में आक्रोश

**राजनांदगांव, 20 सितंबर।** बीते 9 वर्षों से दिवंगत पंचायत शिक्षा कर्मियों के परिजनों को अनुकंपा नियुक्ति नहीं मिलने से संगठन में गहरा रोष व्याप्त है। इस लम्बे इंतजार ने अब नाराजगी को आंदोलन का रूप दे दिया है। चाहे प्रदेश में कांग्रेस की सरकार रही हो या भाजपा की किसी ने भी अब तक इनकी मांगों का निराकरण नहीं किया है। शासन की इस उपेक्षा से संगठन के कई लोग मानसिक दबाव में आकर आत्महत्या जैसे कदम तक उठाने को मजबूर हो चुके हैं।

**आज से धरना प्रदर्शन शुरू**

इसी सिलसिले में हाल ही में संगठन का प्रतिनिधिमंडल उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा से मिला था। लेकिन वहां से भी इन्हें ठोस आश्वासन नहीं मिला। अब संगठन ने राजधानी रायपुर के हृदय स्थल जय स्तंभ चौक में धरना-प्रदर्शन आज शुरू कर दिया है। आंदोलन तब तक जारी रहेगा जब तक अनुकंपा नियुक्ति की मांग पूरी नहीं हो जाती। संघ की प्रांताध्यक्ष अश्वनी सोनवानी ने बताया कि लगातार 9 वर्षों से अनदेखी के कारण संगठन के अध्यक्ष ने कुछ दिनों पहले मुख्यमंत्री आवास के सामने फिनायल पीकर आत्महत्या का प्रयास किया था। गंभीर हालत में उन्हें अस्पताल में 5 दिन तक भर्ती रहना पड़ा। यह घटना संगठन की पीड़ा और निराशा को उजागर करती है।

# विकास कार्यों के लिए भूमिपूजन सम्पन्न

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**तिल्दा नेवरा, 20 सितंबर।** तिल्दा नेवरा नगर पालिका परिषद में 82 लाख 72000 की लागत से बनने वाले विभिन्न विकास कार्यों के लिए नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती चंद्रकला खुमान वर्मा के नेतृत्व में विभिन्न वार्डों में भूमि पूजन किया गया आपको बता दें कि वार्ड क्रमांक 4 में लगभग 43 लाख रुपए की लागत से नाली एवं पुलिया निर्माण किया जाना है तथा वार्ड क्रमांक 2 में पानी टंकी का निर्माण किया जाना है दोनों कार्यों का विधिवत भूमि पूजन किया गया इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती चंद्रकला खुमान वर्मा ने कहा कि नगर का विकास मेरी पहली प्राथमिकता है और इस प्राथमिकता को पूरा करने के लिए मैं पूरा प्रयास कर रही हूं। आज लाखों रुपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया है। इन विकास कार्यों का लाभ जल्द ही आम जनता को मिलेगा। भूमि पूजन कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सांसद प्रतिनिधि और भाजपा रायपुर ग्रामीण महामंत्री अनिल अग्रवाल भाजपा रायपुर ग्रामीण उपाध्यक्ष राम पंजवानी ,मण्डल अध्यक्ष मनोज निषाद ,पार्षदगण धर्मेंद्र डहरिया ,ईश्वर यदु ,विनोद नेताम,लक्ष्मीचन्द नागवानी ,राजकुमार गेंड्रे ,दिनेश साहू ,श्रीमती पारुल अग्रवाल, डाक्टर खुमान वर्मा ,सौरभ जैन ,नरेंद्र शर्मा तथा भाजपा पदाधिकारीगण ,जनप्रतिनिधिगण एवं कार्यकर्तागण ,वार्ड वासी उपस्थित रहे।

# आयुक्त ने ली ननि के सभी विभाग के कर्मचारियों की बैठक

**समय पर कार्यालय में उपस्थित होकर दायित्वों को समर्पित भाव से करने कहा**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 20 सितम्बर।** निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने आज निगम सभागृह में नगर निगम के सभी विभागों के कर्मचारियों की बैठक में कहा कि आप लोग पूर्व की बैठक मे दिए गये निर्देश का पालन किए है। कुछ निर्देश क्रियान्वयन नही हो पाया है, जिसके स्मरण के लिए आज बैठक रखी गयी है। उन्होंने कार्यालयीन अवधि में उपस्थित रहकर सौपे गये दायित्वों का समर्पित भाव से कार्य करने कहा।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने आज निगम के सामान्य प्रशासन विभाग, लेखा, जन्म-मृत्यु, लोककर्म, विद्युत, जल, सफाई, मोटर, राजस्व विभाग, प्रधानमंत्री आवास में कार्यरत सभी कर्मचारियों की बैठक में कहा कि नौकरी के पूर्व हमारी मानसिकता होती है कि हम नौकरी लगने पर निष्ठा एवं इमानदारी से कार्य करेगे, हमे उसी मानसिकता से काम करना है, तभी हम सफल होगे। कार्यालय में हमारा व्यवहार संयमित और मर्यादित होनी चाहिये, कार्यालयीन समय में उपस्थित रहकर, अपने कार्यो का कर्मठतापूर्वक इमानदारी से निर्वाहन करना है। उन्होंने कहा कि कुछ कर्मचारी समय में उपस्थित नहीं होते, शासन द्वारा प्रातः 10 बजे से कार्यालयीन कार्य प्रारंभ करने का समय निर्धारित किया गया है। निर्धारित समय में सभी कर्मचारियों को कार्यालय में उपस्थित होकर अपने दायित्वों का निर्वाहन करना है तथा अपने उच्च अधिकारियों के आदेशो को मानना है उसकी अव्हेलना नही करनी है। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कहा कि नगर निगम बहुत महत्वपूर्ण विभाग है, जो जनता एवं जन प्रतिनिधियो से सीधा जुडा होता है और लोगों के दैनिक जीवन की महत्वपूर्ण आवश्यकता जैसे राशन कार्ड, जन्म-मृत्यु व विवाह प्रमाण पत्र, निराश्रत पेंशन के अलावा बिजली, पानी, सफाई जैसी मूलभूत सुविधा निगम के द्वारा उपलब्ध करायी जाती है। इस दृष्टिकोण से हमारा कार्यालय बहुत महत्वपूर्ण है और इसकी महत्ता को समझ सभी को अपने दायित्वों का निर्वाहन करना है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग कार्यालयीन समय में इधर उधर घूमते है, जिससे निगम का कामकाज प्रभावित होता है, सभी कर्मचारी निर्धारित समय तक उपस्थित होकर अपने कार्यो का निर्वाहन करेंगे। नागरिकों के कार्यो को प्राथमिकता देते हुये समय सीमा में पूर्ण करना है।

# स्वच्छता ही सेवा अभियान : दिग्विजय कॉलेज के आसपास की गई सफाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 20 सितम्बर।** स्वच्छ भारत मिशन शहरी 2.0 अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025 के तहत रजत जयंती महोत्सव अंतर्गत 2 अक्टूबर 2025 तक स्वच्छता अभियान चलाने की कडी में महापौर श्री मधुसूदन यादव एवं आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा के नेतृत्व में स्वच्छता संबंधित प्रतिदिन विभिन्न गतिविधिया संचालित की जा रही है। स्वच्छता अभियान में सामाजिक संस्थाए, स्कूल कालेज के विद्यार्थी, एनसीसी क्रेडेट भी स्वच्छता में सहभागी बन रहे है। इसी कडी में आज प्रातः शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के एनसीसी क्रेडेट दिग्विजय कालेज के आस पास साफ सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिए। शहर में प्रतिदिन स्वच्छता का माहोल देखने को मिल रहा है, जिसमें नगर निगम का स्वास्थ्य अमला सहित विभिन्न संस्थाए अपनी सहभागिता निभा साफ सफाई कर रहे है। आज के स्वच्छता अभियान में शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के एनसीसी क्रेडेट कालेज परिसर के आस पास साफ सफाई कर झिल्ली पन्नी उठाए तथा विद्यार्थियों को स्वच्छता से जुडने का आव्हान किये कि अपने घर के आस पास, अपने परिसर की साफसफाई रखे एवं अपने लोगो को भी स्वच्छता से जोडे। स्वच्छता अभियान के दौरान क्रेडेटो ने स्वच्छता की शपथ लिए कि अपने घरों का कचरा न सड़क पर फेकेंगे न ही किसी को फेकने देंगे। हम अपने घरों का गीला एवं सुखा कचरा अलग अलग डस्टबीन में रखेगे और नगर निगम की गाडी में ही डालेगे। हम यह भी शपथ लेते है कि सिंगल यूज प्लास्टिक एवं पॉलिथीन का उपयोग नहीं करेगे तथा शॉपिंग हेतु कपड़े से बनी थैली का ही प्रयोग करेंगे।

हर सप्ताह 2 घंटे सफाई करने समय देगें और अपने आस पास एवं शहर को स्वच्छ रखने में अपना योगदान देंगे।

## संपादकीय

### कृत्रिम बुद्धिमता का इस्तेमाल

एआई यानी आर्टीफिशियल इंटेलिजेंस (कृत्रिम मेधा) का इस्तेमाल जिस तेजी से प्रचलित होता जा रहा है। वह कई तरह के संकट भी उपजा रहा है। इसलिए संसद की समिति ने सरकार से एआई के मार्फत गढ़ी गई फर्जी खबरों को फैलाने वालों की पहचान करने और उन पर मुकदमा दायर करने के लिए ठोस कानूनी व तकनीकी समाधान विकसित करने को कहा है। संचार व सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी स्थाई समिति ने मसौदा रिपोर्ट में सूचना-प्रसारण मंत्रालय, इलेक्ट्रॉनिक्स व सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय व अन्य संबंधित मंत्रालयों के बीच सहयोग का आग्रह भी किया है हालांकि समिति के सुझाव सरकार के लिए मान्य नहीं हैं मगर संसदीय समितियां संसद का प्रतिनिधित्व करती हैं और सरकार इस पर बार-बार विचार करती रही है इसलिए ठोस कानूनी व तकनीकी समाधान विकसित किया जा सकता है। रिपोर्ट के अनुसार फर्जी खबरों का पता लगाने के लिए दो सॉफ्टवेयर प्रयोग हो रहे हैं। डीप लर्निंग फ्रेमवर्क व डीप फेक वीडियो, जिनके द्वारा फर्जी भाषण व फाइल का पता लगाने का प्रयास किया जाता है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता के प्रचलित होते ही घोटालेबाजों, उपद्रवियों व नफरत फैलाने वाले नकारात्मक लोगों द्वारा फर्जी खबरों या तस्वीरों का प्रयोग किया जा रहा है। गूगल समेत सभी तकनीकी कंपनियां कृत्रिम बुद्धिमता के उपयोग को सब बनाकर प्रचारित करने में पीछे नहीं रहना चाहती। बेशक फर्जी खबरों या वीडियो के मार्फत केवल राजनीतिक दलों को ही नुकसान नहीं पहुंचाया जा रहा बल्कि जानी-मानी शख्सियतों या भीषण दुर्घटनाओं, प्राकृतिक आपदाओं व युद्धादि की खबरों को भी बढ़ा-चढ़ाकर या वीभत्स तरीके से प्रचारित किया जाता है। फर्जी खबरों/वीडियो को समाज के लिए खतरे के तौर पर देखा जाता है इनसे न सिर्फ नागरिकों में भय फैल सकता है बल्कि दंगे-फसाद या उन्माद भी बढ़ने की आशंका है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स विभिन्न चरणों की जांच का आसान भले ही देते हैं मगर ओछी मानसिकता वाले फर्जी बातें, खबरें या तस्वीरों को वायरल करने से बाज नहीं आते हालांकि सरकार को सिर्फ अपने स्वार्थानुसार मुकदमे या कानून की बजाय एआई के किसी भी तरह के फर्जी/गलत या बदनियति से फैलाई खबरों/चित्रों पर रोकने या कानूनी कार्रवाई की कोशिश करनी होगी।

## राशिफल

मेष आज का दिन आपके लिए तनावग्रस्त रहने वाला है। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आप किसी नए काम की शुरुआत करने की योजना बनाएंगे। आप किसी के कहने में आकर किसी भी वजह के काम में ना पड़ें। आप अपने आवश्यक कामों को कल पर न टालें और आपको अपनी ऊर्जा को सही कामों में लगाना होगा, जिससे आपके काम समय से पूरे होंगे। धन को लेकर कोई काम रुका हुआ था, तो उसके भी पूरा होने की संभावना है। आप संतान का किसी नए कोर्स मे दाखिला करा सकते हैं।

वृषभ आज का दिन आपके लिए किसी नए वाहन की खरीदारी के लिए अच्छा रहेगा। व्यापार में भी आपको अच्छा लाभ मिलेगा। यदि आपको कोई परिवार में कोई कलह लंबे समय से पैर पसारे हुए थी, तो वह भी दूर होती दिख रही है। आपको अपनी संतान से किसी किए हुए वादे को पूरा करना होगा। आप अपने पिताजी को कहीं घुमाने लेकर जा सकते हैं। आपको किसी पैतृक संपत्ति संबंधित मामले में जीत मिलेगी।

मिथुन आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आज आपको अपने खर्चों को थोड़ा कंट्रोल करने की आवश्यकता है। परिवार में कोई सदस्य यदि आपसे कोई सलाह मांगे, तो आपको उनकी बातों पर ध्यान देना होगा। माताजी की सेहत में गिरावट आ सकती है। आपको बेवजह के भागदौड़ लगी रहेगी, जो आपकी टेंशनों को बढ़ाएगी। आप अपने घर लिए कुछ घरेलू चीजों के खरीदारी कर सकते हैं। राजनीति की ओर कदम थोड़ा सोच समझकर भी बढ़ाएं।

कर्क आज का दिन आपके लिए निवेश संबंधी मामलों में अच्छा रहने वाला है, लेकिन आपको कोई हानि होने की संभावना है, इसलिए आप अपनी योजनाओं पर पूरा ध्यान लगाएं। आपको अपने व्यवसाय पर पूरा ध्यान देना होगा। किसी के साथ पार्टनरशिप थोड़ा सोच समझकर करें, जो विद्यार्थी कहीं बाहर जाकर पढ़ाई-लिखाई करना चाहते हैं, उनकी परीक्षा पूरी हो सकती है। आप किसी नए घर और दुकान आदि की खरीदारी कर सकते हैं।

सिंह आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आपको किसी दूसरे के मामलों में बेवजह बोलने से बचना होगा। आप अपने घर किसी पूजा-पाठ का आयोजन कर सकते हैं और आपका धन यदि डूबा हुआ था, तो उसके भी आपको मिलने की पूरी संभावना है। आपको किसी बात को लेकर आप थोड़ा परेशान रहेंगे। सिंगल लोग यदि किसी से प्रेम करते हैं, तो वह तुरंत का इजहार कर सकते हैं, उनमे बेहतर रिजल्ट मिलेंगे। सामाजिक कार्यक्रमों से जुड़कर आप अच्छा नाम कमाएंगे।

कन्या आज का दिन आपके लिए खर्चों से भरा रहने वाला है। आपको कोई आंखों से संबंधित समस्या हो सकती है। आपको घर परिवार में किसी सदस्य की कोई बात बुरी लग सकती है। आपको कोई छुपा हुआ राज परिवार के सदस्यों के सामने आ सकता है, जो आपकी टेंशनों को बढ़ाएगा और लड़ाई-झगड़े भी बढ़ेंगे। आपको अपनी संतान की संगति पर विशेष ध्यान देना होगा। आपके रिश्ते में एक नयापन आएगा। जीवनसाथी से आपकी खूब पटेगी।

तुला आज का दिन आपके लिए इनकम के मामले में कमजोर रहेगा। उतार-चढ़ाव रहने से आपका मन परेशान रहेगा। आप किसी नए घर का काम शुरू कर सकते हैं। यदि आप किसी यात्रा पर जाएंगे, तो उसमें आपकी कोई प्रिय वस्तु खोने व चोरी होने की संभावना है। वाहन की खराबी के कारण आपकी समस्याएं बढ़ेंगी। आपको भाई और बहनों का पूरा सहयोग मिलेगा। प्रॉपर्टी को लेकर भी कोई बंटवारा हो सकता है, जिसमें आपको वरिष्ठ सदस्यों से राय लेनी होगी।

वृश्चिक आज आपको अपने स्वास्थ्य पर पूरा ध्यान देना होगा, तो आप कोर्ट-कचहरी से संबंधित मामले में आप अपने आंख और कान खुले रखें और किसी से बेवजह वाद विवाद में ना पड़ें। आपकी कुछ नया करने की कोशिश रंग लाएगी। कार्यक्षेत्र में आप लोगों से अपने काम से काम मतलब रखें। आपको किसी से कोई जरूरी जानकारी शेयर करने से बचना होगा। आज का दिन आपके लिए सुख-सुविधाओं में वृद्धि लेकर आने वाला है।

धनु आज का दिन आपके लिए कठिनाइयां लेकर आएगा। आपको कामों में विघ्न आते रहेंगे। आपका बॉस से भी आपकी कहासुनी हो सकती है, जिससे आपके प्रमोशन पर रोक लग सकती है। संतान अच्छा करने की पूरी कोशिश करेगी। आपको उनके मन में चल रही समस्याओं को दूर करने की आवश्यकता है। आपको अपने परिवार के सदस्यों का सहयोग मिलेगा। दान धर्म के कार्यों में आपकी काफी रुचि रहेगी। आप किसी यात्रा पर जाएंगे, तो वह आपके लिए अच्छी रहेगी।

मकर आज आपको किसी विपरीत परिस्थिति में धैर्य बनाए रखना होगा। व्यापार में भी आपको अच्छा लाभ मिलेगा। आपको कोई प्रिय वस्तु उपहार स्वरूप प्राप्त हो सकती है, जो आपके लिए अच्छी रहेगी। सरकारी योजनाओं का आपको पूरा लाभ मिलेगा। आपको किसी काम को लेकर यदि समस्या आ रही है, तो वह दूर होती दिख रही है। आपको अपने किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलकर खुशी होगी। राजनीति में कार्यरत लोगों की किसी बात पर वाद-विवाद होने की संभावना है।

कुंभ आज के दिन नौकरी में कार्यरत लोगों को कुछ समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। आप किसी विरोधी के बातों में ना आएं। शेयर मार्केट से जुड़े लोगों को थोड़ा सोच समझकर निवेश करने की आवश्यकता है। पिताजी आपको कोई जिम्मेदारी देंगे, उस पर आप खरे उतरेंगे। व्यापार में भी आपको कुछ उतार-चढ़ाव तो लगे रहेंगे, लेकिन फिर भी आप लगे रहेंगे। विद्यार्थियों को बौद्धिक और मानसिक बोझ से छुटकारा मिलेगा। आपके मन में प्रेम और सहयोग की भावना बनी रहेगी।

मीन आज का दिन आपके लिए स्वास्थ्य मामलों में कमजोर रहने वाला है। आपके विरोधी कार्यक्षेत्र में आपको मात देने की कोशिश करेंगे, लेकिन आपको वाहनों का प्रयोग थोड़ा सोच समझकर करना होगा। आप किसी से कोई जरूरी जानकारी शेयर ना करें। व्यापार में आप अपने काम करने के तरीके में बदलाव करेंगे, जो आपके लिए अच्छा रहेगा। आपके घर किसी अतिथि का आगमन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। आप अपनी आवश्यकताओं के पूर्ति पर अच्छा खासा खर्चा करेंगे।

# अल्ज़ाइमर : स्मृति ह्रास की वैश्विक चुनौती

**ललित गर्ग**

मस्तिष्क और स्मृति की उपेक्षा से बढ़ रहा स्मृति लोप का रोग दुनिया की एक बड़ी गंभीर समस्या हैं। याददाश्त हर उम्र के व्यक्ति के लिए सबसे बड़ी पूंजी है। तेज़-तर्रार और तनावग्रस्त जीवन ने शरीर और आत्मा दोनों को उपेक्षित कर दिया है। अल्ज़ाइमर की चुनौती हमें याद दिलाती है कि स्वस्थ मस्तिष्क ही स्वस्थ जीवन और स्वस्थ समाज का आधार है। मनुष्य अपनी स्मृति से ही मनुष्य है; जब यादें खोने लगती हैं तो पहचान भी धुंधला जाती है। स्मृति का ह्रास केवल व्यक्ति की कमजोरी नहीं, बल्कि उसकी अस्तित्वगत पहचान के मिट जाने की त्रासदी है। इस बढ़ते रोग की भयानकता के कारण ही 21 सितम्बर को पूरी दुनिया विश्व अल्ज़ाइमर दिवस मनाती है। यह केवल एक स्वास्थ्य-समस्या की याद नहीं दिलाता, बल्कि यह चेतावनी भी है कि आधुनिक जीवनशैली, मानसिक दबाव और बदलते सामाजिक ढाँचे ने हमारे मस्तिष्क को असमय थका दिया है।

आज दुनिया में पाँच करोड़ से अधिक लोग डिमेंशिया से पीड़ित हैं और इनमें सबसे बड़ी हिस्सेदारी अल्ज़ाइमर रोगियों की है। अल्जाइमर दिमाग की एक बीमारी है जिसमें इंसान धीरे-धीरे बातों को भूलने लगता है। शुरुआत में छोटी-छोटी बातें भूलती हैं जैसे किसी का नाम, चीज कहां रखी थी या हाल की घटना। लेकिन समय के साथ यह भूलना इतना बढ़ जाता है कि व्यक्ति को अपने परिवार के लोग, जगह या रोज के काम भी याद नहीं रहते। विश्व स्वास्थ्य संगठन का अनुमान है कि 2050 तक यह संख्या तीन गुना तक पहुँच सकती है। हर तीन सेकंड में दुनिया के किसी न किसी कोने में एक नया डिमेंशिया रोगी जुड़ जाता है। दुनिया में, 2025 तक 55 मिलियन (5.5 करोड़) से अधिक लोग मनोभ्रंश (डिमेंशिया) से पीड़ित हैं, और 2050 तक यह संख्या बढ़कर 139 मिलियन (13.9 करोड़) तक पहुंचने का अनुमान है, जिसमें अल्जाइमर रोग इसका सबसे आम रूप है। भारत में, 2023 के एक अध्ययन के अनुसार 9 मिलियन (90 लाख) से अधिक बुजुर्ग मनोभ्रंश से जूझ रहे हैं, और यह संख्या 2036 तक बढ़कर लगभग 17 मिलियन (1.7 करोड़) हो जाने का अनुमान है। आंकड़ों के अनुसार, यह समस्या महिलाओं को अधिक होती है। एम्स और निम्हैंस जैसी संस्थाएं इसकी शुरूआती पहचान और रिसर्च पर काम कर रही है। बुजुर्गों के साथ-साथ युवाओं में इस रोग का बढ़ना ज्यादा चिन्ताजनक है।

अल्जाइमर के बढ़ने के कारणों में मुख्य रूप से बढ़ती उम्र, आनुवंशिकी (कुछ जीन) और मस्तिष्क में असामान्य प्रोटीन जमाव शामिल हैं। इसके अलावा, उच्च रक्तचाप, मधुमेह, मोटापा और धूम्रपान जैसे जीवनशैली संबंधी कारक, और हृदय संबंधी समस्याएँ भी अल्जाइमर के जोखिम को बढ़ा सकती हैं। शोध बताते हैं कि लगातार



मोबाइल इस्तेमाल करने वालों में 35 प्रतिशत तक याददाश्त और एकाग्रता कम हो सकती है। लंदन यूनिवर्सिटी ने पाया कि मोबाइल पास होने मात्र से 10 प्रतिशत तक स्मृति घट जाती है। आईएएमएआई की रिपोर्ट बताती है कि भारत में 60 करोड़ स्मार्ट फोन इस्तेमाल करने वाले हर रोज औसतन 4.9 घंटे मोबाइल पर रहते हैं। एम्स के मुताबिक, युवाओं में डिजिटल डिमेंशिया जैसे लक्षण बढ़ रहे हैं। इस रोग की सबसे भयावह सच्चाई यह है कि यह केवल रोगी को नहीं, बल्कि उसके पूरे परिवार को प्रभावित करता है। स्मृति का खो जाना, निर्णय लेने की क्षमता का क्षीण हो जाना, बार-बार वही प्रश्न पूछना, भाषा और व्यवहार में असामान्यता आना और अंततः अपनी पहचान तक खो बैठना-यह सब न केवल रोगी बल्कि उसके आसपास के लोगों के लिए भी असहनीय स्थिति बन जाती है।

अल्ज़ाइमर का सीधा संबंध मस्तिष्क की कोशिकाओं से है। यह एक प्रगतिशील रोग है जिसमें मस्तिष्क की कोशिकाएँ धीरे-धीरे नष्ट होने लगती हैं। उम्र बढ़ने के साथ इसका खतरा अधिक हो जाता है, लेकिन केवल यही कारण नहीं है। असंतुलित जीवनशैली, तनाव, नींद की कमी, मानसिक निष्क्रियता, नशे की आदतें और अस्वास्थ्यकर आहार भी इसके बड़े कारण हैं। धीरे-धीरे मनुष्य की सोचने-समझने की शक्ति कम होने लगती है और उसका व्यक्तित्व बदल जाता है। यह रोग न केवल चिकित्सा की दृष्टि से, बल्कि सामाजिक और आर्थिक दृष्टि से भी गहरी चुनौती है। रोगी की देखभाल पर आने वाला खर्च कई बार परिवार की आर्थिक रीढ़ तोड़ देता है। परिवार के सदस्यों के लिए यह लगातार तनाव और थकान का कारण बनता है। कई बार यह रोग परिवारों में दूरी और टूटन का भी कारण बन जाता है। एक ओर बढ़ती वृद्धावस्था, दूसरी ओर उपेक्षा और अकेलेपन का संकट-ये सभी मिलकर स्थिति को और भी विकट बना देते हैं।

अल्जाइमर दिमाग से जुड़ी एक गंभीर बीमारी है, जिसमें दिमाग की कोशिकाएं नष्ट होने लगती हैं। इससे याददाश्त बुरी तरह प्रभावित होती है। व्यक्ति के व्यवहार और जीवन पर असर पड़ने लगता है। वह धीरे-धीरे सब कुछ भूल जाता है। प्रारंभिक चरण में स्मृति हल्की, लेकिन ध्यान देने योग्य होती है। लोग हाल ही में घटित घटनाओं या परिचित नामों को भूल सकते हैं। मध्यम अवस्था में संज्ञानात्मक गिरावट अधिक सपष्ट हो जाती है। रोगी को समस्या-समाधान करने, बोलने या नियमित काम करने में समस्या हो सकती है। निगलने में कठिनाई और फेफड़ों में संक्रमण जैसी जटिलताएं सामने आती हैं। उन्नत अवस्था में रोगी बात करने में असमर्थ हो सकते हैं। उन्हें हर समय देखभाल करने की जरूरत हो सकती है। वे खाने व चलने जैसे बुनियादी काम नहीं कर पाते। वे बार-बार गिर सकते हैं, जिसमें उन्हें चोट लग सकती है।

दुर्भाग्य यह है कि अल्ज़ाइमर का आज तक कोई पूर्ण उपचार उपलब्ध नहीं है। अमेरिका में हाल में कुछ दवाओं को शुरूआती स्तर पर अल्जाइमर की प्रगति धीमी करने के लिए मंजूरी मिली है। ये दवाएं दिमाग में एमीलॉइड प्लेक्स कम करने पर काम करती हैं, जिन्हें समस्या का मुख्य कारण माना जाता है। संभावना है जल्दी ही देश में भी ये दवाएं मिलने लगेंगी। दवाइयाँ केवल इसकी गति को कुछ समय के लिए धीमा कर सकती हैं। ऐसे में रोकथाम के लिये संकल्प, प्राकृतिक उपचार, मनोबल ही सबसे बड़ी दवा है। नियमित व्यायाम, संतुलित आहार, पर्याप्त नींद, योग और ध्यान जैसे अभ्यास, मानसिक सक्रियता बनाए रखना, नई-नई चीजें सीखना, किताबें पढ़ना और सामाजिक जुड़ाव बनाए रखना-ये सब मस्तिष्क को सक्रिय और स्वस्थ बनाए रखने के महत्वपूर्ण साधन हैं। जीवनशैली में थोड़े-से परिवर्तन अपनाकर इस रोग को देर तक टाला जा सकता है। लेकिन यह भी उतना ही सच है कि अल्ज़ाइमर से पीड़ित लोगों को सबसे अधिक आवश्यकता हमारी करुणा और सहानुभूति की होती है। यह केवल चिकित्सा की नहीं, बल्कि संवेदना की भी चुनौती है। हमें रोगियों को बोझ न समझकर उनके आत्मसम्मान को बनाए रखना चाहिए। उनके प्रति धैर्य, प्रेम और संवेदनशीलता का व्यवहार ही उन्हें कुछ हद तक संबल दे सकता है। इस बीमारी के बारे में जागरूकता बढ़ाने और रोगियों में कलंक एवं हीनता के भाव को कम करने के लिए ही विश्व अल्जाइमर दिवस मनाया जाता है। विश्व अल्ज़ाइमर दिवस की थीम हर साल बदलती है ताकि डिमेंशिया देखभाल और जागरूकता के विभिन्न पहलुओं पर ध्यान केंद्रित किया जा सके। 2025 की थीम है 'डिमेंशिया के बारे में पूछें, अल्ज़ाइमर के बारे में पूछें', जिसका उद्देश्य अल्ज़ाइमर रोग और डिमेंशिया के बारे में वैश्विक जागरूकता बढ़ाना, खुले संवाद को प्रोत्साहित करना और समय पर निदान को बढ़ावा देना है। ये थीम दुनिया भर में जागरूकता अभियानों का मार्गदर्शन करती हैं, तथा हमें याद दिलाती हैं कि अल्जाइमर केवल एक स्वास्थ्य समस्या नहीं है, बल्कि एक सामाजिक चुनौती भी है, जिसके लिए करुणा, चिकित्सा सहायता और मजबूत नीतियों की आवश्यकता है, जो इस रोग के बारे में बेहतर समझ और रोगियों को मजबूत इच्छाशक्ति बनाने में मदद कर सकती है।

# श्रद्धा से जो कुछ दिया जाए वही श्राद्ध है

**भावना संजीव ठाकुर**

श्राद्ध कर्म के द्वारा पित्रश्रृण से मुक्त हुआ जा सकता है इससे पितृ-गण वर्ष भर प्रसन्न रहते हैं।जानकी माता सीता द्वारा श्राद्ध की भावपूर्ण कथा प्रचलित हैं-श्री राम जी द्वारा गया जी के रूद्रपद पर पिंडदान किया गया तब दशरथ जी कृतार्थ हुए और उन्हें रुद्रलोक की प्राप्ति हुई थी उन्होंने श्री राम जी को समस्त अयोध्या वासियों सहित बैकुंठ धाम जाने का वर दिया था ।माता सीता द्वारा दिया गया श्राद्ध भोज-एक बार अयोध्या में श्री राम सीता द्वारा श्राद्ध के लिए ब्राह्मण भोज दिया गया , फलस्वरूप दूर दूर से ब्रम्णणों की टोलियां पधारने लगीं।शिव जी को जब श्राद्ध भोजन के संदर्भ में मालुम हुआ तो वे एक वृद्ध ब्राह्मण का रुप रख कर टोली में शामिल होकर अयोध्या पहुंच गए।कहां "मुझे भी भोजन कराएं राजन "श्री राम जी उन विशिष्ट अतिथि को पहचान गए कि स्वयं शिव शंकर आए हैंलेकिनवहइसदौरान हमारी परीक्षा लेने ।श्री राम जी ने बड़े सम्मान पूर्वक वृद्ध ब्राह्मण के चरण धुलाकर आसन पर बैठाया ।उनको भोजन परोसा गया ,छोटे भाई लक्ष्मण जो भी परोसते वृद्ध ब्राह्मण एक ही ग्रास में ग्रहण कर लेते पत्तल में कुछ दिखता ही नहीं ,रुकता ही नहीं ,और भी सभासद आ गये जो पत्तल को भरने लग गए पर पत्तल खाली की खाली ही रहती गई।दूर खड़े श्री राम जी शिव जी की लीला देख मन ही मन रोमांचित हो रहे थे ।बात फैलते फैलतै राज महल और माता सीता तक पहुंच गई,रसोई का संपूर्ण संचालन एवं नियंत्रण वे ही देख रही थीं।एक बूढा ब्राह्मण आया है ,जिसकी पत्तल मे खाना रुकता ही नहीं ,भोजन सामग्री क्षण भर में साफ हो जाती है ।अब यह भोज प्रतिष्ठा का विषय बन गया ,लिए महल का पूरा भोजन और सामग्री समाप्त होने लगी,पर भगवान शिव शंकर तृप्त नहीं हुए ।सीता माता चिंतित हो गईं तब श्रीराम जी ने माता अन्नपूर्णा पार्वती जी का आवाहन किया कि आप ही भगवान शंकर जी की क्षुधा शांत कर सकती हैं ।सभी परोसने वाले वहां से हटा दिये गए,माता अन्नपूर्णा वहां प्रगट हो गईं।श्रीराम जी ने माता अन्नपूर्णा से निवेदन किया कि इन्हें आपके अतिरिक्त और कोई तृप्त नहीं कर सकता हैआप ही अपने स्वामी को भोजन कराइये।अन्नपूर्णा माता ने भोजन पात्र अपने हाथ में लिया वैसे ही वह अक्षय पात्र बन गया अन्नपूर्णा माता विश्वनाथ को भोजन कराने लगीं,पत्तल में एक लड्डू परोसा ,शंकर जी खाते खाते तक गये, लड्डू समाप्त नहीं हुआ,माता ने दोबारा परोसना चाहा तो शंकर जी ने मना कर दिया।शंकर जी ने डकार ली और हंसकर कहा - "अन्नपूर्णा तुम्हें आना पड़ा,अब मैं तृप्त हो गया। सीता माता द्वारा श्राद्ध का प्रसंग;- जब उन्होंने साक्षात दशरथ जी को पितृ भोज करते देखा -- भगवान श्री कृष्ण से पक्षीराज गरूड़ ने पूछा लोग अपने पितर को मिल कर तरह तरह का भोजन कराते हैं, तो क्या उनके पित्र ,देवलोक से मृत्यु लोक में वह भोजन गृहण करने आते हैं?क्या उन्हें



कोई देख सकता है।इसका क्या प्रमाण है ।तब श्री कृष्ण जी ने देवी सीता का प्रसंग सुनाया था।माता सीता ने पुष्कर तीर्थ में श्राद्ध किया था तब उन्होंने अपने ससुर सहित तीन पितरों को आमंत्रित ब्राह्मणों के शरीर में देखा था।वह कथा सुने-पिता की आज्ञा से श्रीराम लक्ष्मण सीता जी वनवास चले गए उन्हें ज्ञात हो गया था कि दुख में उनके पिता की मृत्यु भी हो गई है।जब श्री राम जी पुष्कर पहुंचे तो उन्होंने अपने पिता के निमित्त श्राद्ध किया इससे श्रेष्ठ अवसर हो ही नहीं सकता कि पिता का श्राद्ध पुष्कर में हो ।श्री राम जी ने सभी शाक फल भोजन सामग्री की व्यवस्था की और माता सीता ने रसोई बनाई।सम्पूर्ण विधी विधान के साथ वहां श्राद्ध हेतु ब्राह्मणों का आवाहन किया गया।सभी नेआसन गृहण कर लिया ,जो भोजन उपलब्ध था,वह पत्तल में परोसा गया,माता जानकी स्वयं व्यवस्था कर रही थीं ।अचानक जानकी भोजन करते ब्राह्मण और श्रृषियों के बीच से निकलीं और तुरंत ही दूर चली गईं ,जाकर वे घनी झाड़ियों लताओं के पीछे छिपकर बैठ गईं,यह सभी कृत्य श्री राम जी देख रहे थे ,उन्हें आश्चर्य भी हुआ ,वे ब्राह्मण, ऋषियों के भोजन सम्पन्न होने की प्रतीक्षा कर रहे थे।भोजन उपरांत श्री राम ने जानकी माता से बोले -हे सीते तुम्हे तो मालुम है, कि ब्राह्मण,ऋषियों के रुप में स्वंय पितृ भोजन करते हैं ,फिर तुम अचानक वहां से कैसे आ गईं,कुछ कमी हो जाती टू वे रुष्ट हो सकते थे ?तब रुंधे गले से माता जानकी ने बहुत ही भावुक करने वाला जबाब दिया -वहां उपस्थित ब्राह्मण एवं ऋषियों के बीच मैनेदो महापुरुषों को देखा जो राजसी वेषभूषा में सजे धजे थे ,तभी मैंने आपके पिता जी के दर्शन किये,वे भी सभी राजसी वस्त्र आभूषण से सजे हुए थे।तभी मुझे लज्जा का बोध हुआ ,और मन में कुछ और भी आयाउसी क्षण मैंने निश्चय किया,हे प्रभू ,मैं इन सन्यासी वस्त्र,पेड़ की छाल,मृघचर्म धारण करके अपने ससुर के सम्मुख कैसे जा सकती हूं? जो भोजन हम परोस रहे थे ,वह तो राजा दशरथ के दास भी नहीं स्वीकार करते ,मिट्टी और पत्ते के दोने में वह भोजन कैसे दे सकती थी ?मैं तो अभी भी अपने ससुर की वहीं राजकुमारी लाडली बहू हूं,जो हमेशा स्वर्ण आभूषणों से कीमती वस्त्रों से सुसज्जित महारानी हूं।आज मैं अपनी इस अवस्था में उनके सामने कैसे जाती ,उनके मन को कितना क्षोभ पहुंचता ,मै उनके मन को दुख नहीं पहुंचा सकती थी , अतः मैं शीघ्रता से उनकी नजरों से दूर होकर , लताओं की ओट मे छुप गई ।तब गरुण जी संतुष्ट हुए कि पित्र मृत्यु लोक में आकर अपना भोजन गृहण करते हैं।सीता माता द्वारा फल्गु नदी आदि को दिया गया श्राप - कथा - एक बार वनवास के समय श्रीराम लक्ष्मण एवं सीता जी गया जी तीर्थ पहुंचे उन्होंने पिता दशरथ के लिए श्राद्ध हेतु ब्राह्मणों से निवेदन किया ।फलस्वरूप श्री राम लक्ष्मण श्राद्ध सामग्री एकत्र करने वरेण्य चले गए ,माता सीता उनकी राह देखते फल्गु नदी तट पर बैठी थीं,जब काफी समय बीत गया दैपहर हो गई,श्राद्ध का समय बीतने लगा तब माता सीता ने ब्राह्मण जी के कहने पर अपने ससुर का श्राद्ध कर दिया ।जब श्री राम लक्ष्मण सामग्री लेकर लौटे तो उन्हें ज्ञात हुआ श्राद्ध तो हो गया है और दशरथ जी ने स्वीकार कर लिया है। श्री राम जी क्रोध में आ गए थे कि बिना सामग्री बिना पुत्र के द्वारा पिता का श्राद्ध कैसे हो सकता है ? माता सीता ने पांच सबूतों को प्रस्तुत किया जो उस घटना के समय उपस्थित होकर श्रद्धा को देख रहे थे वे थे फल्गु नदी,कौआ, ब्राह्मण,गाय ,तुलसी पौधा और बरगद का पेड़ ।श्री राम जी के क्रोध को देखकर फल्गु नदी, कौआ,तुलसी पौधा,गाय,ब्राम्हण ने झूठ बोला उन्हें नहीं पता कि श्राद्ध हुआ कि नहीं ।सिर्फ बरगद के पेड़ ने ही कहा- हां माता सीता ने श्राद्ध किया है और दशरथ जी ने उसे सहर्ष स्वीकार किया है।तब सीता माता ने उन पांचों को झूठ बोलने पर श्राप दिया -फल्गू नदी केवल नाम की नदी रहेगी जिसमे पानी नहीं रहेगा ।कौआ -हमेशा लड़ते-झगड़ते रहेगा भोजन के लिए।गाय -केवल उसके पिछले भाग को पूजा जाएगा उसे अपनीहीभोजन के लिए भटकना पड़ेगा।ब्राह्मण -इनको जितना भी मिले कभी सतोष नहीं होगा ।तुलसी का पौधा कभी गया में नहीं पनपेगा ।बरगद के पेड़ को दीर्घायु होने का वरदान मिला ,सती महिलाएं अपने सौभाग्य के लिए बरगद की प्रिक्रमा करेंगी ,बरगद की छाया लोगों को सुकून देगी ।इस तरह सनातन धर्म में देवी माता-सीता के समय से श्रृद्धा पूर्वक श्राद्ध करने की प्रथा चली आ रही है ।

# 30 की उम्र के बाद महिलाएं दिखेंगी जवान और फिट!

30 की उम्र में महिलाओं के शरीर में काफी बदलाव आते हैं। इस अवधि में सबसे ज्यादा हड्डियां कमजोर होने लगती हैं। अगर महिलाएं रोजाना 1 चम्मच घी खाएं तो इससे इन्हें कई सारे फायदे मिलेंगे। घी में कई सारे गुण पाएं जाते हैं। लेकिन कुछ लोगों का मानना होता है इसके सेवन से वजन बढ़ता है, हालांकि इसे सही मात्रा में खाने से काफी लाभ मिलता है। अक्सर 30 की उम्र के बाद महिलाओं के बॉडी में काफी बदलाव देखने को मिलते हैं। वैसे भी उम्र के अलग-अलग पड़ाव में खान-पान का विशेष ध्यान भी रखा जाता है। एज के हिसाब से बॉडी की न्यूट्रिशनल जरुरत को पूरा करने के लिए एक हेल्दी रूटीन को जरुर फॉलो करें, जिससे शरीर भी मजबूत बना रहेगा। 30 की उम्र के बाद महिलाओं में कई हार्मोनल बदलाव आते हैं। इस दौरान मेटाबॉलिज्म भी धीमा होने लगता हैं और हड्डियों के लिए अत्यधिक पोषण चाहिए होता है। इसलिए महिलाओं को 30 के उम्र के बाद घी का सेवन जरुर करना चाहिए।

**30 की उम्र के बाद महिलाएं 1 चम्मच घी जरुर खाएं**-- इस उम्र के दौरान महिलाओं में हार्मोनल इंबैलेंस शुरु हो जाते हैं। 30 की उम्र में महिलाओं का मूड, एनर्जी लेवल और पीरियड साइकिल पर होता है। ऐसे में एक चम्मच घी खाने से शरीर मजबूत बनता है। इसके साथ ही हार्मोस का बैलेंस करने में मदद मिलती है।

- घी में हेल्दी फैट्स पाए जाते हैं, जो हार्मोनल हेल्थ को दुरुस्त करता है और शरीर में एस्ट्रोजन और प्रोजेस्टेरोन का बैलेंस करते हैं।

- 30 के बाद महिलाओं के शरीर में कैल्शियम की कमी होने लगती है और हड्डियों के कमजोर होने से दिक्कत बढ़ जाती है। घी मे पाया जाता है विटामिन- डी और विटामिन- के जो शरीर में कैल्शियम अब्जॉर्ब करने में मदद करते हैं।

-घी के सेवन करने से जोड़ों में मजबूती बनीं रहती है और अर्थराइटिस की दिक्कत नहीं होती है।

- घी में ओमेगा-3 फैटी एसिड्स और ब्यूरेटिक एसिड, मेंटल हेल्थ के लिए भी जाना जाता है।

- 30 के बाद बाद मेटाबॉलिज्म धीमा होने लगाता है। इसलिए घी का सेवन करने से पाचन तंत्र स्ट्रांग बना रहता है और कब्ज की समस्या से दूर होती है और आंतों की सूजन कम हो जाती है।

- घी को सही मात्रा में खाने से कभी वजन नहीं बढ़ता है। इसलिए महिलाएं एक चम्मच घी रोजाना जरुर लें।

- घी का सेवन करने से एजिंग साइन्स दूर होने लगते हैं और बाल भी झड़ने कम हो जाते हैं। घी खाने से त्वचा को हाइड्रेशन और ग्लो प्रदान होता है।

## सू- दोकू क्र.176

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | | 1 | | 5 | |
| 6 | | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | 3 | | | | 2 | | 1 | |
| | | 3 | | 9 | | 5 | | 4 |
| 5 | | | 3 | | | | 9 | |
| | | 4 | | 2 | | | | 6 |
| 4 | | | 2 | | 3 | | 6 | |
| | | 6 | | | | 8 | | 7 |
| | 2 | 9 | 7 | | 6 | | | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र175 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 5 | 9 | 3 | 4 | 7 | 6 |
| 4 | 7 | 8 | 1 | 6 | 2 | 3 | 5 | 9 |
| 3 | 6 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 |
| 8 | 5 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 7 | 9 | 4 | 2 | 1 | 6 | 8 | 3 | 5 |
| 6 | 4 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 | 3 |
| 1 | 8 | 5 | 4 | 3 | 7 | 9 | 6 | 2 |
| 9 | 2 | 3 | 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 |

एक नजर

## विशेषज्ञ चिकित्सक एवं फार्मासिस्ट के आवेदन 29 तक

**बलौदाबाजार, 20 सितम्बर।** आयुष विभाग बलौदाबाजार अंतर्गत पंचकर्म सेंटर हेतु विशेषज्ञ एवं फार्मासिस्ट आयुर्वेद के रिक्त पद हेतु निर्धारित योग्यता रखने वाले इच्छुक अभ्यर्थी जिला आयुष अधिकारी कक्ष क्रमांक 90 संयुक्त जिला कार्यालय बलौदाबाजार में 29 सितम्बर 2025 को समस्त दस्तावेजों के साथ उपस्थित हो सकते हैं। डीएमएफ के तहत अस्थायी कार्य व्यवस्था हेतु यह नियुक्ति 31 मार्च 2026 तक के लिए होगी। नियुक्ति के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी के लिए जिले की वेबसाईट का अवलोकन किया जा सकता है।

## सीएससी संचालक के आवेदन 1 अक्टूबर तक

**बलौदाबाजार, 20 सितम्बर।** आधार पंजीयन का कार्य इन हाउस मॉडल अंतर्गत शासकीय भवनों में संचालन हेतु इच्छुक आधार ऑपरेटर, लोक सेवा केन्द्र ऑपरेटर,सी.एस.सी संचालक हेतु आवेदन 1 अक्टूबर 2025 तक आमंत्रित किया गया है। इच्छुक संचालक शर्तों के अनुसार निर्धारित प्रारूप एवं समय-सीमा में कक्ष क्र. 78, प्रथम तल, ई-गवर्नेस कार्यालय बलौदाबाजार में आवेदन जमा कर सकते हैं। इच्छुक आधार ऑपरेटर,लोक सेवा केन्द्र ऑपरेटर,सी.एस.सी संचालक संयुक्त जिला कार्यालय कलेक्टोरेट,जिला पंचायत,अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सिमगा एवं पलारी,नगर पंचायत कार्यालय पलारी एवं टुण्डरा,तहसील कार्यालय बलौदाबाजार, पलारी, सोनाखान, सुहेला हेतु आवेदन कर सकते हैं। आवेदन से सम्बधित विस्तृत जानकारी के लिए जिले की वेबसाईट का अवलोकन किया जा सकता है।

## 20 युवाओं ने किया रक्तदान



**बलौदाबाजार, 20 सितम्बर।** सेवा पखवाड़ा के तहत औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बलौदाबाजार में शुक्रवार को रेड क्रॉस सोसायटी के माध्यम से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न ट्रेड के 20 युवाओं ने रक्तदान कर सामाजिक दायित्व निभाया जिससे 20 यूनिट रक्त की प्राप्ति हुई। कार्यक्रम में संस्था के एलएडी तिरपुड़े, इंडियन रेडक्रास सोसायटी बलौदाबाजार के पदाधिकारी, प्रभारी प्रशिक्षण अधिक्षक परमानंद गौड, कार्यक्रम संयोजक भूपेन्द्र सिंह वर्मा सहित अन्य अधिकारी एवं प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।

## नशामुक्ति अभियान के तहत मैराथन दौड़ 21 को

**बीजापुर 20 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ राज्य गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर रजत जयंती वर्ष 2025-26 के तहत् बीजापुर जिले में समाज कल्याण विभाग की ओर से सेवा पखवाड़ा दिवस कार्यक्रम के अंतर्गत् 21 सितम्बर 2025 को प्रातः 07:00 बजे से नशामुक्ति अभियान मैराथन (ओपन कैटेगरी-महिला एवं पुरुष पृथक-पृथक) का आयोजन आत्मनिर्भर भारत, फिट इंडिया व नशामुक्त भारत के टैग लाईन के तले किया जाना है। जिसमें बीजापुर जिले में निवासरत किसी भी आयु वर्ग के प्रतिभागी उक्त मैराथन में भाग ले सकते हैं। मैराथन में महिला एवं पुरुष दोनो वर्गों के लिये पृथक-पृथक नगद पुरूस्कार राशि प्रदाय किया जाएगा। मैराथन में भाग लेने हेतु मैराथन प्रारंभ स्थल कलेक्टोरेट परिसर बीजापुर में 21 सितम्बर 2025 को प्रातः 06:30 बजे उपस्थित होना अनिवार्य है।

## कलेक्टर ने आश्रम छात्रावासों का किया निरीक्षण

**कोंडागांव, 20 सितंबर।** कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने आज कोंडागांव विकासखंड के आश्रम, छात्रावासों और विद्यालयों का निरीक्षण किया और शैक्षणिक गतिविधियों सहित बच्चों के भोजन व आवासीय सुविधाओं को देखा। कलेक्टर ने बालक आश्रम कारसिंग में विभिन्न कक्षों में अध्ययनरत बच्चों से चर्चा कर पढ़ाई के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने अधीक्षक और शिक्षकों को निर्देशित किया कि बच्चों को साफ सफाई की आदतें और अनुशासन सिखाएं।

# भाजपा गुजरात ने दंतेवाड़ा जिले के बाढ़ पीड़ितों के लिए भेजी 5 कंटेनर राहत सामग्री

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया वितरित

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 20 सितम्बर।** अति वर्षा एवं बाढ़ के कारण दंतेवाड़ा जिले के विभिन्न नगरीय एवं ग्राम पंचायतों के पीड़ितों के लिए भारतीय जनता पार्टी गुजरात ने 05 कंटेनर राहत सामग्री किट भेजी है। विधायक चैतराम अटामी एवं भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता समेत भाजपा पदाधिकारी,जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ताओं ने प्रभावित क्षेत्र पर पहुंचकर बाढ़ पीड़ितों से मुलाकात किया एवं राहत सामग्री किट वितरित किया। विधायक चैतराम अटामी ने भाजपा गुजरात का आभार व्यक्त करते हुए कहा की बाढ़ से उत्पन्न हुए हालत पर भाजपा गुजरात ने अपनी चिंता व्यक्त की और कर्तव्य समझते हुए हमारे जिले के बाढ़ पीड़ितों के लिए मदद का हाथ बढ़ाया एवं 05 कंटेनर राहत सामग्री किट भेजवाई जिसमे दैनिक जरूरत की बहुत सारे





सामान है,जिले के देवतुल्य जनता की ओर से में समस्त भाजपा गुजरात के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करता हुं। समलूर,तुमनार,बिन्जाम,बांगापाल,बालपेट, बालूद एवं चुडी टिकरा पहुँच विधायक चैतराम अटामी,जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता, जनप्रतिनिधि,भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने राहत सामग्री किट वितरित किया। भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता ने भी भाजपा गुजरात के समस्त पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं का भाजपा दंतेवाड़ा की ओर से आभार व्यक्त किया।

## स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत स्वास्थ्य सुरक्षा शिविर आयोजित

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा, 20 सितम्बर।** कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार एवं जिला पंचायत सीईओ श्री जयंत नाहटा के मार्गदर्शन में चल रहे स्वच्छता ही सेवा है अभियान (17 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2025) के अंतर्गत आज ग्राम पंचायत भांसी में एक दिवसीय स्वास्थ्य सुरक्षा शिविर का आयोजन किया गया।

इस शिविर में भांसी सेक्टर के अंतर्गत आने वाले 13 ग्रामों भांसी, बड़ेकमेली, दुगेली, मोलसनार, गंजेनार, मसेनार, नेरली, पाढ़ापुर, बेनपाल, बड़ेबचेली, धुरली, गामावाड़ा और कुम्हाररास से लगभग 40 स्वच्छताग्राही एवं सफाई कर्मचारी शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत ''वाश'' कार्यक्रम के जिला सलाहकार श्री सुरेश कुमार अनंत ने की। उन्होंने स्वच्छताग्रहियों को सुरक्षा एवं गरिमा, जल स्वच्छता और साफ-सफाई के महत्व पर प्रशिक्षण दिया तथा कार्य करते समय सुरक्षा उपकरणों के उपयोग, नियमित स्वास्थ्य जांच और व्यक्तिगत स्वच्छता पर विस्तार से मार्गदर्शन प्रदान किया। शिविर में बचेली प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से आए मेडिकल ऑफिसर डॉ. मंदीप कुमार मीणा एवं उनकी टीम ने सभी स्वच्छताग्रहियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। इस दौरान उच्च रक्तचाप, शुगर और हीमोग्लोबिन सहित सामान्य स्वास्थ्य जांच की गई और आवश्यक दवाइयां भी उपलब्ध कराई गईं।

इस शिविर में कुल 40 स्वच्छताग्रहियों का स्वास्थ्य परीक्षण संपन्न हुआ। इस अवसर पर स्वच्छता नोडल अधिकारी श्री श्यामलाल मरावी, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के विकासखंड समन्वयक श्री प्रकाश ठाकुर, ग्राम पंचायत भांसी के सरपंच, पंचायत सचिव श्री बोटीराम भास्कर तथा ग्राम की सभी मितानिन बहनें भी उपस्थित रहीं।

## जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की वार्षिक आमसभा संपन्न

**जगदलपुर, 20 सितम्बर।** कलेक्टर एवं प्राधिकृत अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित जगदलपुर श्री हरिस एस ने शुक्रवार को जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के 77 वीं वार्षिक सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि समूचे बस्तर संभाग में सेवारत बैंक में अभी 47 शाखाएं कार्यरत हैं। बैंक द्वारा 258 आदिम जाति सेवा सहकारी समितियों का वित्तपोषण किया जाता है। बैंक द्वारा 7 नवीन शाखा धनोरा, नानगुर, जेपरा, दहीकोंगा, बेनूर, अमोड़ा एवं बड़ेराजपुर खोले जाने के प्रस्ताव भारतीय रिजर्व बैंक को भेजे गये हैं। बस्तर संभाग में बैंक के कुल 40 एटीएम मशीन जिसमें से 2 मोबाईल एटीएम वैन बस्तर एवं नारायणपुर में संचालित हैं जिसके माध्यम से बैंकिंग सुविधा को ग्रामीणों तक पहुंचाने के लिये हाट-बाजारों मड़ई, मेला एवं कस्बों में मोबाईल एटीएम वैन द्वारा सेवाएं दी जा रही है। बैंक कृषकों के हित में लगातार अपनी सेवा एवं क्षेत्र का विस्तार कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य शासन की किसान हितैषी नीति के अनुरूप बैंक अंतर्गत समितियों के माध्यम से कार्यक्षेत्र के कृषकों को शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर अधिकतम 5 लाख तक अल्पकालीन कृषि ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। साथ ही किसानों एवं ग्रामीणों के आर्थिक विकास के लिए लघु सिंचाई संसाधन एवं कृषि यंत्रीकरण तथा उद्यानिकी फसल एवं साग-सब्जी उत्पादन के अलावा पशुपालन, कुक्कुटपालन, बकरीपालन, मत्स्यपालन जैसी आयमूलक गतिविधियों के लिए सहायता प्रदान किया जा रहा है। इन सभी समन्वित प्रयासों से बस्तर अंचल के कृषकों एवं ग्रामीणों को आय संवृद्धि हो रही है। बैंक भविष्य में भी किसानों एवं ग्रामीणों को अपनी बेहतर सेवाएं देने कटिबद्धता के साथ पहल करेगी।

## सेवा पखवाड़ा : रक्तदान शिविर का आयोजन

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 20 सितंबर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा पूरे देश में सेवा पखवाड़ा की शुरुआत की गई है। इसी क्रम में भाटापारा विधानसभा के ग्रामीण मंडल द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए, वहीं क्षेत्र के युवाओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में विशेष रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा सम्मिलित हुए और जनपद पंचायत सी ई ओ हिमांशु वर्मा ने भी रक्तदान किया। शिवरतन शर्मा ने रक्तदान को मानवता का सबसे बड़ा दान बताते हुए लोगो से अपील की




कि वे इस महादान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। उन्होंने कहा- रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है। यह दान किसी जरूरतमंद को जीवन देता है और समाज को जोड़ता है। सेवा पखवाड़ा वास्तव में जनकल्याण और मानवीय मूल्यों को समर्पित है।

शिवरतन शर्मा ने आगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन और उनकी सेवाभावना पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज पूरा देश उनके जन्मदिवस को उत्साहपूर्वक मना रहा है। उन्होंने कहा-मोदी जी सिर्फ एक राजनेता नहीं, बल्कि सेवा और समर्पण की प्रेरणा हैं।

गरीब कल्याण योजनाओं से लेकर स्वच्छ भारत अभियान तक, हर पहल में उनका ध्येय समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास और सुविधा पहुंचाना रहा है। उनका जीवन युवाओं के लिए अनुकरणीय है और उनकी प्राथमिकता हमेशा देश और जनता रही है।

इस अवसर पर कार्यक्रम प्रभारी अजय राव, मंडल अध्यक्ष पवन वर्मा, जिला पंचायत सभापति श्रीकांत जायसवाल, जनपद अध्यक्ष सविता अनंत, खुमान वर्मा, प्यारे रजक, ठाकुर राम साहू, सेवक साहू, दिनेश वर्मा, प्रदीप अनंत, पीलू वर्मा, चंद्रप्रकाश साहू, जीवन वर्मा, पवन वर्मा, कमलेश साहू, अजय साहू, सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## गरिमा दिवाकर जैसे कलाकार नवरात्र महोत्सव में बांधेंगे समां

### दंतेश्वरी शक्तिपीठ के मेंडका डोबरा मंच पर सप्तमी तक रोजाना होंगे आयोजन

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 20 सितम्बर।** इस बार शारदीय नवरात्रि पर मां दंतेश्वरी शक्तिपीठ में छत्तीसगढ़ की उभरती हुई नामी गायिका गरिमा दिवाकर जैसे कलाकार संगीतमय कार्यक्रम पेश करेंगे। मध्यप्रदेश के जबलपुर व छत्तीसगढ़ के रायगढ़, रायपुर के कलाकार भी अलग-अलग शाम भक्तिमय सांस्कृतिक प्रस्तुति देंगे। मेंडका डोबरा मैदान के मंच पर रोजाना शाम ये



कार्यक्रम होंगे। मां दंतेश्वरी टेम्पल कमेटी द्वारा इन कार्यक्रमों का शेड्यूल तय किया गया है। इसके अनुसार 22 सितंबर को नवरात्र पर्व के प्रथम दिवस की संध्या स्थानीय बच्चों की नृत्य प्रतियोगिता होगी। 23 सितंबर द्वितीया तिथि पर जय मां दन्तेश्वरी म्यूजिकल ग्रुप गीदम की संगीतमय प्रस्तुति, 24 सितंबर तृतीया पर पवन खत्री म्यूजिकल ग्रुप जगदलपुर और 25 सितंबर की शाम गरिमा दिवाकर व साथियों का दल अंजोर लोक कला मंच रायपुर अपनी प्रस्तुति देगा। इसी तरह चतुर्थी तिथि पर 26 सितंबर को सुनील सोनी ग्रुप रायपुर का जगराता, पंचमी तिथि 27 सितंबर को जबलपुर मध्यप्रदेश के सचिन तिवारी जागरण ग्रुप की भजन संध्या, षष्ठी तिथि 28 सितंबर को जबलपुर के नीतू बुंदेला का देवी जागरण भजन संध्या, सप्तमी 29 सितंबर को बस्तर बीट्स के कलाकारों की प्रस्तुति निर्धारित की गई है। इसके अलावा बस्तर दशहरा पर्व जगदलपुर से मांई जी की डोली वापसी के दिन 7 अक्टूबर की शाम मोनू म्यूजिकल ग्रुप रायगढ़ की प्रस्तुति होगी।

## तंबाकू नियंत्रण अभियान,13 दुकानों पर चालान

**दंतेवाड़ा, 20 सितम्बर।** जिले में तंबाकू सेवन पर रोक लगाने और कानून का पालन सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। इस क्रम में कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत के निर्देश पर गठित टीम द्वारा राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत विगत दिवस को विकासखंड में संचालित दुकानों की जांच किया गया।

इस दौरान प्रतिबंधित सिगरेट और तंबाकू उत्पादों की बिक्री पाए जाने पर 13 दुकानों के खिलाफ कार्रवाई की गई तथा 1670 रुपये का चालान वसूला गया।

इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी की देखरेख में गठित टीम ने दुकानदारों को



सख्त चेतावनी दी कि वे आगे से तंबाकू उत्पादों का प्रदर्शन और विज्ञापन न करें। साथ ही उन्हें यह भी समझाया गया कि तंबाकू की बिक्री और प्रचार-प्रसार पर नियंत्रण समाज के स्वास्थ्य हित में आवश्यक है। अधिकारियों ने कहा कि कानून का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध आगे भी इसी तरह की कार्रवाई जारी रहेगी। इस कार्यवाही के दौरान जिला नोडल अधिकारी राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम डॉ. अमन सिंह, ड्रग इंस्पेक्टर सौरभ जैन, जिला सलाहकार एनसीडी कार्यक्रम अंकित सिंह तथा दंतेवाड़ा थाना पुलिस दल मौजूद रहे।

## रक्तदान महादान : सेवा पखवाड़ा में उद्योगपतियों ने बढ़ाया कदम

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 20 सितम्बर।** सेवा पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत जिला बीजापुर में कार्यालय महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र बीजापुर के तत्वाधान में तथा जिले के उद्योगपतियों के सहयोग से जिला चिकित्सालय बीजापुर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिले के उद्यमियों ने ''रक्तदान-महादान'' के नारे के साथ उत्साहपूर्वक रक्तदान किया।

रक्तदान के पश्चात उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि रक्तदान कर उन्हें गर्व और संतोष का अनुभव हुआ। उन्होंने अन्य नागरिकों से भी रक्तदान करने की अपील की और कहा कि रक्तदान से किसी एक की जिंदगी बचाने का अवसर मिलता है और भविष्य में भी पुनः रक्तदान करने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में श्री नर्वेद सिंह, जिला संगठक, भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी की गरिमामयी उपस्थिति रही। विभाग की ओर से श्री महेश कुमार किरणापुरे, सहायक प्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र बीजापुर सहित श्री नूतन कुमार नायक, श्री रोहन बघेल, श्री शंकर पुजारी, श्री अनत कुमार मण्डावी, श्री विष्णु भंडारी आदि ने रक्तदान कर सेवा पखवाड़ा को सार्थक बनाया।

## राष्ट्रीय विज्ञान संगोष्ठी का हुआ आयोजन

**दंतेवाड़ा, 20 सितम्बर।** जिले ग्राम पंचायत टेकनार के माध्यमिक शाला प्रांगण में विकासखंड स्तरीय राष्ट्रीय आविष्कार अभियान क्विज प्रतियोगिता एवं राष्ट्रीय विज्ञान संगोष्ठी 2025 का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत उपाध्यक्ष श्री रमेश गावड़े, जनपद पंचायत सदस्य श्री रामू राम नेताम, ग्राम पंचायत टेकनार के सरपंच श्री मनीराम भोगामी तथा शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष श्री शिवपाल नाग सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं शिक्षा अधिकारी उपस्थित रहे। इस क्रम में



जनपद पंचायत उपाध्यक्ष श्री गावड़े ने अपने विद्यार्थी जीवन के अनुभव साझा करते हुए प्रतियोगिताओं में भाग लेने और कड़ी मेहनत से सफलता प्राप्त करने पर जोर दिया। इसके साथ ही बच्चों को संबोधित करते हुए जनपद पंचायत सदस्य श्री नेताम ने उन्हें शैक्षणिक गतिविधियों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेकर जिला, संभाग और राज्य स्तर पर विशेष स्थान बनाने की प्रेरणा दी साथ ही सरपंच श्री भोगामी ने भी विद्यार्थियों को परीक्षाओं में बेहतर अंक अर्जित करने हेतु प्रोत्साहित किया। इसके पश्चात क्विज प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया, जिसमें विकासखंड के विभिन्न माध्यमिक, हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों से लगभग 110 छात्र-छात्राएं शामिल हुए। प्रतियोगिता चार राउंड में संपन्न हुई। इस तरह माध्यमिक स्तर पर विज्ञान विषय में प्रथम स्थान कुमारी करुणा बघेल, कुमारी मनीषा वट्टी एवं वीरव्रत भास्कर ने प्राप्त किया, जबकि द्वितीय स्थान कुमारी रंजीत, सुजल सरकार और यश पटेल ने हासिल किया।

# स्वर्गीय गोस्वामी जी की स्मृति में अभियंताओं का हुआ सम्मान

### सम्मान के दस वर्ष

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा, 20 सितंबर।** भारत रत्न सर मोक्षगुन्डम विश्वेश्वरैया की जयंती में न केवल उनके योगदान को याद किया, बल्कि यह आयोजन एक ऐसी परंपरा का भी प्रतीक बना जो पिछले दस वर्षों से अभियंताओं के सम्मान में सतत रूप से निभाई जा रही है। नगर के सर्किट हाउस में अभियंता दिवस समारोह का आयोजन किया गया उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कार्यपालन अभियंता एस.एल. ठाकुर, वैभव देवांगन, निखिल कवर तथा अनुविभागीय अधिकारी एम.के. भौरया शामिल रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत मोक्षगुन्डम विश्वेश्वरैया जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर किया गया । इसके बाद बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुति दी 7 कार्यक्रम की अगली कड़ी में स्वर्गीय आर.सी. नाथ गोस्वामी जी की स्मृति में अभियंताओं का सम्मान किया गया 7अभियंता सम्मान समारोह गोस्वामी परिवार द्वारा पिछले दस वर्षों से किया जा रहा है।प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी अभियंता स्वर्गीय गोस्वामी जी की स्मृति में यह परम्परा निभाई गई 7उल्लेखनीय है कि गोस्वामी जी का स्वर्गवास 2015 में हो गया इसके बाद से वर्ष 2016 से यह परंपरा अनवरत से उनके परिवार द्वारा निभाई जा रही है।



स्वर्गीय आर.सी. नाथ गोस्वामी एक कर्मठ, ईमानदार और समर्पित अभियंता थे। उनके पुत्र अविनाश गोस्वामी ने अपने पिता के जीवन मूल्यों, उनके कार्य के प्रति समर्पण और ईमानदारी की भावना को साझा किया। उन्होंने कहा कि उनके पिता ने कठिन परिस्थितियों में भी अपने कर्तव्यों को ईमानदारी और सच्ची निष्ठा से निभाया । इसके बाद श्रीमती सुनीता गोस्वामी ने अपने ससुर को अपना प्रेरणास्त्रोत बताते हुए कहा कि उन्हें जो शिक्षा और सम्मान मिला, उसका श्रेय पूरी तरह से उनके ससुर को जाता है। गोस्वामी जी की स्मृति में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी ऐसे अभियंताओं को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया जिन्होंने अपने जिले में उत्कृष्ट कार्य किया ।

इस आयोजन की सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि यह परंपरा लगातार दस वर्षों से गोस्वामी परिवार द्वारा निभाई जा रही है।

**ये हुए सम्मानित**

स्वर्गीय गोस्वामी जी की स्मृति में उनके पुत्र अविनाश गोस्वामी, बहु श्रीमती सुनीता गोस्वामी, पोती प्राची व प्रज्ञा गोस्वामी द्वारा जिले के उत्कृष्ट कार्य करने वाले अभियंता मनीष साहू, शैलेश, कौशल नेताम, जितिन ध्रुव, विजय कोराम, पंकज ठाकुर, राजेश ठाकुर, संतोष नेगी, रविकांत सारथी, वी एस कानेकर तथा नरेंद चौहान को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मंच संचालन मनोज गुप्ता ने किया।

## प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम उन्नयन योजना

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 20 सितंबर।** जिला मुख्यालय में जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र बीजापुर के तत्वाधान में प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्कारण उद्यम उन्नयन योजना के अंतर्गत एक दिवसीय उद्यमिता जागरूकता शिविर सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 17 सितम्बर 2025 को समय 11 बजे से स्थान ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान ऋस्श्वञ्जढ्ढ जैतालूर रोड बीजापुर में किया गया। उक्त कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, बीजापुर के अधिकारियों द्वारा योजना हेतु पात्रता, आवश्यक दस्तावेज, आवेदन की प्रक्रिया तथा योजना के लाभ से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई, साथ ही विभाग में संचालित हो रहे अन्य हितग्राहीमूलक योजनाओं के संबंध में भी मार्गदर्शन दी गई।

उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में



योजना की जानकारी देते हुए श्री डी.पी. साहू, महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र बीजापुर द्वारा बताया गया कि सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम जैसे राईस मिल, दाल मिल, पोहा, मुरमुरा, मिठाईयां निर्माण, महुआ लड्डू, महुआ चिक्की, महुआ चाय पत्ती, इमली चपाती, इमली चटनी, इमली कैंडी, आमचूर, तीखुर शेक, पापड, बड़ी, आचार, बेकरी सामग्री, डेयरी एवं अन्य खाद्य उत्पाद आधारित उद्यम की स्थापित करने वाले इच्छुक उद्यमियों को योजनाअंतर्गत सहायता दी जाएगी। जिसके तहत् स्वरोजगार स्थापना करने के लिए बैंक शाखाओं के माध्यम से सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण इकाई के उन्नयन अथवा नवीन उद्यम स्थापना हेतु ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। प्रति उद्यम परियोजना लागत का 35ः क्रेडिट लिंक्ड सब्सिडी अधिकतम 10.00 लाख रूपये अनुदान का भी प्रावधान है। जिसमें लाभार्थी का अंशदान 10 प्रतिशत होना अनिवार्य है तथा स्व. सहायता समूहो को प्रति सदस्य 40 हजार की दर से प्रारम्भिक पूंजी प्रदाय की जाती है।

## एक नजर

### सेवा पखवाड़ा दिवस के अंतर्गत 2 अक्टूबर तक होंगे विविध कार्यक्रम

**रायगढ़, 20 सितम्बर।** कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देशन एवं समाज कल्याण विभाग के मार्गदर्शन 2 अक्टूबर 2025 तक सेवा पखवाड़ा दिवस के अंतर्गत जिला स्तर पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में 21 सितम्बर को उच्च शिक्षा और स्कूल शिक्षा के विद्यार्थियों द्वारा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ चौक से एक भव्य मैराथन रैली का आयोजन किया जाएगा। इसी तरह 22 सितम्बर को नगर पालिक निगम ऑडिटोरियम, पंजरी प्लांट रायगढ़ में वृद्धजनों के लिए सम्मान समारोह आयोजित होगा।

इस अवसर पर भरण-पोषण अधिनियम 2007 की जानकारी दी जाएगी, साथ ही वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण, आधार कार्ड और राशन कार्ड शिविर भी लगाया जाएगा।27 और 28 सितम्बर को स्वैच्छिक संस्था उम्मीद विशेष विद्यालय पहाड़ मंदिर कौहाकुण्डा रायगढ़ में दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए खेलकूद, रंगोली एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन होगा। साथ ही नशामुक्त भारत अभियान के तहत शपथ ग्रहण समारोह भी किया जाएगा। इसी दौरान आशा निकेतन वृद्धाश्रम में भी वृद्धजनों के लिए विशेष कार्यक्रम होंगे। 29 सितम्बर को जिला चिकित्सालय रायगढ़ में दिव्यांगजनों का चिन्हांकन, यूडीआईडी कार्ड का पंजीयन एवं वितरण किया जाएगा। वहीं 1 अक्टूबर 2025 को आशा निकेतन वृद्धाश्रम पहाड़ मंदिर कौहाकुण्डा में वृद्धजनों का सम्मान समारोह एवं सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन होगा।

### महिला सशक्तिकरण के लिए तीन राज्य स्तरीय पुरस्कारों हेतु प्रविष्टियां आमंत्रित, अंतिम तिथि 26 सितम्बर

**रायगढ़, 20 सितम्बर।** संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग रायपुर द्वारा वर्ष 2025 के लिए मिनी माता सम्मान (महिला उत्थान), वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी स्मृति पुरस्कार एवं माता बहादुर कलारिन सम्मान हेतु प्रविष्टियां आमंत्रित की गई है। इच्छुक पात्र महिलाएं अपनी प्रविष्टियां 26 सितम्बर 2025 तक प्रस्तुत कर सकती हैं। सम्मान से संबंधित विस्तृत दिशा-निर्देश एवं फार्म का प्रारूप कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास जिला-रायगढ़ में कार्यालयीन समय में प्राप्त कर जमा कर सकते है। इसके तहत एक महिला/ संस्था को 2 लाख रूपये की राशि तथा प्रशस्ति पट्टिका सम्मान के रूप में प्रतिवर्ष राज्य स्तरीय अलंकरण समारोह में प्रदान की जाती है।मिनी माता सम्मान (महिला उत्थान)छत्तीसगढ़ शासन द्वारा महिलाओं विशेष रूप से अनुसूचित जाति/जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग या अल्पसंख्यक वर्ग की महिलाओं के उत्थान हेतु उत्कृष्ट कार्य करने वाली राज्य की महिलाओं/ अशासकीय संस्थाओं के योगदान को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष मिनीमाता सम्मान (महिला उत्थान) प्रदान किया जाता है।

### चंडी माता मंदिर ट्रस्ट घुँचापाली बागबाहरा एवं वन विभाग के अधिकारियों की संयुक्त बैठक सम्पन्न

**महासमुंद 20 सितम्बर ।** श्री चंडी माता मंदिर ट्रस्ट घुँचापाली बागबाहरा एवं वन विभाग के अधिकारियों की संयुक्त बैठक आज मंदिर परिसर में आयोजित की गई। बैठक में मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष श्री लाल चंद्र जैन, कार्यकारिणी अध्यक्ष श्री नंद कुमार चंद्राकर, मंदिर पुजारी श्री टुकेश्वर प्रसाद तिवारी, एडवोकेट कु. सिमरन सलूजा सहित ट्रस्ट के पदाधिकारी, उपवनमंडलाधिकारी श्री गोविंद सिंह, परिक्षेत्र अधिकारी श्री लोकनाथ ध्रुव एवं अन्य कर्मचारी शामिल हुए।बैठक में यह निर्णय लिया गया कि मंदिर परिसर एवं आसपास किसी भी व्यक्ति द्वारा वन्य जीव भालू के साथ छेड़छाड़ करना, खाद्य पदार्थ या पेय पदार्थ जैसे कोल्ड ड्रिंक आदि पिलाना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। ऐसा कृत्य करते पकड़े जाने पर संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 9, 51 और 52 के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी, जिसमें 7 वर्ष का कारावास एवं जुर्माना दोनों शामिल हैं।

### कलेक्टरने आदि कर्मयोगी अभियान के संबंध में ली प्रेस वार्ता

**महासमुंद, 20 सितंबर ।** भारत सरकार जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा संचालित आदि कर्मयोगी अभियान के संबंध में प्रेस वार्ता लेकर कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह ने अभियान की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार, अपर कलेक्टर श्री रवि कुमार साहू, मास्टर ट्रेनर, प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधि मौजूद थे।इस अवसर पर कलेक्टर ने बताया कि भारत सरकार द्वारा यह अभियान जनजातीय गौरव वर्ष 2025 के तहत संचालित किया जा रहा है। 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक सेवा पर्व के अंतर्गत जिले के जनजातीय अंचलों में विभागों द्वारा विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जनजातीय क्षेत्रों में सरकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन करना और ग्रामवासियों को बुनियादी सुविधाओं से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि यह अभियान जनभागीदारी से ट्राइबल विलेज विजन के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।कलेक्टर श्री लंगेह ने बताया कि अभियान के अंतर्गत जिले के 308 जनजातीय बाहुल्य ग्रामों में 17 मंत्रालयों की 25 योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। 308 ग्रामों में आदि सेवा केंद्र स्थापित किए गए हैं, जहाँ ग्रामीणों को विभिन्न शासकीय सेवाएँ एक ही स्थान पर मिलेंगी। साथ ही ग्राम सभा की बैठकें आयोजित कर जनभागीदारी को बढ़ावा दिया जाएगा।

अभियान के दौरान शिकायत निवारण शिविर और प्रत्येक पखवाड़े आदिवासी सेवा दिवस का आयोजन भी किया जाएगा। उन्हांने बताया कि अभियान के तहत ग्राम स्तर पर कैडर तैयार किए गए है। इनमें पंचायत प्रतिनिधि, स्वयंसेवी, एनजीओ, युवा और सेवाभावी संगठन सक्रिय रूप से शामिल हैं।

किसानों को बता रहे छिड़काव का तरीका और लाभ

# खेतों में नैनो यूरिया छिड़काव का चल रहा प्रदर्शन

## उन्नत और किफायती उर्वरक तकनीकों से किसानों को जोड़ने चल रहा अभियान





**रायगढ़, 20 सितम्बर।** किसानों को उन्नत और किफायती उर्वरक तकनीक से जोड़ने के लिए जिले में नैनो यूरिया छिड़काव का प्रदर्शन कृषि विभाग के अधिकारियों और विशेषज्ञों द्वारा किसानों के खेत में पहुंचकर किया जा रहा है।कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी एवं सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव तथा उप संचालक कृषि रायगढ़ के मार्गदर्शन में किसानों के लिए यह जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसके तहत विकासखंड रायगढ़ में किसानों के खेतों में ट्रायल रन के रूप में नैनो यूरिया का प्रदर्शन किया गया।

ग्राम कोड़तराई में कृषक श्री परमेश्वर पटेल, झारगुड़ा में कृषक श्री हरकेश्वर पटेल तथा पंझर में कृषक श्री नरेन्द्र पटेल के धान की फसल पर एक-एक एकड़ भूमि में नैनो यूरिया छिड़काव का प्रदर्शन किया गया। आने वाले दिनों अन्य किसानों के खेतों में भी यह प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान हितग्राही किसान के साथ गांव के अन्य किसानों को भी इस प्रदर्शन के अवलोकन में शामिल किया जाता है।उप संचालक कृषि श्री अनिल वर्मा ने बताया कि यह पहल न सिर्फ रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता को कम करेगी, बल्कि किसानों की उत्पादन लागत घटाकर अधिक लाभ दिलाने में भी सहायक सिद्ध होगी। इस दौरान किसानों को नैनो यूरिया के प्रयोग की विधियों एवं लाभों की विस्तृत जानकारी दी गई। किसान ड्रोन, मोटर,बैटरी, नेपसेक स्प्रेयर के माध्यम से नैनो यूरिया का छिड़काव कर सकते हैं।कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, क्षेत्रीय ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, इफको के प्रतिनिधि और स्थानीय कृषकगण उपस्थित रहे।किसानों ने समझा नैनो यूरिया छिड़काव का तरीका, कहा -यह किफायती और सुविधाजनकप्रदर्शन के दौरान उपस्थित किसानों ने नैनो यूरिया के छिड़काव का तरीका समझा। बेसल डोज के बाद फर्स्ट और सेकंड स्प्रे के लिए नैनो यूरिया के उपयोग के संबंध में श्री परमेश्वर पटेल ने कहा कि यह पारंपरिक यूरिया की तुलना में काफी सस्ता है। यह कम मात्रा में भी बेहतर परिणाम देता है। बॉटल में पैकेजिंग होने के कारण खेतों तक लाने ले जाने ले जाने व छिड़काव में सुविधाजनक है। इसके छिड़काव से पौधों पर असर जल्दी और एक समान दिखता है। पौधों की बढ़वार भी संतुलित होती है।

### नवंबर-दिसंबर में पूरे जिले चलेगा व्यापक अभियान

उप संचालक कृषि श्री अनिल वर्मा ने बताया कि अभी चिन्हांकित स्थानों में नैनो यूरिया के छिड़काव का प्रदर्शन चल रहा है। आगामी नवंबर और दिसंबर में यह प्रदर्शन अभियान पूरे जिले में व्यापक स्तर पर चलाया जाएगा। इसके लिए सभी आरएईओ अपने प्रभार क्षेत्र के गांवों में किसानों को नैनो यूरिया छिड़काव का प्रदर्शन कर उपयोग की विधि और फसल को होने वाले लाभ से अवगत कराएंगे। इसके साथ ही आगामी विकसित कृषि संकल्प यात्रा के अंतर्गत इसकी जानकारी किसानों को दी जाएगी।

# रायगढ़ में सूर्य क्रांति: घरों की छतों पर बिजली उत्पादन, उपभोक्ता बन रहे आत्मनिर्भर



**रायगढ़, 20 सितम्बर।** प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना ने जिले में ऊर्जा आत्मनिर्भरता की एक नई कहानी लिखनी शुरू कर दी है। अब घरों की छतें सिर्फ बिजली की खपत करने वाली जगह नहीं रहीं, बल्कि खुद बिजली का उत्पादन केंद्र बन गई हैं। जिले में उपभोक्ता इस योजना का लाभ उठाकर सौर ऊर्जा से बचत और कमाई दोनों कर रहे हैं।

पुसौर के प्रवीण कुमार बताते है कि उनके घर पर 1.5 किलोवॉट क्षमता का रूफटॉप सोलर प्लांट स्थापित किया गया है। अगस्त 2025 में उनके प्लांट ने 266 यूनिट बिजली उत्पन्न की, जिससे उन्हें 1,494 रुपए की छूट मिली। 273 यूनिट बिजली ग्रिड से लेने के बावजूद, उनका कुल बिल सिर्फ 40 रुपए आया। प्रवीण कुमार का कहना है कि सौर ऊर्जा से घर चलाने का अनुभव न केवल आर्थिक रूप से राहत देने वाला है, बल्कि पर्यावरण के लिए भी बेहतर है।

### आकर्षक सब्सिडी और सरल प्रक्रिया

सरकार सौर ऊर्जा को अपनाने के लिए उपभोक्ताओं को भारी सब्सिडी और एक आसान प्रक्रिया उपलब्ध करा रही है। 1 किलोवॉट क्षमता- औसतन 120 यूनिट/माह उत्पादन पर 45 हजार रुपए की सब्सिडी (केंद्र 30 हजार रुपए + राज्य 15 हजार रुपए), 2 किलोवॉट क्षमता- औसतन 240 यूनिट/माह उत्पादन पर 90 हजार रुपए की सब्सिडी (केंद्र 60 हजार रुपए + राज्य 30 हजार रुपए) और 3 किलोवॉट क्षमता - औसतन 360 यूनिट/माह उत्पादन पर 01 लाख 8 हजार की सब्सिडी (केंद्र 78 हजार रुपए + राज्य 30 हजार रुपए) दे रही है। इसके अलावा, उपभोक्ताओं को बैंक ऋण की सुविधा भी दी जा रही है।

# स्वस्थ किशोरी, सशक्त भविष्य थीम पर कार्यक्रम आयोजित



**रायगढ़, 20 सितम्बर।** रायगढ़ जिले में स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत स्वस्थ किशोरी, सशक्त भविष्य थीम पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.अनिल कुमार जगत के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम शासकीय प्राथमिक स्कूल एवं प्री-मैट्रिक कन्या छात्रावास में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर किशोरियों के संपूर्ण स्वास्थ्य एवं सशक्तिकरण को केंद्र में रखते हुए कई महत्वपूर्ण गतिविधियाँ आयोजित की गईं। नेत्र परीक्षण के माध्यम से छात्राओं की दृष्टि जांच की गई, जिसमें 11 किशोरियों की दृष्टि में कमी पाई गई। उन्हें निःशुल्क चश्मा प्रदान कर स्वास्थ्य लाभ सुनिश्चित किया गया। इसके अतिरिक्त एनीमिया की रोकथाम हेतु छात्राओं की रक्त जांच कर हीमोग्लोबिन का स्तर आंका गया। जिन किशोरियों में कमी पाई गई उन्हें आयरन व विटामिन सप्लीमेंट्स वितरित किए गए, साथ ही संतुलित आहार अपनाने की सलाह दी गई।कार्यक्रम के दौरान मासिक धर्म स्वच्छता को लेकर विशेष जागरूकता सत्र आयोजित किया गया, जिसमें किशोरियों को साफ-सफाई, सैनिटरी पैड के सही उपयोग और सुरक्षित निपटान की जानकारी दी गई। इस अवसर पर निःशुल्क सैनिटरी पैड भी वितरित किए गए। चिरायु दल द्वारा स्कूल एवं छात्रावास का निरीक्षण कर छात्राओं का संपूर्ण स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

# बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के तहत जरूरतमंद बालिकाओं को वितरित की गई स्टेशनरी



**रायगढ़, 20 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ राज्य गठन के पच्चीस वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर मनाये जा रहे रजत महोत्सव-2025 के उपलक्ष्य में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में आज कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देशन में शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, चांदमारी रायगढ़ में जरूरतमंद एवं गरीब बालिकाओं को स्टेशनरी सामग्री का वितरण किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सुषमा खलखो, पार्षद श्री अमित शर्मा सहित स्थानीय जनप्रतिनिणि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सुषमा खलखो ने कहा कि बेटियों को आत्मनिर्भर और शिक्षित बनाने के लिए यह योजना एक मजबूत आधार है। उन्होंने उपस्थित अभिभावकों और छात्राओं से आग्रह किया कि वे इस योजना का अधिक से अधिक लाभ लें और बालिकाओं को आगे बढने के लिए प्रोत्साहित करें। पार्षद श्री अमित शर्मा ने कहा कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना सरकार की एक महत्वपूर्ण और दूरदर्शी पहल है। इससे चांदमारी क्षेत्र की बालिकाओं को लाभ मिलना गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि जब बेटियां पढ़ेंगी, तभी समाज तरक्की करेगा। मौके पर जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्री एल.आर.कच्छप द्वारा जानकारी दी गई कि जरूरतमंद बालिकाओं की शालेय फीस भी इस योजना के अंतर्गत जमा कराई जा रही है। उन्होंने छात्राओं को मन लगाकर पढ़ाई करने की प्रेरणा दी और उज्वल भविष्य के लिए आशीर्वाद भी प्रदान किया।

कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य श्रीमती दिप्ती अग्रवाल, शिक्षक श्री भरतलाल नामदेव, श्री ई.टोप्पो, श्री नंद कुमार पटेल अन्य शिक्षकगण, महिला बाल विकास मिशन सशक्तिकरण से श्रीमती सरिता सिन्हा, सुश्री उत्तरा सिदार एवं अश्विनी कुमार साव उपस्थित थे।

# औद्योगिक इकाइयों की जांच, अनियमितताओं पर नोटिस जारी



**महासमुंद, 20 सितम्बर।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री विनय कुमार लंगेह के निर्देश पर गठित संयुक्त टीम द्वारा बिरकोनी क्षेत्र में स्थित औद्योगिक इकाइयों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान रातुसरिया उद्योग प्रा.लि. बिरकोनी पहुँची, तो फैक्ट्री बंद पाई गई। इस दौरान गेट पर मौजूद गार्ड द्वारा निरीक्षण दल को अंदर प्रवेश नहीं दिए जाने पर प्रबंधन के विरुद्ध शासकीय कार्य में बाधा का प्रकरण दर्ज कर आगामी कार्रवाई की जा रही है। निरीक्षण टीम में सहायक संचालक दिशा शुक्ला, औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा बलौदाबाजार, प्रबंधक शशिकांत सिंह जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र महासमुंद , श्रम पदाधिकारी डी.एन. पात्र, जिला परिवहन अधिकारी राम कुमार ध्रुव , निरीक्षक विधिक माप विज्ञान विभाग सिद्धार्थ दुबे, एवं एच.के. चौधरी पर्यावरण विभाग उपस्थित रहे।

इसके पश्चात टीम ने पॉली कर्व कंटेनर बिरकोनी का निरीक्षण किया। जांच के दौरान विभागों द्वारा औद्योगिक संस्थान में अनियमितता पाई गई। जिसमें विधिक माप विज्ञान विभाग द्वारा तौल उपकरणों के सत्यापन संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर जिस पर नोटिस जारी किया गया। पर्यावरण विभाग ने आवश्यक लाइसेंस प्रस्तुत नहीं किए जाने पर, प्रबंधन को शीघ्र लाइसेंस प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। श्रम विभाग द्वारा न्यूनतम वेतन अधिनियम 1948, समान पारिश्रमिक अधिनियम 1976, वेतन भुगतान अधिनियम 1936 एवं संविदा श्रमिक अधिनियम 1970 के तहत जांच में गंभीर उल्लंघन पाए गए। संस्था द्वारा ठेकेदार का लाइसेंस एवं ओवरटाइम संबंधी रिकॉर्ड प्रस्तुत नहीं किया गया। औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग द्वारा निरीक्षण में कारखाना प्रबंधन द्वारा फैक्ट्री लाइसेंस प्रस्तुत नहीं किया गया तथा श्रमिकों को बिना सुरक्षा उपकरण के कार्य में लगाया जाना पाया गया। इन सभी उल्लंघनों पर संबंधित विभागों द्वारा फैक्ट्री प्रबंधन को नोटिस जारी किया जा रहा है।

# मानव जीवन ज्योति दृष्टि बाधित विशेष विद्यालय बतौली में खेल-कूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियां हुई आयोजित

**अम्बिकापुर, 20 सितम्बर ।** समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मानव जीवन ज्योति दृष्टि बाधित विशेष विद्यालय बतौली में ''सेवा पखवाड़ा'' 2025 अन्तर्गत शुक्रवार को खेल-कूद प्रतियोगिता एवं विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियां आयोजित की गई। कार्यक्रम में जनपद पंचायत बतौली की उपाध्यक्ष श्रीमती मंजू गुप्ता,कुनकुरी कला सरपंच श्रीमती दीपेश्वरी पैकरा, स्थानीय जनप्रतिधि उपस्थित रहे। समाज कल्याण विभाग के उप संचालक व्ही.के. उके द्वारा दिव्यांग स्कूलों के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा दिव्यांग बच्चों के अधिकार, सुरक्षा एवं संरक्षण पर विधिक जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान विद्यार्थियों द्वारा पाठ्य पुस्तक ब्रेललिपि के माध्यम से पढ़कर सुनाया गया। बच्चों द्वारा सामूहिक नृत्य एवं गायन की प्रस्तुती दी गई।

# नवरात्रि एवं दशहरा पर्व को लेकर जिला शांति समिति की बैठक सम्पन्न

**महासमुंद, 20 सितंबर ।** जिले में आगामी नवरात्रि एवं दशहरा पर्व के दौरान सौहार्द्र एवं शांति बनाए रखने हेतु कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला शांति समिति की बैठक आयोजित किया गया। बैठक में पर्व आयोजनों को सुरक्षित, अनुशासित एवं सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने संबंधी विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री हेमंत नंदनवार, अपर कलेक्टर श्री रवि कुमार साहू, उप पुलिस अधीक्षक श्रीमती प्रतिभा पांडेय सर्व धर्म एवं समाज प्रमुख, प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रतिनिधि, पुलिस विभाग के अधिकारी सहित समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

इस अवसर पर कलेक्टर श्री लंगेह ने नवरात्रि, दशहरा, झांकी और विसर्जन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक या भड़काऊ गतिविधियों को प्रशासन द्वारा प्रोत्साहित नहीं किया जाएगा। कलेक्टर ने आयोजन के संबंध में कहा कि पर्व के दौरान बजने वाले गीत धार्मिक, पारम्परिक एवं गरिमा के अनुरूप होना चाहिए तथा किसी भी स्थिति में भड़काऊ न हो। जिससे किसी भी वर्ग को ठेस पहुंचे। उन्होंने निर्देश दिए कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों के अनुरूप ध्वनि प्रदूषण पर सख्ती से नियंत्रण रखा जाएगा। व्हीकल माउंटेन डीजे पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगे तथा अन्य ध्वनि यंत्रों का उपयोग निर्धारित समय सीमा एवं मानकों के भीतर ही सीमित रहेगा। उन्होंने समितियों को निर्देशित किया कि पूजा पंडालों में सीसीटीवी कैमरे, बैरिकेडिंग तथा सुरक्षा संबंधी अन्य व्यवस्था अनिवार्य रूप से की जाएं।

# मुख्यमंत्री के निर्देश पर जशपुर जिले में विकास की रफ्तार तेज



**रायपुर, 20 सितम्बर ।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशन में जशपुर जिले में तेजी से विकास कार्यों कराए जा रहे है। बुनियादी सुविधाओं और अधोसंरचना को सुदृढ़ बनाने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई है। इसी क्रम में केराकोना-बैगाटोली मार्ग पर ईब नदी पर उच्च स्तरीय पुल एवं पहुँच मार्ग के निर्माण कार्य की शुरुआत हो चुकी है।

इस परियोजना को पूरा करने के लिए 5 करोड़ 22 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। इस पुल के निर्माण से क्षेत्रवासियों को आवागमन में बड़ी सुविधा प्राप्त होगी। बरसात के मौसम में नदी पार करने में होने वाली कठिनाइयों से अब लोगों को मुक्ति मिलेगी। निर्माण पूरा होने के बाद ग्रामीणों को वर्षभर सुरक्षित और निर्बाध परिवहन सुविधा उपलब्ध होगी। पुल एवं पहुँच मार्ग का निर्माण कार्य तेज गति से चल रहा है। इसे अप्रैल 2026 तक पूर्ण करने का लक्ष्य है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के प्रयासों से अब तक जिले में डेढ़ दर्जन से अधिक उच्च स्तरीय पुलों के निर्माण को मंजूरी दी जा चुकी है। इन पुलों के निर्माण से सैकड़ों गाँव सीधे मुख्य मार्गों और बाजारों से जुड़ सकेंगे, जिससे शिक्षा, स्वास्थ्य एवं व्यापारिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी।ईब नदी पर पुल निर्माण कार्य प्रारंभ होने से स्थानीय नागरिकों में हर्ष का वातावरण है। ग्रामीणों ने कहा कि यह पुल उनके जीवन में नई राह खोलेगा और वर्षों पुरानी समस्या का स्थायी समाधान करेगा। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त किया है। यह पहल न केवल क्षेत्रीय आवागमन को सुगम बनाएगी, बल्कि ग्रामीण अंचलों की सामाजिक एवं आर्थिक गतिविधियों में भी अभूतपूर्व वृद्धि करेगी।

# प्रदेश में नक्सलवाद समाप्त कर गढ़ेगें विकास की राहः मुख्यमंत्री



**रायपुर, 20 सितंबर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय गुरूवार को सुदर्शन चौनल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में साक्षात्कार के दौरान कहा कि छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद को समाप्त कर लोगों का विश्वास जीतना और विकास की दिशा में आगे बढ़ना हमारी सरकारी की प्रमुख उद्देश्यों में से एक है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार इस उद्देश्य को धरातल पर लाने के लिए नियद नेल्लानार योजना के माध्यम से लोगों के जीवन स्तर को उन्नत बनाने का कार्य कर रही है। अब तक नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के 327 गांव आबाद हो चुके हैं। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को रोजगार से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। नक्सलियों की गतिविधियों से निर्दोष लोगों की मौत हो रहीं थी, आम लोगों की रक्षा करना सरकार का दायित्व है। हमारी सरकार ने नक्सलवाद को 31 मार्च 2026 तक समाप्त करने का लक्ष्य रखा है। सरकार बनने के बाद ज्वाइंट टास्क फोर्स का गठन कर नक्सलवाद को समाप्त करने प्रयास जारी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री का संकल्प 2047 तक भारत को विकसित भारत के रुप में खड़ा करना है। यह संकल्प सबकी सहभागी से पूरा हो और इस संकल्प को पूरा करने केन्द्र और राज्य सरकार का निरंतर कार्य कर रही है। एक नया भारत का निर्माण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के संकल्प के साथ ही विकसित अंजोर विजन (छत्तीगढ़ विजन) डॉक्यूमेंट 2047 तैयार कर राज्य के विकास के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। सभी को विकसित छत्तीसगढ बनाने में सहयोग करना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जा रहा है, ताकि शासन के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठा सके। वनांचल में तेंदूपत्ता खरीदने का कार्य सहकारी समितियों के माध्यम से किया जा रहा है। इसके साथ ही बस्तर के लोगों में नक्सलवादी विचारधारा को जागरूक करने एवं विकास की धारा में जोड़ने के उद्देश्य से बस्तर ओलंपिक व बस्तर पंडुम का आयोजन किया जा रहा है। बस्तर ओलंपिक में 1 लाख 65 हजार लोग शामिल होकर यह साबित किए हैं कि वे विकास की मार्ग पर आगे बढना चाहते हैं। मुख्यमंत्री ने अपने विदेश यात्रा को लेकर बताया कि हमारी यात्रा सफल रही जापान और कोरिया में देश का पवेलियन लगा था, हमें 24 से 31 अगस्त तक का समय मिला था जहां सभी क्षेत्र की कला को प्रदर्शित किया गया। उन्होंने बताया कि प्रदेश में उद्योग स्थापित करने के लिए विदेश उद्योगपतियों को आमंत्रित किए हैं। नई उद्योग नीति के संबंध में भी जानकारी दिए गए हैं। नई उद्योग नीति में रोजगार को शामिल किया गया है।

उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ में उद्योग की अपार संभावनाएं हैं। यहां नैसर्गिक संपदा है, आयुर्वेदिक के लिए हर्बल प्लांट के हिसाब से देखा जाए तो यहां 44 प्रतिशत वन है। उन्होंने दूरस्थ वनांचलों में भी स्वास्थ्य के क्षेत्र में कफी विकास हुआ है। प्रदेश में वर्तमान में 15 मेडिकल कॉलेज, आईआईटी, एन आई टी, आई आई एम, नेशनल ला यूनिवर्सिटी सहित उच्च शिक्षण संस्थान की स्थापना की गई है सभारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी बाजपेयी जी के योगदान से यहां एम्स की भी स्थापना हुई है। अब स्वास्थ्य के लिहाज से यहां के लोगों को प्रदेश से बाहर जाना नहीं पड़ेगा। वहीं यहां के बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए बाहर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। 18 स्थानीय बोली भाषा में पाठ्य पुस्तक बनाकर छात्रों को उपलब्ध करा रहे हैं।गायों को लावारिस ना छोड़ें, गौवंश की रक्षा करना हम सब का दायित्व गोचर भूमि में अवैध कब्जा को हटाने सख्ती से कार्यवाही मुख्यमंत्री श्री साय ने लोगों को आग्रह करते हुए कहा कि आज गाय सड़क पर विचरण कर रहीं हैं, हमें गायों को लावारिस नहीं छोड़ना चाहिए। लावारिस जानवरों के कारण दुर्घटनाएं हो रही है। गौवंश की रक्षा का दायित्व हम सभी का है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रदेश में गोचर भूमि में अवैध कब्जा को हटाने का कार्य सरकार करती है।

एक नजर

## अक्षर पटेल को गर्दन में लगी चोट



**दुबई, 20 सितंबर।** भारतीय टीम ने अभी तक सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में खेलते हुए एशिया कप 2025 में अपने विजयी अभियान को जारी रखा हुआ है। ग्रुप-ए में टीम इंडिया ने 21 सितंबर को अबू धाबी के मैदान पर ओमान की टीम का सामना किया जिसमें उन्होंने इस मैच को 21 रनों से जीता। अब सुपर-4 में भारतीय टीम अपना अगला मुकाबला खेलेगी, जिसमें उसका सामना पाकिस्तान से दुबई के मैदान पर होगा। इस मैच से पहले टीम इंडिया के लिए एक बुरी खबर आ रही है, जिसमें ओमान के खिलाफ मुकाबले में फील्डिंग करने के दौरान स्टार ऑलराउंडर खिलाड़ी अक्षर पटेल चोटिल हो गए थे, जिसमें उनके इस मैच में खेलने पर संशय की स्थिति बनी हुई है। एशिया कप 2025 में भारतीय टीम ने ओमान के खिलाफ मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर्स में 8 विकेट के नुकसान पर 188 रनों का स्कोर बनाया था, जिसके बाद ओमान की टीम की भी तरफ से अच्छी बल्लेबाजी देखने को मिली। इसी दौरान जब ओमान टारगेट का पीछा कर रही थी तो 15वें ओवर में उनके बल्लेबाज हामिद मिर्जा ने एक बड़ा शॉट खेलने का प्रयास किया जिसमें मिड-ऑफ पर फील्डिंग कर रहे अक्षर पटेल ने कैच लेने की कोशिश में दौड़ लगाई। इसी दौरान अक्षर का संतुलन थोड़ा बिगड़ गया जिसमें गेंद तो उनके हाथ में नहीं आई वहीं वह अपनी गर्दन को जरूर चोटिल कर बैठे। अक्षर को दर्द में देखते ही मैदान पर फीजियो तुरंत आ गए।

# एशिया कप का पहला सुपर-4 मुकाबला आज श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच होगी टक्कर

**दुबई, 20 सितंबर।** एशिया कप 2025 का पहला सुपर-4 मुकाबला आज श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच खेला जाएगा। दोनों टीमें ग्रुप-बी में पहले दो स्थान पर रहीं। मैच दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में रात 8:00 बजे शुरू होगा। दोनों टीमें इस एशिया कप में दूसरी बार भिड़ेंगी। ग्रुप स्टेज में श्रीलंका ने 6 विकेट से मैच जीता था।

टी-20 इंटरनेशनल में श्रीलंका और बांग्लादेश की भिड़ंत पिछले कुछ सालों में कई बार रोमांचक रही है। अब तक दोनों टीमों के बीच कुल 21 मुकाबले खेले गए, जिनमें श्रीलंका ने 13 बार जीत दर्ज की, जबकि बांग्लादेश ने 8 मैच अपने नाम किए। आंकड़ों के लिहाज से श्रीलंका का पलड़ा थोड़ा भारी दिखता है, लेकिन पिछले कुछ सालों में बांग्लादेश ने भी कड़ी चुनौती दी है और कई बार बड़े मैचों में श्रीलंका को हराकर अपनी ताकत साबित की है। दोनों टीमें एशिया कप के टी-20 फॉर्मेट में तीन बार आमने-सामने हुईं। दो बार श्रीलंका और एक बार बांग्लादेश को जीत मिली।

श्रीलंका के टॉप ऑर्डर बैटर पथुम निसांका टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। उन्होंने 3 मैचों में 124 रन बनाए हैं। इनमें दो अर्धशतक शामिल हैं। टीम में कप्तान चरिथ असलंका, ऑलराउंडर वनिंदू हसरंगा और नुवान थुषारा जैसे अनुभवी खिलाड़ी हैं। थुषारा ने




टीम के लिए सबसे ज्यादा विकेट लिए हैं।

लिटन दास बांग्लादेश की कप्तानी कर रहे हैं। वे इस टूर्नामेंट में टीम के टॉप स्कोरर भी हैं। उन्होंने हाल ही में श्रीलंका और पाकिस्तान के खिलाफ टी-20 सीरीज में बेहतरीन प्रदर्शन किया था। टीम को उनसे आज भी अच्छे परफॉर्मेंस की उम्मीद होगी। रिशाद हुसैन टीम के टॉप बॉलर हैं। उन्होंने 4 विकेट लिए हैं।

दोनों टीमों की पॉसिबल प्लेइंग-11

श्रीलंकाः चरिथ असलंका (कप्तान), पथुम निसांका, कुसल मेंडिस (विकेटकीपर), कमिल मिशारा, कुसल परेरा, कामिंडू मेंडिस, दसुन शानका, वनिंदू हसरंगा, दुष्मंथा चमीरा, महीश तीक्षणा/दुनिथ वेल्लालागे और नुवान थुषारा।

बांग्लादेश : लिटन दास (कप्तान), तंजिद हसन तमीम, मोहम्मद सैफ हसन, तौहीद हृदॉय, शमीम हुसैन, जाकिर अली, नुरुल हसन सोहन, नसुम अहमद, रिशाद हुसैन, मुस्तफिजुर रहमान और तस्कीन अहमद।

दुबई की पिच बल्लेबाजी के लिए धीमी रहती है, लेकिन रात के समय ओस आ जाने के कारण दूसरी पारी में बैटिंग करना आसान हो जाता है। ऐसे में दोनों ही टीमें टॉस जीतकर पहले बॉलिंग करना पसंद कर सकती हैं। यहां अब तक 98 टी-20 इंटरनेशनल मैच खेले गए हैं। 48 मैचों में पहले बैटिंग और 50 में चेज करने वाली टीमों ने जीत दर्ज की। श्रीलंका ने टूर्नामेंट में तीनों मैच चेज करते हुए जीते हैं, ऐसे में टीम टॉस जीतकर पहले बॉलिंग चुन सकती है।

### सूर्यकुमार यादव ने सुपर-4 से पहले कर दिया ये ऐलान

भारतीय टीम का एशिया कप 2025 में अभी तक एकतरफा प्रदर्शन देखने को मिला है, वहीं ग्रुप स्टेज खत्म होने के बाद अब टीम इंडिया अपना अगला मुकाबला सुपर-4 राउंड में खेलने मैदान पर उतरेगी, जिसमें उसका सामना एकबार फिर से पाकिस्तान की टीम से होगा। ओमान के खिलाफ ग्रुप स्टेज के आखिरी मुकाबले में टीम इंडिया ने 21 रनों से जीत हासिल की जिसके बाद मैच प्रेजेंटेशन में जब भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव से सुपर-4 में पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले अगले मुकाबले को लेकर सवाल पूछा तो उन्होंने बिना पाकिस्तानी टीम का नाम लिए कहा कि सुपर फोर के हम लिए पूरी तरह से किसी भी टीम का सामना करने के लिए तैयार हैं। ग्रुप स्टेज के मैच में सूर्यकुमार यादव ने पाकिस्तान को पूरी तरह से नजरअंदाज किया था और टॉस के दौरान उनके कप्तान सलमान अली आगा से हाथ नहीं मिलाया था।

## पाकिस्तान से बेहतर खेला ओमान

### पूरे 40 ओवर तक मैच खींचा, भारत के 8 बल्लेबाजों को आउट किया; हारा सिर्फ 21 रन से



**अबु धाबी, 20 सितंबर।** भारत और ओमान की टीमें किसी भी फॉर्मेट के क्रिकेट मैच में पहली बार आमने-सामने थीं। ऑन पेपर इस मैच में दोनों टीमों का कहीं से कोई मैच नहीं था। भारत नंबर-1, ओमान 20वें नंबर पर। टॉप बैटर, बॉलर और ऑलराउंडर भारतीय टीम में। ओमान के खिलाड़ियों का नाम तक नहीं मालूम, तो रैंकिंग कहां से पता चले। मतलब भारत की एकतरफा जीत तय थी।

हालांकि, ऐसा हुआ नहीं। ओमान भले ही 21 रन से हार गया, लेकिन उसने पूरे 40 ओवर तक भारतीय खिलाड़ियों को मैदान पर बनाए रखा। इस टूर्नामेंट में भारतीय टीम पाकिस्तान को 35 ओवर में और,श्व को 17ओवर में हरा चुकी थी। ओमान इन दोनों से कमजोर मानी जाती है, फिर भी उसने पूरे मैच में मुकाबला करने की कोशिश की। इसमें वह बहुत हद तक कामयाब भी रहा।

अभिषेक शर्मा करीब 200 के स्ट्राइक रेट से खेलते हैं। शुभमन गिल कई विस्फोटक पारियां खेल चुके हैं। ये दोनों जब साथ जब ओपनिंग के लिए आए तो यही लगा कि जब शाहीन शाह अफरीदी इनके आगे नहीं टिका तो ओमान के गेंदबाजों का क्या होगा। लेकिन 28 साल के लेफ्ट आर्म स्विंग बॉलर शाह फैसल ने बेहतरीन इन स्विंग पर शुभमन गिल को बोल्ड कर दिया। गिल महज 5 रन बना सके। 1.3 ओवर में भारत का स्कोर एक विकेट पर सिर्फ6 रन।

अभिषेक ने 15 गेंदों पर 38 रन बनाए। वे इस अंदाज में बैटिंग कर रहे थे कि आज भारत को 300 के पार पहुंचा देंगे। लेकिन, जितेन रामनंदी ने उन्हें विकेटकीपर विनायक शुक्ला के हाथों कैच करवा दिया। भारतीय टीम ने इसके बाद जब भी रन रेट को बढ़ाने की कोशिश की ओमान के गेंदबाज ब्रेथ थ्रू हासिल करने में कामयाब रहे। भारत 300 तो क्या 200 तक भी नहीं पहुंच सका।

# कैंसर जागरूकता को बढ़ावा देने टीम इंडिया की जर्सी का बदला रंग

**नई दिल्ली, 20 सितंबर।** भारतीय क्रिकेट टीम को हमने हमेशा लिमिटेड ओवर क्रिकेट में नीली जर्सी में देखा है, मगर बीसीसीआई ने ऐताहिसिक कदम उठाते हुए इंडिया वुमेंस वर्सेस ऑस्ट्रेलिया वुमेंस तीसरे वनडे में जर्सी का रंग बदलने का बड़ा फैसला किया है। यह फैसला ब्रेस्ट कैंसर जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए उठाया गया है। बीसीसीआई ने इसकी जानकारी ङ्ग पर दी। भारतीय क्रिकेट के इतिहास में यह पहला मौका है जब जर्सी का रंग पूरे तरीके से बदला गया है। 2019 वर्ल्ड कप के दौरान भारत ने ऑरेंज कल की जर्सी पहली थी, मगर उसमें आगे नीला कलर था। मगर इस बार जर्सी का कलर पूरी तरह से पिंक किया गया है। हालांकि जर्सी का रंग सिर्फ

### इंडिया वुमेंस वर्सेस ऑस्ट्रेलिया वुमेंस तीसरा वनडे



एक मैच के लिए ही बदला गया है।

बीसीसीआई ने इसका जानकारी देते हुए एक्स पर लिखा, स्तन कैंसर जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए टीम इंडिया आज तीसरे वनडे में विशेष गुलाबी रंग की जर्सी पहनेगी। भारत ही ऐसा करने वाला पहला देश नहीं है। ऑस्ट्रेलिया में हर साल, सिडनी में न्यू ईयर टेस्ट के दौरान एक प्रमुख वार्षिक स्तन कैंसर जागरूकता अभियान आयोजित किया जाता है, जिसे 'पिंक टेस्ट' के नाम से जाना जाता है। सिडनी क्रिकेट ग्राउंड (स्ष्टत्र) में आयोजित यह मैच जेन मैकग्राथ (ऑस्ट्रेलिया के महान तेज गेंदबाज ग्लेन मैकग्राथ की दिवंगत पत्नी) के सम्मान में गुलाबी रंग में रंग जाता है और मैकग्राथ फाउंडेशन के लिए धन और जागरूकता बढ़ाता है। यह आयोजन क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के घरेलू कैलेंडर का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन गया है, और मैकग्राथ फाउंडेशन के साथ इसकी साझेदारी स्तन कैंसर से प्रभावित लोगों की सहायता करती है। बात मुकाबले की करें तो, भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच यह डिसाइडर मैच खेला जा रहा है। ऑस्ट्रेलिया ने पहले वनडे में 8 विकेट से जीत दर्ज की थी। वहीं हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम इंडिया ने दूसरे वनडे में पलटवार करते हुए ऑस्ट्रेलिया को 108 रनों से धूल चटाई थी।

# चाइना मास्टर्स : सेफा में पहुंचे सात्विक और चिराग

**हांगकांग, 20 सितंबर।** भारत के बैडमिंटन स्टार सात्विकसाईराज रंकी रेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने चाइना मास्टर्स 2025 में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा है। ये जोड़ी चाइना मास्टर्स 2025 के सेमीफाइनल में पहुंच चुकी है। आठवीं वरीयता प्राप्त इस जोड़ी ने क्वार्टर फाइनल में चीन के रेन जियांग यू और झी हाओनान के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया और एक बेहतरीन जीत दर्ज की।

सात्विकसाईराज और चिराग शेट्टी ने क्वार्टर फाइनल में गैर-वरीयता प्राप्त जोड़ी का सामना किया और सीधे सेटों में उनको 21-14 और 21-14 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। गौरतलब है कि सात्विक-चिराग की जोड़ी दूसरे सेमीफाइनल में चौथे क्वार्टर फाइनल



के विजेता का सामना करेगी।

टूर्नामेंट का चौथा क्वार्टर फाइनल लियो रोली कार्नांडो, बागस मौलाना और आरोन चिया, सोह वूई यिक के बीच खेला जा रहा है। आगामी सेमीफाइनल मुकाबला सात्विक-चिराग का 2025 में सातवां सेमीफाइनल होगा। इस स्टार जोड़ी ने अपने क्वार्टर फाइनल में 37 मिनट में ही मैच को खत्म कर दिया और वे अपने आगामी मैच में एक बार फिर अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो उनके पास फाइनल में भी जगह बनाने का मौका होगा।

टूर्नामेंट में खेल रहे अन्य खिलाड़ियों की बात करें तो चाइना मास्टर्स का पहला सेमीफाइनल साउथ कोरिया के किम वोन हो और सियो सेउंग जे के बीच खेला जाएगा, जिनका मुकाबला फजर अल्फियन और मुहम्मद शोहिबुल फिक्री से होगा। साउथ कोरिया की इस जोड़ी के पास अनुभव है और ये जोड़ी अगले चरण में अपनी जगह बना सकती है।

गौरतलब है कि सात्विक-चिराग हाल ही में हांगकांग ओपन का फाइनल हारने के बाद वहां खिताब जीतने से चूक गए थे और अब वे चाइना मास्टर्स टूर्नामेंट में खिताब जीतकर इसकी भरपाई करने की कोशिश करेंगे। फाइनल में उनका सामना शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी से हो सकता है, ऐसे में वहां सात्विक-चिराग को मैच जीतने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ सकती है। अब देखना ये होगा कि भारत की ये जोड़ी सेमीफाइनल में कैसा प्रदर्शन करती है।

व्यापार

## केनरा बैंक आयोजित कर रहा 'केनरा उत्सव'

**बेंगलुरु, 20 सितंबर।** सार्वजनिक क्षेत्र के केनरा बैंक अपने कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के तहत एक नई पहल करते हुए 'केनरा उत्सव 2025' का आयोजन कर रहा है। यह तीन दिवसीय भव्य प्रदर्शनी 19 से 21 सितंबर 2025 तक रंगोली मेट्रो आर्ट सेंटर, एमजी रोड, बेंगलुरु में सुबह 11:00 बजे से रात 8:00 बजे तक आयोजित की जाएगी। इस आयोजन का उद्देश्य न केवल स्थानीय उद्यमशीलता को प्रोत्साहित करना है, बल्कि महिला सशक्तिकरण और भारतीय सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण को भी बढ़ावा देना है। केनरा उत्सव 2025 आयोजित करने के पीछे का मुख्य मकसद महिला स्व-सहायता समूहों यानी स॥त्नह्य और स्थानीय कारीगरों को एक मंच देना है। स्थानीय उत्पादों की बिक्री और प्रचार के लिए मंच प्रदान करना है। भारतीय शिल्प, कला और खानपान की विविधता का प्रदर्शन सुनिश्चत करना है।

केनरा उत्सव 2025 में ऑर्गेनिक फूड, पारंपरिक मिठाइयां, मिट्टी के बर्तन (पॉटरी), डिजाइनर दीये व मोमबत्तियां, लाइव पॉटरी डेमो, स्केचिंग गतिविधियां, ऑर्गेनिक फूड कोर्ट का स्वादिष्ट अनुभव मिलेगा। केनरा बैंक (सर्कल कार्यालय, बेंगलुरु) महेश पाई, मुख्य महाप्रबंधक, ने कहा कि केनरा उत्सव 2025 के माध्यम से हम केवल वित्तीय समावेशन तक सीमित नहीं रहना चाहते, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक समावेशन को भी बढ़ावा देना चाहते हैं।

# दाम नहीं घटाए तो दुकानदार पर एक्शन

### जीएसटी विभाग के अफसर बाजारों में औचक निरीक्षण करेंगे

**मुंबई, 20 सितंबर।** केंद्र सरकार ने 22 सितंबर से जीएसटी दरों में कटौती का ऐलान किया है। ऐसे में, दाम कम हुए या नहीं, इसकी भी सख्त निगरानी की जाएगी। सेंट्रल और स्टेट जीएसटी विभाग के फील्ड अफसर बाजार में अचानक निरीक्षण करेंगे। वे उन चीजों को खरीदेंगे, जिनके दाम घटाने की घोषणा की गई है। यदि पाया गया? कि टैक्स कटौती के हिसाब से कीमतें नहीं घटाई गईं, तो दुकानदारों को मिलने वाला टैक्स क्रेडिट ब्लॉक किया जा सकता है।

मतलब ये कि व्यापारी अपने द्वारा खरीदी गई वस्तुओं या सेवाओं पर चुकाए गए जीएसटी को अपनी बिक्री पर लगने वाले टैक्स से समायोजित नहीं कर पाएगा। यानी उसे टैक्स के रूप में ज्यादा भुगतान करना पड़ेगा।

सेंट्रल जीएसटी विभाग की ओर से भेजे गए नोटिस के अनुसार, जिनके दाम घटाए गए हैं, ऐसी 54 चीजों की एक सूची बनाई गई है। एक तरह की चीजों को सूची में एक ही जगह रखा गया है। जैसे सभी तरह के सूखे मेवे एक साथ रखे गए



हैं। इसी तरह सभी तरह की स्टेशनरी बुक्स एक ही जगह रखी गई हैं।

विचार यह है कि ये वस्तुएं एक ही जगह पर मिल जाएंगी। किचन के सारे बर्तन, प्रसाधन और घरेलू कामकाज की वस्तुएं एक ही जगह रखी गई हैं। अधिकारियों को इन 54 उत्पादों की सूची सौंपी गई है। उनसे कहा गया है कि वे सभी वस्तुओं के मौजूदा दाम बाजार जाकर पता कर लें। 22 के बाद उन्हें दूसरी टेबल में कटौती के बाद के दाम अंकित करना है। यह सूची हर शहर-कस्बे में बनेगी। जहां दाम नहीं घटे पाए गए, उन दुकानदारों के खिलाफ विभाग उचित कार्रवाई करेगा। ग्राफिक्स में देखें सरकार ने किस सामान पर कितना टैक्स कत किया है।

सेंट्रल बोर्ड ऑफ इनडायरेक्ट टैक्स एण्ड कस्टम के पूर्व चेयरमैन विवेक जौहरी ने बताया कि सरकार ने साफ कहा है कि वह कंपनियों पर भरोसा करेगी कि वे कम किए गए जीएसटी का लाभ आम आदमी तक पहुंचाएं। इसके लिए सरकार तेजी से बहुत कम समय में कंपनियों के टैक्स रिफंड कर रही है।

हालांकि सरकार अपने स्तर पर निगरानी कर रही है। उसने सीजीएसटी के सभी प्रिंसिपल चीफ कमिश्नर को 54 चीजों को सूची भेजी है। उनसे कहा गया है कि वे बाजार में रेट मॉनिटर करें। अगर दो-तीन हफ्ते में ग्राहकों की शिकायतें या खुद के स्तर पर पाया गया कि जीएसटी कट का फायदा आम आदमी को नहीं मिला तो कंपनियों के स्पेशल ऑडिट के ऑर्डर दिए जा सकते हैं।

## एचडीएफसी बैंक ने शिक्षकों को सुरक्षित डिजिटल बैंकिंग के बारे में किया शिक्षित

**मुंबई, 20 सितंबर।** भारत के अग्रणी निजी क्षेत्र के बैंक, एचडीएफसी बैंक ने सुरक्षित डिजिटल बैंकिंग प्रथाओं पर एक वर्चुअल सत्र आयोजित किया, जिसका उद्देश्य पूरे भारत के स्कूलों और कॉलेजों के 1,000 से ज़्यादा शिक्षकों को जागरूक करना था। इस सत्र के माध्यम से शिक्षकों को सुरक्षित डिजिटल बैंकिंग प्रथाओं के बारे में बहुमूल्य जानकारी प्राप्त हुई। इस पहल का उद्देश्य नागरिकों को सतर्क रहने और साइबर स्कैमर्स से खुद को बचाने में मदद करना था।इस सत्र में प्रतिभागियों को धोखेबाजों द्वारा अपनाई जाने वाली विभिन्न कार्यप्रणाली को समझने में मदद करने के लिए वास्तविक जीवन से सबंधित उदाहरण, कहानियाँ और वीडियो आदि का उपयोग किया गया। एचडीएफसी बैंक पिछले चार वर्षों से देश भर में विभिन्न स्थानों पर सुरक्षित बैंकिंग पहल के तहत साइबर धोखाधड़ी जागरूकता सत्र और कार्यशालाएँ आयोजित कर रहा है। कार्यशाला में कई प्रासंगिक विषयों पर चर्चा की गई, जिससे डिजिटल सुरक्षा की बेहतर समझ विकसित हुई।

## अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल में स्मार्टफोन्स पर ऑफर्स

**मुंबई, 20 सितम्बर।** अमेज़न इंडिया का ग्रेट इंडियन फेस्टिवल (एजीआईएफ) 2025, 23 सितम्बर से शुरू हो रहा है, जो ग्राहकों के लिए सैमसंग, एप्पल, वनप्लस, आईक्यूओओ, शाओमी, रियलमी, लावा और अन्य टॉप ब्रांड्स के स्मार्टफोन्स और एक्सेसरीज़ पर साल की सबसे कम कीमत* लेकर आ रहा है। प्राइम मेंबर्स के लिए यह सेल 24 घंटे पहले शुरू होगी। खरीदार स्मार्टफोन्स और मोबाइल एक्सेसरीज़ की विस्तृत रेंज से चुन सकेंगे, जिसमें वायरलेस ईयरबड्स, चार्जिंग सॉल्यूशन्स और प्रोटेक्टिव केस शामिल हैं। आकर्षक फाइनेंसिंग विकल्प जैसे इंस्टेंट बैंक डिस्काउंट, कूपन ऑफर्स, 24 महीने तक नो-कॉस्ट ईएमआई और एक्सचेंज ऑफर्स के साथ, प्रीमियम स्मार्टफोन्स और गैजेट्स अब पहले से कहीं अधिक सुलभ हो गए हैं।

# डोनाल्ड ट्रंप के फैसले का असर, इंफोसिस और विप्रो के एडीआर में 4 प्रतिशत तक की गिरावट

**मुंबई, 20 सितंबर।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को एक घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए जिसके तहत एच1बी वीजा शुल्क को सालाना 100,000 अमेरिकी डॉलर तक बढ़ा दिया जाएगा। इस फैसले का असर भारतीय आईटी कंपनियों पर पड़ सकता है। इंफोसिस लिमिटेड या विप्रो लिमिटेड के अन-लिस्टेड शेयर या फिर अमेरिकन डिपॉजिटरी रिसिप्ट में 4 प्रतिशत तक की गिरावट आई है। बता दें, इंफोसिस एडीआर के शेयरों की कीमतों में 4 प्रतिशत और विप्रो एडीआर के शेयरों में 2 प्रतिशत तक की गिरावट आई है। ट्रंप के इस



फैसले का असर सोमवार को भारतीय शेयर बाजार में दिखेगा। निफ्टी आईटी इंडेक्स के लिए हफ्ता अच्छा रहा है। कंपनियों के शेयरों की कीमतों में 1 प्रतिशत से 3 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। बता दें, बीएसई में इंफोसिस के शेयर शुक्रवार को 1540.30 रुपये के लेवल पर बंद हुआ था। वहीं, टीसीएस का शेयर 3169.85 रुपये के लेवल पर बंद हुआ था।

अधिक कीमतों की वजह से एच-1बी प्रोग्राम को मौजूदा स्वरूप में समाप्त कर सकता है। हालांकि, एक्सपर्ट्स का मानना है कि इस फैसले भारतीय कामगार बहुत प्रभावित नहीं कर सकते हैं। बता दें, उत्तरी अमेरिका भारतीय आईटी कंपनियों के लिए बहुत जरूरी मार्केट है।

ट्रंप ने कॉमर्स मिनिस्टर हॉवर्ड लुटनिक ने इस मौके पर कहा कि रोजगार आधारित ग्रीन कार्ड कार्यक्रम के तहत प्रति वर्ष 281,000 लोगों को प्रवेश मिलता है, तथा वे लोग औसतन प्रति वर्ष 66,000 अमेरिकी डॉलर कमाते हैं, तथा सरकारी सहायता कार्यक्रमों में शामिल होने की उनकी संभावना पांच गुना अधिक होती है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के तहत अमेरिका के खजाने के लिए 100 अरब अमेरिकी डॉलर से ज़्यादा धनराशि जुटाई जाएगी।

# अडाणी ग्रुप के मार्केट कैप में 69,000 करोड़ रुपये की जोरदार बढ़ोतरी, एक ही दिन में मालामाल हो गए निवेशक

**मुंबई, 20 सितंबर।** बाजार नियामक सेबी की तरफ से क्लीन चिट मिलने के बाद अडाणी ग्रुप की सभी कंपनियों के शेयरों में शुक्रवार को जबरदस्त तेजी देखने को मिली। इस तेजी की वजह से अडाणी ग्रुप की सभी कंपनियों के मार्केट कैप में कुल 69,000 करोड़ रुपये से भी ज्यादा की बढ़ोतरी दर्ज की गई, जिससे निवेशकों की संपत्ति एक ही दिन में जोरदार उछाल के साथ काफी ऊपर पहुंच गई। पूंजी बाजार नियामक सेबी ने अमेरिकी फर्म हिंडनबर्ग रिसर्च द्वारा लगाए गए आरोपों पर अडाणी ग्रुप और उसके चेयरमैन गौतम अडाणी को क्लीन चिट दे दी है। इस सकारात्मक घटनाक्रम का ग्रुप की सभी




कंपनियों के शेयरों पर अनुकूल असर देखने को मिला।

शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, शुक्रवार को अडाणी पावर 12.40 प्रतिशत की उछाल के साथ सबसे आगे रही। कारोबार के दौरान इसका शेयर अपने 52-वीक हाई पर पहुंच गया। अडाणी टोटल गैस में 7.35 प्रतिशत, अडाणी ग्रीन एनर्जी में 5.33 प्रतिशत और अडाणी एंटरप्राइजेज में 5.04 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई। अडाणी एनर्जी सॉल्यूशंस भी 4.70 प्रतिशत चढ़ा। इसके अलावा, सांघी इंडस्ट्रीज में 1.41 प्रतिशत, एसीसी में 1.21 प्रतिशत, अडाणी पोर्ट्स में 1.09 प्रतिशत और अंबुजा सीमेंट्स में 0.28 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। इस व्यापक तेजी का असर ये हुआ कि ग्रुप की सभी कंपनियों का कुल मार्केट कैप 13.96 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इस तरह एक ही दिन में ग्रुप का मार्केट कैप 69,000 करोड़ रुपये से भी ज्यादा बढ़ गया। ग्लोबल ब्रोकरेज फर्म मॉर्गन स्टेनली की अडाणी पावर के बारे में जारी की गई सिफारिश ने भी निवेशकों की धारणा पर अनुकूल असर डाला। घरेलू ब्रोकरेज कंपनी बजाज ब्रोकिंग रिसर्च ने कहा, ''सेबी द्वारा हिंडनबर्ग जांच में ग्रुप को क्लीन चिट देने के बाद अडाणी ग्रुप के शेयरों में तेजी आई। इससे, ग्रुप में निवेशकों का भरोसा लौटा है और ग्रुप की कंपनियों में मजबूत खरीदारी देखने को मिली।''

बंद हो चुकी निवेश फर्म हिंडनबर्ग रिसर्च ने जनवरी, 2023 में अडाणी ग्रुप पर शेयर हेराफेरी करने और संबंधित पक्षों के लेनदेन में गड़बड़ी का आरोप लगाया था। इन आरोपों के बाद अडाणी ग्रुप की कंपनियों के मार्केट कैप में करीब 150 अरब डॉलर तक की गिरावट आ गई थी।

## एक नजर

### ओडिशा से गुजरात तक अमृत भारत एक्सप्रेस जल्द होगी शुरू, रायपुर और गोंदिया से गुजरेगी

**रायपुर, 20 सितम्बर।** भारतीय रेलवे यात्रियों की बढ़ती जरूरतों को ध्यान में रखते हुए लगातार नई सुविधाएं जोड़ रही है। इसी क्रम में ब्रह्मपुर (ओडिशा) से उधना (सूरत, गुजरात) के बीच जल्द ही अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन की शुरुआत होने जा रही है। इस नई ट्रेन सेवा की घोषणा कर दी गई है और इसे जल्द ही शुरू किया जाएगा। हालांकि यह ट्रेन बिलासपुर नहीं पहुंचेगी, लेकिन दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ज़ोन के प्रमुख स्टेशन रायपुर और गोंदिया से होकर गुजरेगी, जिससे छत्तीसगढ़ के यात्रियों को भी इसका लाभ मिलेगा। ब्रह्मपुर से उधना तक यह ट्रेन लंबी दूरी की तेज और सीधी रेल कनेक्टिविटी उपलब्ध कराएगी। यह ट्रेन ओडिशा, आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और गुजरात जैसे राज्यों के महत्वपूर्ण जिलों को जोड़ेगी। यात्रा के समय में कमी आने के साथ-साथ यात्रियों को आरामदायक और तेज सेवा का अनुभव मिलेगा। आधुनिक कोचों से सुसज्जित इस ट्रेन में बेहतर सीटिंग व्यवस्था और ऑनबोर्ड सुविधाएं मिलेंगी। यह ट्रेन खनिज, वस्त्र, औद्योगिक और व्यापारिक क्षेत्रों के बीच संपर्क बढ़ाकर आर्थिक विकास को भी बढ़ावा देगी। इस अमृत भारत एक्सप्रेस के संचालन से रेलवे नेटवर्क में एक नई कड़ी जुड़ जाएगी और पूर्वी भारत से पश्चिम भारत तक की यात्रा और भी सरल व सुविधाजनक हो जाएगी।

### रविशंकर विवि के आजाद हास्टल की छत का प्लास्टर गिरा, बड़ी अनहोनी टली

**रायपुर, 20 सितबंर।** रविशंकर विवि परिसर में स्थित आजाद हास्टल के छत का प्लास्टर गिर गया जिससे बड़ी अनहोनी घटना टल गई है। रविशंकर



विवि कैंपस के अंदर आजाद हास्टल एक बहुत पुराना हास्टल है जहां पर पीजी के छात्र रहते हैं। इन छात्रों ने जर्जर भवन की शिकायत कई बार की थी। यहां पर लंबे अर्से से पानी गिर रहा है जिसके कारण छत में पानी का जमाव हो रहा था। कल बीती रात बाथरूम तथा अन्य कमरों का छत का प्लास्टर गिर गया। इसकी सूचना मिलते ही रजिस्टार और कुलपति सच्चिदानंद शुक्ला घटनास्थल पर जानकारी लेने के लिए पहुंचे। छात्रावास तत्काल प्रभाव से खाली कराया जाएगा। छात्रों को नवीन हास्टल में स्थानांतरित किया जाएगा। रविशंकर विवि के परिसर में इस समय सभी हास्टल जर्जर हालत में है इनके मरम्मत एवं सुधार के निर्देश दिये गये है लेकिन इस संबंध में रविवि प्रशासन द्वारा कोई भी कार्रवाई नहीं की गई है जिसको लेकर छात्रों में रोष है। इस हास्टल में पूर्व छात्र के रूप में वर्तमान गृहमंत्री सहित अन्य लोग अध्ययन कर चुके है। जिसके कारण यह हास्टल काफी पापुलर है।

### जनसंपर्क विभाग की सहायक संचालक रीनू ठाकुर का निधन

**रायपुर , 20 सितबंर।** मुख्यमंत्री साय ने जनसंपर्क विभाग की सहायक संचालक रीनू ठाकुर के निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि रीनू ठाकुर अपनी कर्त्तव्यपरायणता, सरल एवं सौम्य व्यक्तित्व तथा मधुर व्यवहार के कारण विभागीय परिवार में विशिष्ट स्थान रखने वाली अधिकारी रहीं। उन्होंने विभागीय दायित्वों का निर्वहन सदैव पूर्ण समर्पण और निष्ठा के साथ किया और अपने कार्य के प्रति उनकी प्रतिबद्धता अनुकरणीय रही है। मुख्यमंत्री श्री साय ने ईश्वर से प्रार्थना की है कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करते हुए शोकाकुल परिवार को इस असहनीय दु:ख को सहन करने की शक्ति दे।

### हड़ताल खत्म कर ड्यूटी पर लौटेंगे एनएचएम कर्मचारी : स्वास्थ्य मंत्री

**रायपुर,20 सितबंर।** प्रदेशभर में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के कर्मचारियों की चल रही हड़ताल को लेकर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने बताया कि सरकार और हड़ताली कर्मचारियों के बीच बातचीत सफल रही है और सहमति बन गई है कि अब कर्मचारी हड़ताल खत्म करेंगे और ड्यूटी पर लौटेंगे। मंत्री जायसवाल ने स्पष्ट किया कि एनएचएम कर्मचारी सरकार का अभिन्न हिस्सा हैं और उनकी अधिकांश मांगें मान ली गई हैं। सरकार ने 4 प्रमुख मांगों को मंजूरी दे दी है, जबकि 3 अन्य मांगों पर समिति बनाकर आगे की कार्यवाही की जा रही है। इसके अलावा तीन मांगों को उच्च स्तरीय समिति के पास विचार के लिए भेजा गया है। उन्होंने यह भी कहा कि जिन कर्मचारियों को एक माह का नोटिस दिया गया था, यदि वे काम पर लौटते हैं तो उनका नोटिस रद्द कर दिया जाएगा। वहीं, बर्खास्त कर्मचारियों की बहाली पर भी सकारात्मक विचार हो रहा है। स्वास्थ्य मंत्री ने चिंता जाहिर की कि 18 अगस्त से चल रही हड़ताल की वजह से प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाएं काफी प्रभावित हुई हैं।

# शारदीय नवरात्र की धूम 22 से, शक्ति की भक्ति में डूबेगी राजधानी

## प्रमुख चौक चौराहों पर विराजेंगी माता की मनमोहक प्रतिमाएं

## महामाया मंदिर में 11 हजार से अधिक ज्योति कलश होंगी स्थापित

**रायपुर, 20 सितबंर।** राजधानी सहित प्रदेश में शक्ति की भक्ति 22 से की जाएगी। राजधानी के प्रख्यात महामाया देवी मंदिर सार्वजनिक न्यास ने करीब 11 हजार तथा रतनपुर महामाया मंदिर में करीब 15 हजार तथा डोंगरगढ़ में हजारों की संख्या में दीप प्रज्जवलित करने के लिए भक्तों में होड़ मची हुई है। राजधानी के प्रमुख चौक चौराहों तथा अन्य स्थानों में भी माता की प्रतिमा लाई जा रही है। यहां पर आकर्षक मंच बनाये जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार महामाया देवी मंदिर सार्वजनिक न्यास द्वारा महामाया मंदिर की आकर्षक साज सज्जा की जा रही है। मंदिर के न्यास द्वारा मिली जानकारी के अनुसार प्रतिपदा ज्योति कलश की स्थापना मध्याह्न 11.30 बजे से लेकर 12.24 के मध्य की जाएगी। आश्विन शुक्ल मंगलवार 23 सितंबर को द्वितीया तथा 24 को तृतीया तथा 27 सितंबर को पंचमी का आयोजन होगा । इस अवसर पर भक्तों की भीड़ को देखते हुए विशेष पूजा पाठ की जाएगी। ट्रस्ट के अनुसार अभी तक छह हजार ज्योतियों का पंजीकरण किया गया है हमारा लक्ष्य 11 हजार तक का है।




### पंचमी में होगी विशेष पूजा पाठ

राजधानी में महामाया मंदिर सहित अनेक देवी के मंदिरों में विशेष पूजा पाठ की जाएगी। रविवार को षष्ठी तथा 29 को सप्तमी एवं महानिषा पूजन होगा। 30 सितंबर को अष्टमी हवन तथा पूर्णाहुति का हवन 3 बजे से शुरू होकर देर रात्रि चलेगा पूर्णाहुति 6.15 को होगी। ज्योति विसर्जन रात्रि में तथा एक अक्टूबर को कन्या भोजन तथा राजभोग भंडारा का आयोजन किया जाएगा। राजधानी के अनेक स्थलों में माता दुर्गा की प्रतिमा बैठाई जाएगी। आमापारा के शीतला मंदिर सहित अन्य मंदिरों में जसगीत की धूम रहेगी।

### दतिया पीतांबरा पीठ मैहर जाने वालों का तांता

राजधानी में इस समय भक्त बिलासपुर जिले में स्थित रतनपुर एवं राजनांदगांव में डोंगरगढ़ दर्शन करने जाते है। यहां पर देवी का दर्शन कर लाभ अर्जित करते है। राजधानी के कई भक्त अब दतिया जिले में स्थित सिद्धपीठ पीतांबरा शक्तिपीठ में भी जाएंगे। इसके लिए बड़ी संख्या में रिजर्वेशन कराया गया है। नौतनवा, महानदी, सारनाथ तथा अन्य ट्रेनों से मैहर शारदा माता के दर्शन करने वालों के भक्त भी कल से रवाना होंगे। चुनरी यात्रा निकलेगी चौबे कालोनी मंदिर से चिंताहरण हनुमान मंदिर से 27 सितंबर से एक चुनरी यात्रा निकाली जाएगी। जिसमें बड़ी संख्या में महिला पुरुष शामिल होंगे। राजधानी के अनेक स्थानों में यह यात्रा निकाली जाएगी। तुलसी पाटन में भी प्रति वर्ष के अनुसार इस वर्ष भी ज्योत जलाई जाएगी।

## छत्तीसगढ़ में 100 करोड़ की जीएसटी चोरी, मास्टरमाइंड फरार

# 26 फर्म से 822 करोड़ के बिल जनरेट, कारोबार 106 करोड़ दिखाया, 1.64 करोड़ कैश, गोल्ड बिस्किट जब्त

**रायपुर, 20 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ जीएसटी विभाग ने 100 करोड़ की जीएसटी चोरी का भंडाफोड़ किया है।



जांच में सामने आया कि 5 राज्यों में 170 से ज्यादा बोगस फर्म बनाकर फर्जीवाड़ा किया गया। मास्टरमाइंड के घर से 1.64 करोड़ रुपए कैश और 400 ग्राम सोने के 4 बिस्किट मिले हैं।

इस मामले का मास्टरमाइंड मोहम्मद फरहान सोरठिया है। फरहान खुद को तस्ज्ञ सलाहकार बताकर लंबे समय से कारोबार चला रहा था। फिलहाल, आरोपी फरहान फरार है। उसके नेटवर्क से जुड़े कई दस्तावेज जब्त किए गए हैं। आरोपी ने पंजाब, असम, मणिपुर और ओडिशा में भी फर्जीवाड़ा किया है।

### 822 करोड़ रुपए के ई-वे बिल जनरेट किए गए

जांच के मुताबिक सिर्फ26 फर्मों से ही 822 करोड़ रुपए के ई-वे बिल जनरेट किए गए, जबकि रिटर्न में महज 106 करोड़ का टर्नओवर दिखाया गया। शुरुआती जांच के मुताबिक केवल इन फर्मों से ही राज्य को 100 करोड़ रुपए से ज्यादा के जीएसटी का नुकसान हुआ है। दस्तावेजों से यह भी खुलासा हुआ कि फर्जी पंजीयन न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि पंजाब, असम, मणिपुर और ओडिशा तक किए गए थे। इन फर्मों के माध्यम से बोगस सप्लाई बिल और ई-वे बिल जारी किए जा रहे थे।

जांच एजेंसी को सूचना मिली थी कि, फरहान ने कुछ अहम दस्तावेज अपने चाचा मोहम्मद अब्दुल लतीफ सोरठिया के घर छुपाए हैं। इस पर 17 सितंबर को वहां तलाशी ली गई। अधिकारियों को 1.64 करोड़ रुपए कैश और 400 ग्राम सोने के 4 बिस्किट बरामद हुए, जिन्हें जब्त कर आयकर विभाग को सूचना दी गई है।



### जानिए क्या है पूरा मामला

राज्य जीएसटी की बीआईयू टीम ने एक महीने से मामले की निगरानी रख रही थी। फरहान के दफ्तर पर 12 सितंबर को छापा मारा गया। यहां से 172 फर्मों का पंजीयन और बोगस बिलिंग के दस्तावेज मिले। फरहान ने अपने 5 स्टाफको फर्जी पंजीयन, ई-वे बिल और जीएसटी रिटर्न दाखिल करने का जिम्मा दे रखा था। जांच में यह भी पाया गया कि फर्मों के नाम पर किरायानामा, सहमति पत्र और एफिडेविट जैसे कागजात फर्जी तरीके से तैयार किए गए थे।



### ब्रोकर, स्क्रैप डीलर और कंपनियां जांच के दायरे में

राज्य जीएसटी विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस घोटाले में कई ब्रोकर, स्क्रैप डीलर और इनपुट टैक्स क्रेडिट का लाभ उठाने वाली कंपनियां भी जांच के दायरे में हैं। विभाग फिलहाल बोगस लेन-देन और फर्जी बिलिंग से हुए जीएसटी फ्रॉड की पूरी गणना कर रहा है। अधिकारियों का कहना है कि आगे की कानूनी कार्रवाई तेजी से की जाएगी। इसमें शामिल सभी लोगों पर शिकंजा कसा जाएगा।

# रायपुर के सेंट्रल जेल से एनडीपीएस का कैदी फरार

- सूचना देने वालों को मिलेगा इनाम, 15 साल की सजा काट रहा था, प्रहरी को चकमा देकर भागा

**रायपुर, 20 सितम्बर।** रायपुर सेंट्रल जेल से एक कैदी फरार हो गया। फरार कैदी एनडीपीएस एक्ट के तहत 15-15 साल की सजा काट रहा था।



फिलहाल पुलिस और जेल की टीम दोनों ही कैदी की तलाश में लगी हुई है। इस मामले में रायपुर एसएसपी कैदी को गिरफ्तार करवाने या उसकी सूचना बताने वाले व्यक्ति को 5 हजार इनाम देने की घोषणा की है। जानकारी के मुताबिक, 21 अगस्त को जेल के पुराने हेडक्वार्टर में मरम्मत कार्य के लिए 5 कैदियों को प्रहरी मनीष राजवाड़े की निगरानी में भेजा गया था। दोपहर करीब 1:30 से 2 बजे के बीच कैदी प्रहरी को चकमा देकर पीछे के रास्ते से फरार हो गया। फरार कैदी चंद्रवीर उर्फपिंटू (32 साल) यूपी के मथुरा का रहने वाला है। रायपुर एसएसपी कैदी को गिरफ्तार करवाने या उसकी सूचना बताने वाले व्यक्ति को 5000 इनाम देने की घोषणा की है। रायपुर एसएसपी कैदी को गिरफ्तार करवाने या उसकी सूचना बताने वाले व्यक्ति को 5000 इनाम देने की घोषणा की है। बंदी को विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट रायपुर, पंकज कुमार सिन्हा की अदालत ने 25 जुलाई 2024 को दोषी करार दिया था। कैदी पर ड्रग्स तस्करी का केस दर्ज था। कोर्ट ने उसे एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(बी)(ii)(C) और 29 के तहत 15-15 साल की सश्रम कैद और तीन लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई थी।




### एफआई दर्ज, सर्च ऑपरेशन जारी

घटना के बाद जेल अधीक्षक ने गंज थाना में एफआईआर दर्ज करवाई है। फरार बंदी की तलाश के लिए पुलिस ने सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है। वहीं इस घटना की सूचना जेल मुख्यालय, रायपुर कलेक्टर, एसएसपी रायपुर और यूपी के मथुरा पुलिस को भी भेजी गई थी।

# स्कूटी सवार युवती का आइफोन लूटा, मामला दर्ज




**रायपुर, 20 सितम्बर।** राजधानी रायपुर में स्कूटी सवार एक युवती से आईफोन की लूट हो गई है। युवती अपने दोस्त के साथ घर जा रही थी। इस दौरान पीछे से बाइक में सवार होकर दो लड़के आए। उन्होंने मोबाइल को झपट्टा मार कर छीन लिया। फिर कुछ ही सेकेंड में मौके से फरार हो गए। मामला डीडी नगर थाना क्षेत्र का है। मोहित कुमार ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। जिसमें बताया कि वह डांस और योगा क्लास चलाता है। 18 और 19 सितंबर की दरमियानी रात 1 बजे वह अपनी दोस्त आकांक्षा को घर छोड़ने जा रहा था। इस दौरान कुम्हार पारा रायपुरा के पास पहुंचे थे। तभी पीछे से बाइक में दो लड़के आए। उनकी स्कूटी में पीछे बैठी युवती के आईफोन 16 पर नजर पड़ी। लड़कों ने फोन पर झपट्टा मारकर छीन लिया।

- 2 लड़के पीछे से बाइक पर पहुंचे, दोस्त के साथ जा रही थी घर, तलाश जारी

**पुलिस तलाश में जुटी:** फोन छीन कर लड़के मौके से फरार हो गए। इस घटना के बाद मोहित ने डीडी नगर थाने में शिकायत दर्ज करवाई। इस मामले में पुलिस ने अज्ञात लुटेरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरों की मदद से जांच में जुटी है।

## नक्सलियों की शांति पत्र में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने रखी शर्त

# जनता की हत्या बंद करें, जंगलों से आईईडी हटाए, तभी चर्चा संभव

**रायपुर, 20 सितम्बर।** नक्सलियों की शांति वार्ता से जुड़े पत्र को लेकर छत्तीसगढ़ के डिप्टी सीएम और गृह मंत्री विजय शर्मा ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि, नक्सलियों को सबसे पहले आम जनता की हत्या बंद करनी होगी। जंगलों में लगाए गए आईईडी को हटाकर उसकी सूचना सार्वजनिक करनी होगी। इन दोनों शर्तों को नक्सली मानेंगे, तभी किसी स्तर पर चर्चा की संभावना बन सकती है। इसे सरकार की ठोस शर्त बताते हुए उन्होंने कहा कि, जनता की जान से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



**दो पत्र जारी हुए नक्सलियों की तरफसे:** गृहमंत्री ने बताया कि, नक्सलियों का पहला पत्र सामने आया है, वो पोलित ब्यूरो मेंबर का है, जबकि दूसरा पत्र एक जूनियर कैडर का है, जो तेलंगाना से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि इन पत्रों में उठाए गए मुद्दे भ्रामक हैं। राज्य सरकार को गुमराह करने की कोशिश की जा रही है। अगर नक्सलियों की नीयत साफ है, तो उन्हें सबसे पहले अपने कदमों से इसे साबित करना होगा। हिंसा और धमकी के रास्ते पर रहते हुए बातचीत का कोई औचित्य नहीं है।

**कांग्रेस पर साधा निशाना :** नक्सलियों के पत्र में उठाए सवालों के जवाब में विजय शर्मा ने कांग्रेस सरकार पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार के समय प्रशासन को दबाव में काम करना पड़ा। कई ईमानदार अधिकारी भी उस दौर में फंसाए गए। यही वजह है कि आज जांच में रोज-रोज नए खुलासे हो रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि शराब कारोबार में बाहरी लोगों को संरक्षण मिला और उससे होने वाला पैसा कांग्रेस भवन तक पहुंचता था। इसी दबाव की राजनीति ने व्यवस्था को चरमराया।

**लगातार ऑपरेशन चल रहे :** डिप्टी सीएम ने कहा कि, सरकार नक्सलवाद के खिलाफ निर्णायक मोर्चा खोल चुकी है। सुरक्षा बल लगातार ऑपरेशन चला रहे हैं। विकास को हर गांव तक पहुंचाने की रणनीति पर काम हो रहा है। उन्होंने नक्सलियों से अपील की कि वे हिंसा छोड़कर समाज की मुख्यधारा में लौटें। शांति की बात करनी है तो पहले बंदूकें नीचे रखनी होंगी। आम जनता की हत्या और द्रश्वष्ठ की डर की राजनीति बंद होनी चाहिए। इसके बाद ही सरकार संवाद पर विचार कर सकती है।

### चिट्ठी को लेकर सरकार ने अभी तक कुछ स्पष्ट नहीं किया : दीपक बैज



कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि, चिट्ठी को लेकर सरकार ने अभी तक कुछ स्पष्ट नहीं किया है। सरकार स्पष्ट करे चिट्ठी में कितनी सत्यता है। सरकार तय करें कि नक्सली सरेंडर करें या ना करे। नक्सल संगठन को कमजोर आंकना सरकार का ओवर कांफिडेंस है। यहीं कमजोर आंकने के वजह से पिछले दिनों एडिशनल एसपी शहीद हो गए। 9 अतिथि शिक्षकों को नक्सलियों ने मार दिया। आज भी बस्तर में ग्रामीणों को नक्सली मार रहे हैं।

# बुजुर्ग महिला से 42 लाख की ठगी

**रायपुर, 20 सितम्बर।** बुजुर्ग महिला को गिरफ्तारी का भय दिखाकर 42 लाख की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थिया की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया पुष्पा अग्रवाल 72 वर्ष तिरूपति अपार्टमेंट टैगोरनगर की रहने वाली है। प्रार्थिया ने कोतवाली थाना में शिकायत किया कि उसके पास अज्ञात मोबाइल नंबर क्रमांक 92781-52259 से कॉल आया। उक्त व्यक्ति ने खुद को सीबीआई का अधिकारी बताकर प्रार्थिया को अपने जाल में फंसाया और अरेस्ट वारंट जारी हुआ है कहते हुए प्रार्थिया को बातों में फंसाकर अपने खाते में 42 लाख रुपए जमा करवा लिया। प्रार्थिया की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### खरसिया-नया रायपुर-परमलकसा रेलवे प्रोजेक्ट, 34 गांवों की चिन्हित जमीन पर रोक, पुराने आदेश में हुआ संशोधन

**रायपुर, 20 सितम्बर।** खरसिया से नया रायपुर होते हुए परमलकसा तक प्रस्तावित 278 किलोमीटर लंबी 5वीं और 6वीं रेलवे लाइन के निर्माण को लेकर ज़मीन अधिग्रहण की प्रक्रिया में बड़ा अपडेट सामने आया है। इस परियोजना के तहत पहले जिले के 34 गांवों की जमीन पर निर्माण, हस्तांतरण सहित अन्य गतिविधियों पर रोक लगाई गई थी। अब इस पुराने आदेश में संशोधन करते हुए कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने नया आदेश जारी किया है। नए आदेश के अनुसार, अब केवल चिन्हित खसरा नंबरों के चारों ओर 150 मीटर की परिधि में आने वाले भू-भागों पर क्रय-विक्रय, नामांतरण, डायवर्सन, निर्माण कार्य, बंटवारा और किसी भी लाभकारी गतिविधि पर रोक लगाई गई है। हालांकि, इन ग्रामों में शामिल अन्य खसरों पर पूर्व में लगाई गई रोक हटा दी गई है। यह रोक आदेश अभनपुर, गोबरा नवापारा, खरोरा और मंदिर हसौद तहसीलों के तहत आने वाले 34 गांवों पर लागू होगा।

## नवरात्र | दो मेमू-ट्रेनों का गोंदिया तक विस्तार, 1 स्पेशल मेमू भी चलेगी

# डोंगरगढ़ स्टेशन पर नौ दिन रुकेंगी 10 एक्सप्रेस ट्रेनें

**रायपुर, 20 सितम्बर।** नवरात्र पर्व पर रेलवे ने भक्तों के लिए राहत की खबर दी है। इस दौरान 22 सितंबर से 1 अक्टूबर तक 10 एक्सप्रेस ट्रेनों को डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन में 9 दिन के लिए स्टापेज दिया गया है। इसके लिए रेलवे प्रशासन ने समय सारिणी जारी की है। साथ ही नवरात्र में यात्रियों की सुविधा के लिए एक स्पेशल मेमू ट्रेन भी चलाई जाएगी और 2 मेमू ट्रेनों का विस्तार किया गया है।




दरअसल, रेलवे प्रशासन हर साल नवरात्रि पर आधा दर्जन से अधिक एक्सप्रेस ट्रेनों को डोंगरगढ़ में स्टापेज की सुविधा देता रहा है। इस बार भी पांच जोड़ी ट्रेनें यानी 10 एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव 22 सितंबर से 1 अक्टूबर तक सुनिश्चित किया गया है। इन ट्रेनों में बिलासपुर-भगत की कोठी-बिलासपुर, बिलासपुर-बीकानेर-बिलासपुर, बिलासपुर-चेन्नई-बिलासपुर, बिलासपुर-पुणे-बिलासपुर और रायपुर-सिकंदराबाद-रायपुर एक्सप्रेस का स्टापेज 2 मिनट के लिए दिया जाएगा।

### गोंदिया-दुर्ग मेमू का फेरा रायपुर तक बढ़ाया

गोंदिया-दुर्ग मेमू को 9 दिन के लिए रायपुर तक बढ़ाया गया है। यह ट्रेन गोंदिया से दुर्ग तक पहुंचने के बाद भिलाई नगर, भिलाई पावर हाउस, भिलाई, देव बलौदा चरौदा, डी-केबिन, कुम्हारी, सरोना होते हुए रायपुर पहुंचेगी। वापसी में भी यही मार्ग तय करते हुए गोंदिया लौटेगी।

### दुर्ग और डोंगरगढ़ के बीच मेमू स्पेशल

इसके अतिरिक्त दुर्ग और डोंगरगढ़ के मध्य 9 दिन के लिए एक मेमू स्पेशल ट्रेन भी चलाई जाएगी। यह ट्रेन दुर्ग से रसमरा, मुरहीपार, परमलकसा, राजनांदगांव, बकल, मुसरा, जटकन्हार होते हुए डोंगरगढ़ पहुंचेगी।



### गोंदिया तक जाएगी रायपुर-डोंगरगढ़ मेमू

इसी तरह रायपुर-डोंगरगढ़ मेमू को 9 दिन के लिए गोंदिया तक बढ़ाया गया है। यह ट्रेन डोंगरगढ़ से चलकर गुदमा, आमगांव, धानौली, सालेकसा, दरेकसा, बोरतलाव, पनिया-जोब होते हुए गोंदिया पहुंचेगी। वापसी में गोंदिया से डोंगरगढ़ होते हुए रायपुर तक जाएगी।

# हिंदी पखवाड़ा पर महिला कालेज में व्याख्यान का आयोजन

**रायपुर, 20 सितम्बर।** शासकीय दूधाधारी बजरंग महिला स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, रायपुर, के हिंदी विभाग द्वारा हिंदी पखवाड़ा अंतर्गत व्याख्यान का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं जानी-मानी साहित्यकार डॉ. सत्यभामा आडिल ने कहा कि हिंदी भाषा के स्थान को लेकर दुखी हुई। शासकीय शक्ति को दोष अवश्य दूंगी। हिंदी को केवल साहित्य ना माने, एवं त्रिभाषा व्यवस्था की बात कही।उन्होंने कहा हम केवल एक दिन हिन्दी दिवस ना मनाए बल्कि हिंदी भाषा को राष्ट्रभाषा बनाने में अपना योगदान दे।भाषा जोड़ती है तोड़ती नहीं। हिंदी को प्राथमिकता अवश्य दें। भाषा नदी की तरह है। तीर्थों की भाषा हिन्दी है। क्षेत्रीय भाषा के साथ हिंदी भाषा का स्थान अवश्य हो। क्षेत्रीय भाषा का ज्ञान भी उतना ही आवश्यक है जितना राजभाषा का।



मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भाषाविद डॉ चित्तरंजन कर ने अपने व्याख्यान में भाषा के दर्द को बयां किया।सभी भाषाओं का सम्मान आवश्यक है, हमेशा हम सही नहीं होते और होना भी नहीं चाहिए, जब आप गलती करेंगे तभी सिखेगे। संघर्ष जीवन में आवश्यक है तभी हम लक्ष्य प्राप्त करते हैं। हम भाषा के आभारी हैं। भाषा हमें बोलती है कविता हमें रचती हैं।भाषा ने मनुष्य को गढ़ा है। हिंदी भी संस्कृति है फिर भाषा हैं। साहित्य संस्कार है और भाषा संस्कृति। उन्होंने गीत से गाँव तक की यात्रा अपने गीत के माध्यम से कराई-

*जब से छुटा गांव-गांव को भुला कभी नहीं ।*
*वो पीपल की छांव, छांव को भुला कभी नहीं।।*

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. किरण गजपाल के मार्गदर्शन में यह आयोजन हुआ उन्होंने हिंदी दिवस की सभी को हार्दिक शुभकामनाएं दी। डॉ जया तिवारी, विभागाध्यक्ष अंग्रेजी ने संबोधित करते हुए कहा कि जब भी आप भाषण दे वक्तव्य दे तो एक ही भाषा का प्रयोग करें और वह भी शुद्धता के साथ।

स्वत्वाधिकारी कौशल किशोर मिश्र, प्रकाशक-मुद्रक उत्तम कुमार अलकरे की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस, प्रेस टॉवर, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित * संपादक-संजय कुमार दुबे, * प्रबंध संपादक- आशीष कुमार तिवारी, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26